राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र


# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ शिवांगी वर्मा ने बताया, बैडएस ...



महाकुंभ हादसे से सरकार को लेना चाहिए... ◀ 12

गाजियाबाद, बुधवार 12 फरवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 342, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### बिहार के पूर्वी चंपारण में दवा खाने से दो दर्जन से अधिक छात्र बीमार

**पटना (आरएनएस)।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के एक सरकारी स्कूल में सोमवार को एल्बेंडाजोल की गोली खाने के बाद दो दर्जन से अधिक छात्र बीमार हो गए। यह घटना मधुबन प्रखंड के कोइलहारा गांव स्थित 'उत्क्रमित मध्य विद्यालयइ में हुई। घटना के बाद छात्रों की तबीयत बिगड़ने से उनके अभिभावक घबरा गए और उन्होंने स्कूल में हंगामा किया। गुस्साए अभिभावकों ने कुछ समय के लिए स्कूल के सभी शिक्षकों को बंधक बना लिया। स्थिति को संभालने के लिए एक मेडिकल टीम तुरंत स्कूल पहुंची और बीमार छात्रों



को इलाज के लिए मधुबन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। इलाज के बाद सभी छात्रों की हालत में सुधार हुआ। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग पूरे जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चला रहा है, जिसमें सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को एल्बेंडाजोल और डीसी फोर्ट की दवा दी जा रही है। सोमवार को दवा लेने के बाद कई बच्चों ने उल्टी और पेट दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा।

### उत्तर प्रदेश में संत रविदास जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित,आदेश जारी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने मकर संक्रांति के बाद अब संत रविदास जयंती 12 फरवरी बुधवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। पहले मकर संक्रांति की तरह ही संत रविदास जयंती भी निर्बंधित अवकाश में शामिल थी। मंगलवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने इसे निर्बंधित अवकाश (स्वैच्छिक) के स्थान पर निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है।

अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार ने बुधवार को इसके आदेश जारी कर दिए हैं। संत रविदास जयंती के दिन ही महाकुंभ में माघी पूर्णिमा का पांचवां प्रमुख स्नान भी है। सार्वजनिक अवकाश घोषित होने से अब सभी सरकारी कार्यालय, स्कूल, बैंक व कोषागार बंद रहेंगे।

### घर से निकले महाकुंभ नहाने, जाम में घंटों फंसे,परेशान यात्रियों ने सुनाई दास्तां

**प्रयागराज ।** महाकुंभ में संगम स्नान के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है, लेकिन हाईवे पर यातायात की स्थिति बेहद खराब है। लोगों को कुछ ही दूरी तय करने में दस-दस घंटे लग रहे हैं। लाखों वाहन रोजाना जाम में फंस रहे हैं। प्रशासन जाम की समस्या से निपटने में पूरी तरह से विफल रहा है, हालांकि सोमवार को शहर में स्थिति कुछ सामान्य




रही। बताया जा रहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मुद्दे पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है। महाकुंभ में देश के कोने-कोने से लोग अपनी निजी गाड़ियों, रोडवेज की बसों, और प्राइवेट बसों से परिवार और गांव के अन्य लोगों के साथ पहुंच रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक लोग संगम में स्नान कर रहे हैं, जिनमें से लगभग 60 प्रतिशत लोग निजी साधनों से मेले में आ रहे हैं। हाईवे पर लगातार जाम के कारण लोग कई दिनों से परेशान हैं। जाम का मुख्य कारण बैरिकेडिंग लगाकर जगह-जगह वाहनों को रोका जाना बताया जा रहा है। एक कार सवार ने अपना अनुभव बताते हुए कहा, ट्रैफिक की स्थिति बहुत खराब है। मेरे यहां से प्रयागराज पहुंचने में सामान्यतः 2 से 3 घंटे का समय लगता है। लेकिन, अब मैं पिछले 10 घंटे से ट्रैफिक में फंसा हुआ हूं। पुलिस ने रूट डायवर्ट कर दिया है, जिससे घूमकर जाना पड़ रहा है, इससे और ज्यादा परेशानी हो रही है। हम सब बहुत परेशान हैं। अयोध्या से प्रयागराज जा रहे एक अन्य कार चालक ने बताया, हम पूरी रात से चल रहे हैं और मात्र 40 किलोमीटर चल पाए हैं। इतनी ज्यादा भीड़ है कि गाड़ी से तो छोड़िये, पैदल चलना भी बहुत मुश्किल हो गया है। शाम 7 बजे से मैं चला हूं, तब से ही जाम में फंसा हुआ हूं। पहुंचना बहुत ही मुश्किल लग रहा है। सारे लोग परेशान हो गए हैं।

## सीएम योगी की दो टूक, 'जो हमेशा वीआईपी कल्चर में रहे हैं,वो कुंभ को लेकर नकारात्मकता फैला रहे

**लखनऊ (आरएनएस)।** महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान सामने आया है। महाकुंभ से

> **पिछले 29 दिनों में महाकुंभ में 45 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है, जबकि कुछ लोग झूठी खबरें फैला रहे हैं**

जुड़े कुछ नकारात्मक विचारों और सवालों पर तीखा विरोध करते हुए सीएम योगी ने कहा कि ये वे ही लोग हैं जो हमेशा वीआईपी कल्चर में रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 29 दिनों में महाकुंभ में 45 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है, जबकि कुछ लोग झूठी खबरें फैला रहे हैं और सनातन धर्म के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। इससे पहले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव पर निशाना लगाते हुए उन्हें संकीर्ण सोच का आरोप लगाया। मौर्य ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, श्री अखिलेश यादव जी, महाकुंभ को लेकर अनर्गल प्रलाप बंद कीजिए! संपूर्ण देश से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं। सरकार और भाजपा कार्यकर्ता सेवा ही



संगठन के संकल्प के साथ दिन-रात श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हैं। आपकी राजनीति आस्था और व्यवस्थाओं को नीचा दिखाने तक ही सीमित रह गई है। महाकुंभ भारतीय संस्कृति का गौरव है, और इस पर सवाल उठाकर आप अपनी संकीर्ण सोच ही दर्शा रहे हैं! देश और दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का आगमन महाकुंभ में जारी है। देशभर के कई फिल्मी सितारे और बड़े राजनेता इस संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक मेले की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। सोमवार को शाम 6 बजे तक 1.10 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं, जबकि कुल स्नानार्थियों की संख्या 40 करोड़ के पार जा चुकी है।



**पेरिस :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में एआई एक्शन समिट में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से हाथ मिलाया।

## हरियाणा बीजेपी चीफ ने मंत्री अनिल विज को भेजा नोटिस

**अंबाला (आरएनएस)।** हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष मोहनलाल बडोली की तरफ से हरियाणा सरकार के मंत्री अनिल विज को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार विज पर पार्टी अनुशासन तोड़ने और विचारधारा के खिलाफ काम करने का आरोप लगा है। इसके साथ ही स्टेट बीजेपी चीफ ने विज को अगले तीन

**पार्टी अनुशासन तोड़ने का आरोप**

दिन के भीतर नोटिस का जवाब मांगा है।

**नोटिस में क्या लिखा है?**

अनिल विज को जो नोटिस जारी किया गया है उसमें कहा गया है कि यह सूचित किया जाता है कि आपने हाल ही में पार्टी के अध्यक्ष और पार्टी के मुख्यमंत्री पद के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान दिए हैं। यह गंभीर आरोप हैं और यह पार्टी की नीति तथा आंतरिक अनुशासन के खिलाफ है। यह कदम न केवल पार्टी के विचारधारा के खिलाफ है, बल्कि यह उस समय पर हुआ है जब पार्टी पड़ोसी राज्य में चुनावों के लिए अभियान चला रही थी। नोटिस में आगे कहा है कि चुनावी समय में, एक सम्मानित मंत्रिपद वहन करते हुए,



इस प्रकार की बयानबाजी से पार्टी की छवि को नुकसान होगा यह जानते हुए आपने ये बयान दिए है और यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के निर्देश अनुसार आपको यह कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। आपसे यह अपेक्षा करते हैं कि 3 दिन मे आप इस विषय पर लिखित स्पष्टीकरण दें। दरअसल, अनिल विज ने हाल फिलहाल में राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राज्य बीजेपी चीफ के खिलाफ बयानबाजी की थी। विज ने हिमाचल में गैंगरेप मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद हरियाणा बीजेपी चीफ से इस्तीफा मांग लिया था। इसके अलावा उन्होंने सीएम नायब सिंह सैनी पर भी निशाना साधा था।

## महाकुंभ से लौट रही श्रद्धालुओं की बस एमपी में भीषण हादसे की शिकार, ट्रक के साथ टक्कर में 7 की मौत

**जबलपुर (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात लोगों की जान चली गई। हादसा सिहोरा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (एनच-30) पर मोहला बरगी के निकट हुआ, जहां प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक मिनी बस और एक ट्रक की टक्कर हो गई। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना मंगलवार सुबह हुई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मिनी बस में सवार सभी श्रद्धालु आंध्र प्रदेश के रहने वाले थे और हाल ही में प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करके अपने घर लौट रहे थे।



हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंची। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है, जबकि मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। जबलपुर के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद झारखंड के मंत्री इरफान ने याचिका वापस ली

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने छेड़छाड़ पीड़िता की तस्वीर वायरल करने से संबंधित केस में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से वापस ले ली है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने उन्हें इसकी इजाजत दे दी। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा था कि यह याचिका विचार योग्य नहीं है। इरफान अंसारी वर्ष 2018 में छेड़छाड़ की शिकार एक बच्ची से मिलने हॉस्पिटल गए थे। बच्ची से मुलाकात की तस्वीर वायरल होने से उसकी पहचान उजागर हो गई।

आरोप है कि यह तस्वीर इरफान अंसारी के मोबाइल से वायरल हुई। इसे लेकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। पिछले वर्ष इस मामले में निचली अदालत ने संज्ञान लिया था। एमपी-एमएलए कोर्ट में उनके खिलाफ ट्रायल चल रहा है।

इरफान अंसारी ने ट्रायल रद्द करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने सितंबर 2024 में उनकी याचिका खारिज कर दी। इसके बाद इरफान सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका पर पिछली सुनवाई के दौरान कहा था कि आप हर चीज के लिए प्रचार क्यों चाहते हैं?


जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा था कि बच्ची से मुलाकात के दौरान कानून के तहत अनिवार्य आवश्यकताओं का पालन नहीं किया गया। जस्टिस नागरत्ना ने पूछा था कि विधायक को अगर पीड़िता से मिलना था तो क्या वह अकेले या एक-दो लोगों के साथ नहीं जा सकते थे? वह समर्थकों का समूह लेकर पीड़िता से क्यों मिलने गए थे?

## इंडिया एनर्जी वीक 2025 में भारत विकास और पर्यावरण दोनों को समृद्ध करने के लिए प्रतिबद्धः पीएम मोदी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस की दो दिवसीय यात्रा के दौरान वर्चुअली 'इंडिया एनर्जी वीक

> **गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता भी तीन गुना बढ़ी है। मोदी ने कहा कि भारत पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय से पहले पूरा करने वाला पहला जी-20 देश है**

2025इ को संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी भारत की सदी है। भारत केवल अपनी नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की विकास यात्रा को गति दे रहा है, और इसमें ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा महत्वाकांक्षाएं पांच स्तंभों पर आधारित हैं। संसाधनों का कुशल दोहन, नवाचार को बढ़ावा, मजबूत अर्थव्यवस्था और स्थिर राजनीतिक



स्थिति, रणनीतिक भौगोलिक स्थिति और वैश्विक स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता। पीएम मोदी ने कहा कि भारत 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता जोड़ने, भारतीय रेलवे को नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाने और हर साल 50 लाख मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रख रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये लक्ष्य महत्वाकांक्षी लग सकते हैं, लेकिन पिछले 10 वर्षों में भारत ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की क्षमता को दशार्ती हैं। प्रधानमंत्री ने भारत की आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि देश ने पिछले 10 वर्षों में दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सफर तय किया है। भारत की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 32 गुना बढ़ी है, जिससे देश दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बन गया है। गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता भी तीन गुना बढ़ी है। मोदी ने कहा कि भारत पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय से पहले पूरा करने वाला पहला जी-20 देश है। उन्होंने इथेनॉल सम्मिश्रण की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि आज भारत में 19 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण किया जा रहा है, जिससे विदेशी मुद्रा की बचत हुई है, किसानों की आय बढ़ी है और कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है।

**प्रशासन का बड़ा फैसला** | **सीएम ने अधिकारियों को दिए ये निर्देश**

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में सभी तरह के वाहनों पर प्रतिबंध

**महाकुंभ नगर ।** स्नान पर्व माघी पूर्णिमा बुधवार को है, जिसे लेकर पुलिस ने ट्रैफिक और डायवर्जन प्लान लागू किया है। इसके तहत प्रशासन ने महाकुंभ मेला क्षेत्र में सभी तरह के वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। हालांकि, इस दौरान प्रशासनिक और चिकित्सकीय वाहनों को मेला क्षेत्र में जाने की अनुमति रहेगी। यह व्यवस्था 13 फरवरी की सुबह आठ बजे अथवा भीड़ समाप्त होने तक लागू रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी महाकुंभ के दौरान यातायात और भीड़ प्रबंधन को लेकर सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें माघ पूर्णिमा के अवसर पर होने वाले



महाकुंभ स्नान पर्व की तैयारियों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है और 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा के दिन विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने निर्देश दिए कि पार्किंग स्थल को सही तरीके से संचालित किया जाए और पांच लाख से अधिक वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था का सही उपयोग किया जाए। इसके अलावा, मेला परिसर में कोई भी अनाधिकृत वाहन प्रवेश न कर सके, इसका पूरा ध्यान रखा जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों पर वाहनों की कतार न लगे और ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। पार्किंग से मेला परिसर तक श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए शटल बसों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने प्रशासन से कहा कि प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और ट्रेनों की नियमित व्यवस्था बनी रहे।

स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ की पहचान स्वच्छता से जुड़ी है, इसलिए संगम और मेला परिसर की सफाई नियमित रूप से होनी चाहिए। गंगा और यमुना में पानी की पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखी जाए। सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के दृष्टिगत मंगलवार को एडीएम और एसडीएम स्तर के 28 प्रशासनिक अधिकारियों सहित अनेक पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। इन सभी की यथा आवश्यकता सेवा ली जाए। पुलिस अधिकारियों को ट्रैफिक मैनेजमेंट में लगाया जाना चाहिए।

## शनिवार दोपहर तक होनी चाहिए सभी बंधकों की रिहाई, नहीं तो मचेगी तबाही, ट्रंप ने क्यों दी हमास को चेतावनी ?

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि हमास को शनिवार दोपहर तक बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा कर देना चाहिए। अगर फिलिस्तीनी ग्रुप ऐसा नहीं करता है तो वह इजरायल-हमास युद्धविराम को रद्द करने का प्रस्ताव रखेंगे। ओवल ऑफिस में पत्रकारों के साथ विस्तृत चर्चा में ट्रंप ने 8 जनवरी को हमास द्वारा रिहा किए गए तीन बंधकों की कमजोर शारीरिक हालत और फिलिस्तीनी ग्रुप की तरफ से बंधकों की रिहाई रोकने की घोषणा पर निराशा व्यक्त की।



बता दें गाजा युद्धविराम समझौते के तहत हमास को इजरायली बंधकों को रिहा करना है जिसके बदले में इजरायल फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ेगा। अब तक पांच बार बंधकों-कैदियों की अदला-बदली हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, जहां तक मेरा सवाल है, अगर शनिवार 12 बजे तक सभी बंधकों को वापस नहीं लौटाया जाता है, तो मैं कहूंगा कि इसे रद्द कर दिया जाए और सभी दांव बंद कर दिए जाएं और तबाही मचने दी जाए। उन्हें शनिवार 12 बजे तक बंधकों को वापस लौटा दिया जाना चाहिए।

# सुरेश चंद अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल गुलावठी में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत सुरेश चंद अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाना और उनके स्वास्थ्य में सुधार करना है।

बुलंदशहर के स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में बच्चों को यह गोली दी गई। सभी अभिभावकों ने इस पहल का स्वागत किया और इसे बच्चों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद बताया। विद्यालय के डायरेक्टर मयंक अग्रवाल ने बताया की सभी चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि एल्बेंडाजोल पूरी तरह सुरक्षित दवा है और इसे डॉक्टर की निगरानी में ही दिया जाता है।



स्कूल प्रशासन के अनुसार, अभी तक किसी भी छात्र में कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं देखा गया है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डॉक्टर सलीम अहमद अपनी पूरी टीम के साथ विद्यालय में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का महत्व बताते हुए विद्यालय चेयरमैन वी. के अग्रवाल ने बताया की यह अभियान पूरे देश में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर चलाया जाता है, जिससे बच्चों के शारीरिक विकास में बाधा डालने वाले पेट के कीड़ों को खत्म किया जा सके।

यह कार्यक्रम विद्यालय की सीनियर कोऑर्डिनेटर अंजलि त्यागी की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्रधानाचार्य गोपाल शर्मा अन्य कोऑर्डिनेटर यशी, सनोबिया, निधि शर्मा व सरिता चौधरी के साथ साथ सभी अध्यापक एवम अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशर द्वारा थाना कोतवाली नगर का किया गया वार्षिक निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलन्दशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार द्वारा थाना कोतवाली नगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना कोतवाली नगर पहुँचकर गार्द की सलामी ली गयी। इसके उपरान्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना कार्यालय के महिला हेल्प डेस्क, बन्दीगृह, बीट बुक रजिस्टर, सीसीटीएनएस, शस्त्रागार, साफ-सफाई, मालखाना, मैस, आवासीय थाना परिसर, थाने में खडे वाहनों, आदि को चेक किया गया। महिला हैल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों द्वारा थाने पर अपनी समस्याओं को लेकर आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रार्थना पत्रों के निराकरण, जांच का परिणाम इत्यादि को क्रमबद्ध तरीके से कम्प्यूटर में व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी कोतवाली नगर को मालों के निस्तारण करने, डाक रजिस्टर व अभिलेख पूर्ण करने, अभिलेखों का रखरखाव रखने, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी रखने, थाना परिसर में साफ-सफाई रखने एवं प्रतिदिन थानाक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम आदि आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री त्रजुल भी मौजूद रहें।

# खुर्जा रत्न सम्मान से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाशाली लोगों किया सम्मानित, 60 अन्य क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ लोगों को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा।** नगर का होम फिल्म प्रोडक्शन ईको फिल्म प्रोडक्शन द्वारा आयोजित खुर्जा रत्न सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन पंचवटी कम्युनिटी हॉल जंक्शन रोड पर आयोजित किया गया।

खुर्जा रत्न सम्मान पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर दिनेश पाल सिंह,नगर अध्यक्ष सचिन शर्मा, कुलभूषण शर्मा, राम दिवाकर, अभिषेक गोस्वामी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाएं प्रतिष्ठान एवं 60 अन्य क्षेत्र के प्रतिभाशाली लोगों को खुर्जा सम्मान रत्न से अलंकृत किया। प्रोडक्शन के प्रोड्यूसर विपिन सिसोदिया ने आए हुए सभी सर्वश्रेष्ठ लोगों का स्वागत करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। डायरेक्टर प्रताप सिंह धनौलिया ने संचालन किया।



कार्यक्रम में नवीन राजपूत, विक्की साहनी, सूबेदार राजवीर सिंह, नेत्रपाल सोलंकी हिरदेश अग्रवाल, नरेश सोलंकी, आशीष खन्ना , शाकुल तायल,डॉ हरीश गुप्ता, विपिन गोयल,आदि लोग शामिल रहे।

# माघ मास की पूर्णिमा का शास्त्रों में अत्यधिक बताया गया महत्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** माघ पूर्णिमा का दिन हिंदू धर्म में वह भी पवित्र दिन माना जाता है। इस दिन स्नान दान और पूजा करने से कई गुना पुण्य प्राप्त होता है। मां पूर्णिमा के दिन कुछ विशेष उपाय करने से घर में सुख शांति और समृद्धि आती है । और चर की दरिद्रता दूर होती है। माघ पूर्णिमा हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है ।यह पर्व माघ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस विषय पर प्राचीन चमत्कारी शिव शक्ति मंदिर के महंत कुनाल जोशी ने बताया कि इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। माना जाता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने से लोगों के सभी पाप धुल जाते हैं। मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दिन देवता भी गंगा स्नान करने के लिए धरती पर आते हैं ।इस दिन पूजा करने से घर में सुख शांति का वातावरण बनता है और दान करन से दान में वृद्धि होती है। पंचांग के अनुसार माघ महीने क पूर्णिमा तिथि का शुभारंभ मंगलवार 11 फरवरी 2025 शाम 6:55 पर होगी वही तिथि बुधवार फरवरी को शाम 7:00 बज कर 22 मिनट पर समाप्त हो जाएगी ऐसे में उदय तिथि के अनुसार इस बार माघ पूर्णिमा का व्रत 12 फरवरी को किया जाएगा। माघ पूर्णिमा के दिन सुबह जल उठकर स्नान करें और तांबे के लोटे में जल भरकर सूर्य देव को अर्ग दें। यदि संभव हो तो गंगा नदी में स्नान करें यनि गंगा नदी ना जा सके तो घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करें ।माघ पूर्णिमा के दिन दान करना बहु शुभ माना जाता है। आप गरीबों को भोजन कपड़े धन-दान कर सकते हैं। पीपल के पेड़ में जल चढ़ाएं और दीपक जलाकर रात में चंद्रमा को अरग दे ।माता लक्ष्मी के मंत्र का जाप करें और माता लक्ष्मी की पूजा करें साथ ही मिठाई का भोग



लगाए ।तुलसी के पौधे में जल चढ़ाएं और दीपक जलाएं अपनी कामना पूर्ति के लिए प्रार्थना करें। मा पूर्णिमा के दिन झूठ बोलने से बचना चाहिए झगड़ा नही करना चाहिए। इस दिन झगड़ा करना या विवाद करन नकारात्मक विचार नकारात्मक विचारों को मन में ना लाए। माघ पूर्णिमा को हिंदू धर्म विशेष महत्व माना जाता है। इन दिन स्नान दान और पूजा करने से व्यक्ति को कई गुना पूर्ण मिलता है ।मां पूर्णिमा के दिन किए गए उपाय जीवन में सुख समृद्धि लाते हैं। माघ पूर्णिमा के दिन दान से पूर्ण प्राप्[ होती है ।और घर में सुख शांति की वृद्धि होती है। मांघ पूर्णिम के दिन पितरों को तर्पण करने से पितृ दोष दूर होता है। इन दिन किए गए शुभ कार्य सफल होते हैं। इस दिन तीर्थ किए गए दान विशेष फल प्रदान करते हैं। मां भागीरथी गंगा की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

# हजरत शेख बुरहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का दो दिवसीय 536 वाँ वार्षिक उर्स शुरू,दूसरे दिन पंखे का जुलूस हुआ बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** प्रसिद्ध सूफी संत हजरत शेख बुरहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का 536 वां वार्षिक उर्स सोमवार से प्रारंभ हुआ। उर्स का आगाज जीटी रोड ईदगाह के सामने स्थित दरगाह शरीफ में पवित्र कुरान ख्वानी से किया गया। शाम को फातेहा के बाद मीलाद शरीफ हुआ और उसके बाद रात्रि में कव्वालियों का शानदार प्रोग्राम हुआ। इस मौके पर अक ीदतमंदों ने हजरत बाबा बुरहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के मजार मुबारक पर चादर पेश की और अपनी मन्नतें मांगी।अक ीदतमंदों की ओर से लंगर का भी एहतमाम किया गया। मंगलवार की शाम को मौहल्ला शीशों वाली मस्जिद से परंपरा अनुसार सूफी यामीन जाफरी, अब्बासी के नेतृत्व में पंखे का शानदार जुलूस निकाला गया जो मौहल्ला रिसालदारान, हनुमान चौक, बड़ा बाजार, दिल्ली गेट, जीटी रोड होता हुआ दरगाह शरीफ पहुंचा जहां पहुंचकर अक ीदतमंदों ने पंखे को मजार मुबारक पर पेश किया। इस अवसर पर सूफी यामीन जाफरी,सूफी शरीफ अहमद, सूफी शाकिर गाजी, मुतीब खां, बादशाह मिस्किनी, सूफी हनीफ आदि खासतौर पर मौजूद रहे।



# समेकित शिक्षा का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा।** समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र खुर्जा पर परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक नोडल शिक्षकों को दिनांक 06-02-2025 से 11-02-2025 तक मास्टर ट्रेनर उमेश चंद्र, राजनाथ कुशवाहा, रजनीश कुमार एवं अभिषेक अगिनहोत्री के द्वारा होम बेस्ड एजुकेशन, क्रास डिसेबिलिटी, स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में एक्सेसिविलिटी, आईसीटी का उपयोग दिव्यांगता के प्रकार ,दिव्यांगता के कारण एवं शिक्षण टेक्निक्स( साईन लैंग्वेज, ब्रेल लिपि) एवं होम बेस्ड एजुकेशन और समर्थ एप के बारे में 5 दिन का प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र खुर्जा पर संपन्न कराया गया जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी श्री सुनील कुमार डबराल ने शिक्षकों से प्रशिक्षण की टेक्निक गतिविधियों और दिये गये प्रशिक्षण के बारे में शिक्षको को अमल में लाने के लिए कहा । इस बैच प्रशिक्षण में कुल 89 शिक्षक ने प्रतिभाग किया और इससे पूर्व में 90 शिक्षक प्रतिभाग कर चुके हैं। दिव्यांग बच्चों और सामान्य बच्चों को एक समान शिक्षा का अधिकार प्राप्त है।





# फेयरवैल पार्टी का किया गया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर।** जेपी विद्या मंदिर मुख्य परिसर अनूपशहर में 2024-25 का विदाई समारोह (कक्षा 12 के छात्रों का) आयोजित किया गया। कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 12 के छात्रों का तिलक लगाकर ,फूलों की वर्षा कर, करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया। विद्यालय के अध्यापक/अध्यापिका व प्रेसिडेंट तनिष्का शर्मा व वाइस प्रेसिडेंट प्रणव शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व हवन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन अरूंधति घटक, कनक चैधरी ने किया। स्वागत भाषण से तरूणिका ने मन मोह लिया। इस अवसर पर कक्षा 11के छात्र-छात्राओं के द्वारा अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं ने मंच पर रैंप वॉक व विभिन्न खेलों के द्वारा सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की मिस फेयरवेल के चुनाव में मोहिका कक्षा 12 ने बाजी मारी। प्रणव शर्मा को मिस्टर फेयरवेल के रूप में चुना गया। सरगम सिंह, पुष्पित चैधरी, दीपक यादव, आशू चैधरी, प्रतिष्ठा दुबे, नितिन शर्मा को विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्रदान किया गया। विद्यालय प्रबंधक केपी सिंह ने छात्रों को जीवन के स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी, व उन्हें अनुशासित रहते हुए आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणादाई शब्द कहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीना चतुर्वेदी ने छात्रों की विदाई समारोह में भाव विभोर शब्दों से शुभाशीष देते हुए उनके मंगल भविष्य की कामना की व कहा कि बचपन की यादों को दिल में संजोएं व एक आदर्श मानव बनें। ईश्वर आपको हर खुशी दे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापक/अध्यापिका व कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।




# महाशिवरात्रि की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर ।** आगामी शिव महरात्रि की व्यवस्था को लेकर हुई अनूपशहर नगर स्थित तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी प्रियंका गोयल की अध्यक्षता में आगामी महाशिवरात्रि की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। शिवरात्रि मेला सीसी टीवी कैमरे में कैद रहेगा। नगर पालिका आयोजित महाशिवरात्रि के लिए सभी व्यवस्था पूरी कर ली गई है। सभी गंगा घाटों का बेरिकेटिंग गोताखोर नाव स्टीमर लाइट एवं महिला चेंजिंग रूम शौचालय आदि की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। बायपास रोड पर झाड़ी वाले बाबा, बुलंद शहर बस स्टैंड, अलीगढ़ बस स्टैंड पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। यह मेल 22 फरवरी से 26 फरवरी तक महाशिवरात्रि का मेला आयोजन रहेगा। मेल कंट्रोल रूम कस्तूरबा गांधी टाउन में रहेगी आने वाली श्रद्धालुओं के लिए टाउन स्कूल में एक विशाल भंडारे का आयोजन गंगा सेवा समिति के द्वारा किया जाएगा, मुख्य मेला बबस्तर गंज जहान्वी द्वार पर लगेगा भारी वाहन पर प्रवेश वर्जित रहेगा, रूट डायवर्जन रहेगा गंगा पुल से आने वाली भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन होगा, व्यवस्था स्वास्थ्य कैंप एवं समाजसेवी में तत्पर रहेंगे, पुलिस विभाग के द्वारा सुरक्षा के लिए जगह-जगह फोर्स तैनात रहेगी, असमाजीक तत्वों को बक्सा नहीं जाएगा सडको पर हो रहे गड्ढे भरने के लिए सख्त आदेश दिए अन्य संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था के लिए सख्त आदेश दे दिए गए हैं स्वास्थ्य विभाग एवं जल निगम बैठक में अनुपस्थित होने पर उप जिला अधिकारी ने नाराज की जताई इस अवसर पर तहसीलदार बलविंदर भूषण विद्युत एक्शन एसके मिश्रा पाल के अध्यक्ष बृजेश गोयल खंड विकास अधिकारी श्रीमती सृष्टि देवी जंग बहादुर दिलीप सभासद पराग सभासद असद गाजी भूपेंद्र बाबू शिक्षा विभाग संजू शर्मा प्रधानाचार्य राजेश शर्मा प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर संजय यादव लेखक राज किशोर आदि उपस्थित रहे।




**कार्यशाला** आम जनमानस, खासकर बच्चों, महिलाओं और युवाओं के बीच इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग हेतु जागरुकता बढ़ाई जा सके

# कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी सेफर इन्टरनेट डे कार्यशाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** जिलाधिकारी श्रुति के निर्देशन में कलैक्ट्रेट सभागार में एन०आई०सी० बुलंदशहर के अधिकारियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में सेफर इन्टरनेट डे (सुरक्षित इंटरनेट दिवस) की कार्यशाला का आयोजन किया गया एवं कार्यशाला का संचालन उपनिदेशक (आई०टी०) एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री मयंक गोयल द्वारा किया गया ताकि आम जनमानस, खासकर बच्चों, महिलाओं और युवाओं के बीच इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग हेतु जागरुकता बढ़ाई जा सके। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के बीच जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग को बढ़ावा देते हुए विभिन इंटरनेट उपयोगकताओं को सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन, साइबर स्वच्छता, प्रमुख साइबर खतरों और प्रभावी रणनीतियों के बारे में शिक्षित करना है। आज के युग में हमारा लगभग सभी कार्य मोबाइल एवं इंटरनेट के माध्यम से किया जाता है यहाँ तक कि डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन शोपिंग, ई-बैंकिंग आदि कार्य भी मोबाइल के द्वारा किए जा रहे है ऐसे में मोबाइल एवं इंटरनेट का सही उपयोग एवं साइबर अटैक से बचना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।






आप किसी भी साइबर क्राइम की घटना होने पर टोल फ्री नंबर 1930 अथवा cyber-crime.gov.in वेबसाइट पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। कार्यशाला में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं साथ ही साथ जनपद कि विभिन्न आई०टी०आई में भी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिससे सभी लोग दूर दराज तक इंटरनेट के सही इस्तेमाल करने के लिए जागरूक हो पाएं।

कार्यशाला में जिला स्तरीय अधिकारियों समेत सहायक जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री नितिन कुमार सहरावत, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री पीयूष चौधरी, नेटवर्क इंजिनियर श्री संतोष कुमार व श्री कीर्ति चंद सुमन उपस्थित रहे।

# सिकंदराबाद विकास को लगेंगे पंख,मिलेगी जाम से राहत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** नगर विधायक लक्ष्मी राज सिंह के अथक प्रयासों से लोक निर्माण विभाग के राज्य सड़क निधि से आबादी मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य शीघ्र शुरू होगा इससे नगर क्षेत्र वासियों को जाम से राहत मिलेगी।

इस संबंध में विधायक श्री लक्ष्मराज सिंह जी से बातचीत में उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री महोदय से भेंट वार्ता के दौरान उन्होंने क्षेत्र वासियों की मांग को उनके सामने रखा।

माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए शासन द्वारा कुल धनराशि 9 करोड़ 61 लाख 46 हजार रुपए स्वीकृत किए। इस धनराशि की पहली किस्त के रूप में एक करोड़ 87 लाख रुपए अवमुक्त कराये जा चुके हैं।

**9 करोड़ 61 लाख से होगा नगर मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण**

विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने बताया उनका सपना और प्रयास नगर सिकंदराबाद को उत्तर प्रदेश का प्रथम नगर बनाने का है और इसके लिए वह नगर वासियों के सहयोग से यह कार्य पूरा करके ही दम लेंगे।

# 12 फरवरी चौधरी अजित सिंह की जयन्ती पर विशेष किसानों के लिए धड़कता था चौधरी अजित सिंह का दिल : अजय वीर सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री व रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे चौधरी अजित सिंह को किसानों- मजदूरों की आवाज बुलन्द करने के रुप में जाना जाता था । उन्होंने किसानों- मजदूरों के लिए काफी संघर्ष किया । उन्हें सत्ता में भागीदारी मिली तो किसानों के हित में नीतियाँ व कानून बनाये । उन्होंने किसान राजनीति को एक नई दिशा दी ।चौधरी अजित सिंह हमेशा कोमी एकता व हिन्दू- मुस्लिम भाईचारे के हिमायती रहे । चौधरी अजित सिंह हमेशा छोटे राज्यों के पक्षधर रहे । उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाये जाने के लिए कई बार आन्दोलन किया । चौधरी अजित सिंह सन 1986 मे पहली बार राज्य सभा के सदस्य बने तथा उसके बाद वो सात बार बागपत से लोकसभा के लिए सांसद चुने गये । चौधरी अजित सिंह चार बार केंद्रीय मंत्री रहे ।पहली बार वी पी सिंह की सरकार में जब चौधरी अजित सिंह केंद्रीय उधोग मंत्री बने तो उन्होंने सबसे बड़ा निर्णय गन्ना मिलों की दूरी को कम करने का किया जिससे उत्तर प्रदेश में 44 नई गन्ना मिल लगाई गई जिससे गन्ना किसानों को बहुत फायदा हुआ । किसानों को गन्ना मिल कम होने की वजह से कोल्हुओं पर कम दाम में बेचना पड़ता था , नई गन्ना मिल खुलने से उनका गन्ना सरकारी मूल्य पर मिलों को जाने लगा ।चौधरी अजित सिंह ऐसे नेता थे जिसने जीवन भर किसानों के लिए लड़ाई लड़ी। गन्ने का सवाल हो , चाहे चीनी मिलों के विस्तारीकरण का सवाल हो , चाहे चीनी मिलों की संख्या बढ़ाने का सवाल हो, चाहे चीनी मिलों की दूरी कम करने का सवाल हो, चाहे पैट्रोल व डीजल में एथनॉल मिलाने का सवाल हो, चाहे





गन्ने के भाव का सवाल हो, हर मोर्चे पर चौधरी अजित सिंह किसानों का दुख दर्द दिल में लिए घुमते थे ।जब चौधरी अजित सिंह पीवी नरसिम्हराव की सरकार में केंद्रीय खाद्य मंत्री बने तो उस समय के वित्त मंत्री आदरणीय मनमोहन सिंह किसानों की खेती पर आयकर लगवाना चाहते थे चौधरी अजित सिंह ने इसका जमकर विरोध किया और किसानों पर आयकर नहीं लगने दिया ।विदेश से गेहूं व चीनी के आयात पर रोक लगवाई ।केन्द्रीय मंत्री रहते हुए भूमि अधिग्रहण कानून में संशोधन कराया ।वो संसद में किसानों की आवाज बनते थे ।

और जब जब उनको सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और उन्हें ताकत मिली तो उन्होंने अपनी कलम से ऐसे फैसले लिए जिन्होंने किसानों की आर्थिक दशा बदलने मे बड़ी भूमिका निभाई । देश में सबसे पहले पैट्रोल व डीजल में एथनॉल मिलाने का मुद्दा चौधरी अजित सिंह ने उठाया था ताकि गन्ना किसानों को उनकी फसल का वाजिब मूल्य मिलता रहे ।

# यमुना एक्सप्रेस व पर कार मे ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत, एक गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** यमुना एक्सप्रेस व के जेवर टोल प्लाजा के पास मंगलवार को नॉएडा साइड पर एक ट्रक ने आगे चल रही कार मे टक्कर मार दी। हादसे मे कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एक्सप्रेस व की एम्बुलेंस ने कस्बे के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। वही ट्रक चालक मौके से ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अमनोरा पार्क पुणे निवासी राकेश कुमार (51) अपनी पत्नी के साथ कार से किसी काम से नॉएडा की ओर जा रहे थे, कार उनका ड्राइवर चला था था और राकेश व उनकी पत्नी पीछे बैठे थे। जब मंगलवार की दोपहर 4:42 बजे वह यमुना एक्सप्रेस व के जेवर टोल पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार मे टक्कर मार दी। हादसे मे कार सवार राकेश व उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे की सूचना पर एक्सप्रेस व के सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को कस्बे के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। वह ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया, पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे मे ले मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 4 वाहन किये सीज,44 का काटा चालान,मचा हड़कंप, वाहनों चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के प्रति किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर ट्रैफिक नियमों का पालन करने करने पर चार वाहनों को सीज व 44 वाहनों का चालान काटा गया। जिन पर करीब डेढ़ लाख का जुमार्ना लगाया गया है। आपको बता दें,कि मंगलवार को एआरटीओ प्रवर्तन रमेश चंद चौबे ने जनपद में विभिन्न स्थानों पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर चार वाहनों को सीज



करने व 44 वाहनों का चालान काटकर करीब डेढ़ लाख का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए वाहन चालकों को प्रेरित किया। एआरटीओ रमेश चंद चौबे ने वाहन चालकों से कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चलाते हुए सीट बेल्ट लगाने,शराब पीकर गाड़ी न चलाने,गाड़ी चलाते समय फोन का प्रयोग नहीं करने का आह्वान किया जा रहा है।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री पर कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज के कंजर्वेटिव डेन्टिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग द्वारा दो दिवसीय एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री पर कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें संस्थान के दंत चिकित्सक, एमडीएस एवं बीडीएस के विद्यार्थी शामिल थे। यह कोर्स एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया और शोफू इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर डॉ मोहन कुमार आर एस, प्रोफेसर प्रियदर्शिनी डेंटल कॉलेज चेन्नई, डॉ शिशिर सिंह, एडिटर एंड चीफ, जनरल ऑफ कंजर्वेटिव डेन्टिस्ट्री थे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा प्रतिभागियों को एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री के सिद्धांतों





और प्रथाओं में प्रशिक्षित करने के लिए तैयार किया गया। इसके साथ ही प्रतिभागियों को बायोमेट्रिक सिद्धांतों, इनले, ओनले और फोटोग्राफी पर व्याख्यान तथा डेमोंस्ट्रेशन और हैंड्स-ऑन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न व्याख्यान, इंटरैक्टिव सत्र, प्रदर्शन और व्यावहारिक अभ्यास के संयोजन के माध्यम से गहन ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों व्याख्यान प्रस्तुत किये गये जिसमें मुख्य रूप से बायोमीमेटिक सिद्धांत, अप्रत्यक्ष समग्र, अप्रत्यक्ष बहाली का सीमेंटेशन और फोटोग्राफी शामिल थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री उपचार के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# टेकएज 21 स्टेमरोबो: प्रज्ञान पब्लिक स्कूल, में माइक्रोबिट और थ्रीडी डिजाइन पर कार्यशाला का सफल आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** प्रज्ञान पब्लिक स्कूल में टेकएज 21 स्टेमरोबो के तहत माइक्रोबिट और थ्रीडी डिजाइन पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिसमें स्टेमरोबो टेक्नोलॉजीज के विशेषज्ञ शुभम राणा, महेश कुमार और अभिषेक सिंह ने शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को नवाचार एवं तकनीकी शिक्षा से जोड़ना और उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। इस कार्यशाला में २० से अधिक एटीएल इंचार्ज और कंप्यूटर शिक्षक





शामिल हुए, जिन्होंने अपनी तकनीकी क्षमताओं को और विकसित किया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में एटीएल इंचार्ज लकी चौधरी और कंप्यूटर विभाग की टीम ने उत्कृष्ट भूमिका निभाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. दीप्ति शर्मा और प्रबंधक हरीश कुमार शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं ।यह कार्यशाला शिक्षकों को नई तकनीकों से सशक्त बनाने और भविष्य की पीढ़ी को नवाचार एवं तकनीकी शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# आठ दिन में हो मुख्य मार्ग निर्माणकार्य शुरू, अन्यथा धरना होगा अनशन में तब्दील : ईश्वर चंद्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अलवर खान)।** ग्राम अबूपुर के खराब पड़े मुख्य मार्ग को सही कराये जाने की मांग को लेकर निर्वाण फाउंडेशन द्वारा गांव में ही दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना 13वें दिन यानी मंगलवार को भी जारी रहा। 13वें दिन धरनारत आंदोलनकारियों ने प्रशासन को आठ दिन का समय देते हुए समस्या का समाधान न होने पर धरने को अनशन में तब्दील किए जाने की चेतावनी दी है। धरनारत निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने कहां कि गांव अबूपुर के मुख्य मार्ग को सही कराने की मांग को लेकर किये जा रहे इस आंदोलन को चलते हुए आज 13 दिन हो गए हैं। लेकिन कोई भी प्रशासनिक अधिकारी या यहां के जनप्रतिनिधि हमारी इस मांग का कोई संज्ञान नहीं ले रहे हैं। जबकि इस मार्ग के उस समय हुए निर्माण के दौरान भारी चूक करने वाले भी अधिकारी ही थे। और उनकी इस चूक और लापरवाही का खामियाजा पिछले कई वर्षों से ग्रामवासी भुगतते चले आ रहे हैं। और आज भी वर्तमान के ये अधिकारी ग्रामवासियों को इस समस्या से निजात दिलाने की बजाए सोये पड़े हैं। धरने पर बैठे समाजसेवी



हरेंद्र शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि आज 13वें दिन प्रशासन को हम आठ दिन का समय इस समस्या का समाधान करने के लिए देते हैं।

यदि आठ दिन में मुख्य मार्ग के निर्माण की प्रक्रिया शुरू न हुई तो हमारा यह धारणा अनशन में तब्दील हो जाएगा। इस अवसर पर अमित अग्रवाल, विनय गर्ग, रमेश शर्मा, नितिन चौ. राजीव शर्मा, अंकित, मेघा, उज्ज्वल, अरुण, अलका, राम शरण शर्मा, विनय शर्मा, सुचिता, रोहित, श्री पाल, विक्की शर्मा, प्रमिला, दीपक, हरिशंकर, ममता, बंटी, दिव्या चौ. आदि मौजूद थे।

## प्रशासन के आश्वासन पर भाकियू ने किया धरना समाप्त

# भाकियू ने किसानों को साथ लेकर किया पटना बिजली घर का घेराव,धरना,प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने किसानों को साथ लेकर बिजली विभाग की तानाशाही और किसान के साथ की गई अभद्रता के विरोध में पटना बिजली घर का घेराव करते हुए धरना प्रदर्शन किया। भाकियू टिकैत के प्रदेश सचिव रामपाल सिंह,मंडल सचिव यशवीर सिंह,युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने बिजली विभाग का कई घंटों गेट रखा बंद और धरना प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गा। इस अवसर पर राकेश प्रधान,मनोज प्रधान,



पोरस चा, परमजीत पूनिया,आकाश चौधरी,हरप्रीत निर्वाण,विवेक चौधरी,शगुन सिंह,भानु सिद्धू, विपिन मुंडेर आदि उपस्थित रहे।

# आखिर वो ऐतिहासिक दिन आ ही गया, जब गाजियाबाद की पावन धरा से "पश्चिम प्रदेश निर्माण संयुक्त मोर्चा" बैलेट पेपर मतदान किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** पश्चिम प्रदेश निर्माण संयुक्त मोर्चा" बैलेट पेपर से जनमत संग्रह जिसमें जनता जनार्दन अपने मतदान से ये निर्णय कर रही है क्या नया राज्य बनना चाहिए राजधानी कहाँ बने हाइकोर्ट कहाँ बने 10 फरवरी, 2025 से सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक, सिविल कोर्ट, कलेक्ट्रेट मुख्य द्वार, नगर निगम, घंटाघर, शहीद स्थल, नया बस अड्डा (मेट्रो स्टेशन)मोर्चा अपने संयुक्त सहयोगी संगठनों की मदद से कार्यक्रम सफल बनाने के लिए वोटिंग की गई जनता की मांग के अनुसार वोटिंग बढ़ाई जा सकती हैं में उत्तर प्रदेश के सभी कार्यकताओं नें कहा कि ,मोर्चा सरकार को बताएगा जनता के मन की बात, आप कार्यक्रम को ज्यादा से ज्यादा सफल बनायें



जिससे आम जनमानस को जागरूक किया विकसित राज्यों की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास मिले' बैलेट पेपर से जनमत संग्रह" अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष सत्यपाल सिंह यादव , साथ ही कर्नल सुधीर चौधरी (केंद्रीय महासचिव) ने टीम को निर्देश दिए जनमत को बड़े ही शांतिपूर्वक तरीके से करवा कर हमे स्वीकार करना है। मुख्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया जो है राजेन्द्र पाराशर (जिला अध्यक्ष गाजियाबाद), जगदीश सिंह (जिला अध्यक्ष मेरठ), ओम प्रकाश सैना (कोषाध्यक्ष), पवन रघुवंशी (केंद्रीय मीडिया प्रभारी), खालिद मिर्जा (प्रभारी शामली) अपनी टीम के साथ, गौरव यादव , सौरभ अग्रवाल, सत्य प्रकाश, टीकम नागर, गौरव यादव, यश कुमार, जगदीश प्रसाद शर्मा मौजूद रहे।

## वन विभाग की अनुमति के बिना सागौन के 37 पेड काटे, रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** गांव छज्जुपुर निवासी एक व्यक्ति ने वन विभाग की अनुमति के बिना सागौन के 37 पेड़ काट लिए। वन दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वन दरोगा महेन्द्र प्रताप ने बताया कि सूचना मिली कि गांव छज्जुपुर निवासी लोटन शर्मा ने वन विभाग से बिना अनुमति लिए हरे सागौन के 37 पेड़ कटवा दिए है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला के साथ की लाठी डंडो से मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर।** जेवर के गांव रामपुर बांगर के एक व्यक्ति ने गांव के ही तीन लोगों पर उसकी मां के साथ लाठी डंडो से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव रामपुर बांगर निवासी हरिपाल सिंह ने पुलिस मे शिकायत देते हुए बताया कि उसकी मां भूदेवी रविवार की शाम अपने घर के बाहर बैठी थी तभी वहां, गांव के ही अजय, विपिन व पोपी उर्फ पुष्पेंद्र आये और उनकी मां के साथ गाली गलौच करते हुए लाठी डंडो से बुरी तरह मारपीट कर, जब पीड़ित परिवार शोर की आवाज सुन वहां पहुंचा तों आरोपी पीड़ित महिला को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये।

**प्रशिक्षण कार्यशाला** कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक करना था

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर ।** जिला अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम एवं अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक करना था। अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बैठक की अध्यक्षता करते हुये अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी या बैंक डिटेल्स शेयर न करने, अनजान इंटरनेट कॉल्स से सावधान, संदिग्ध गतिविधि की दें सूचना आदि सुझाव साझा किये गये। उन्होंने कहा कि बच्चों के मोबाइल पर नजर रखें, बच्चों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले फोन को सुरक्षित रूप से प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें और समय-समय पर साइबर फ्रॉड से सुरक्षित रखने के लिए उनके मोबाइल को मॉनिटर करते रहें। उन्होंने कहा कि सतर्कता और जागरूकता से ही साइबर अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है।

जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अंकुर बाछुका द्वारा पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को साइबर सुरक्षा, फिशिंग, हैकिंग, मालवेयर से स्वयं के कंप्यूटर उपकरणों एवं व्यक्तिगत खातों को बचाने की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को मजबूत पासवर्ड, दो चरणीय प्रमाणिकता, मजबूत स्क्रीन लॉक और बायोमेट्रिक, विश्वसनीय स्त्रोतों से मोबाइल एप्स डाउनलोड, सुरक्षित इंटरनेट कनेक्शन का उपयोग करने, संदिग्ध



ईमेल और लिंक से बचने, सॉफ्टवेयर और एप्स को नियमित रूप से अपडेट करने से संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा की प्रक्रिया के तहत अधिकारीगण एवं कार्मिक अपने कंप्यूटर उपकरणों एवं उसमें रखी गई व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित बनाए रख सकते है।

साइबर सेल इंचार्ज बलजीत द्वारा बताया गया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से पहले उसके डोमेन की जांच करना बेहद जरूरी है। फर्जी साइटों से बचने के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी भी एसएमएस के माध्यम से प्राप्त लिंक को खोलने से पहले उसकी जांच-पड़ताल कर लेनी चाहिए। इंटरनेट का उपयोग करते समय अन्य महत्वपूर्ण सावधानियाँ बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के लिए सामूहिक प्रयास और जागरूकता अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किसी साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930 सूचना दे सकते हैं एवं वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते है। आयोजित कार्यशाला में सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों के द्वारा इंटरनेट सुरक्षा पर अपने-अपने विचार साझा किए गये। इस आयोजन का उद्देश्य इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में जागरूकता फैलाना और एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण की स्थापना में सहयोग करना था। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट विवेकानन्द मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला सांख्यिकी अधिकारी शिवराज सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी हरिओम उपाध्याय, सम्बन्धित अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं एनआईसी स्टाफ उपस्थित रहे।

# एयरपोर्ट से प्रभावित ग्रामीण 15 को करेंगे पंचायत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर मे बन रहे नॉएडा एयरपोर्ट के तीसरे चरण से प्रभावित ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर 15 को गांव नीमका मे बीकेयू टिकैत ग्रुप के नेतृत्व मे एक पंचायत करेंगे। ग्रामीणों ने प्राधिकरण पर गलत नीतियों व ग्रामीणों को डरा धमकाकर सहमति लिए जाने का भी आरोप लगाया है।

नॉएडा एयरपोर्ट के प्रभावित ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर गांव नीमका मे एक पंचायत करेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि यमुना विकास प्राधिकरण व जिला प्रशासन के अधिकारियों की दमनकारी से लोग प्रताड़ित हैं और एयरपोर्ट के अंतिम चरण में गलत नितियों से भूमि अधिग्रहण की जा रही है, क्षेत्र के किसानों से डरा धमकाकर सहमति ली जा रही है। जिसके विरोध मे 15 फरवरी को गांव नीमका में सुबह 10 भारतीय किसान यूनियन के नेता पवन चौरोली के नेतृत्व में एक पंचायत की जाएगी, जिसके मुख्य अतिथि चौधरी राकेश टिकैत होंगे। पंचायत



सर्किल रेट व मुआवजा राशि बढ़ाये जाने, प्रत्येक किसान को प्लॉट आवंटित करने, अनावश्यक तौर पर गांव का विस्थापन न किये जाने, विस्थापित किसानों के आर एंड आर के लाभ में 2013 से 18 प्रतिशत का ब्याज अंकित किये जाने, किसानों को घर और घेर के बराबर प्लाट दिए जाने, विस्थापित किसानों के परिवारों के सभी बालिग सदस्यों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए आदि मांगों को रखा जायेगा। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि एयरपोर्ट के लिए जितनी जमीन अधिग्रहण होनी थी वह पर्याप्त रूप में हो चुकी है, अब यमुना प्राधिकरण जमीन अधिग्रहण क्यों करना चाहता है, अब कोई भी गांव विस्थापन नहीं होने देंगे।

## निदेशक मंडी इंद्र विक्रम सिंह ने विशिष्ट आम मंडी मलिहाबाद का किया निरीक्षण

**बुलंद संदेश ब्यूरो**



**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त निदेशक इंद्र विक्रम सिंह ने आज मलिहाबाद स्थित विशिष्ट आम मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां बनाए जा रहे दो टीन शेड के चबूतरे बनने के बाद उन पर मार्च तक टीन शेड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 38 लाइसेंस धारी दुकानदारों की समस्याओं को हल कर दिया जाएगा जिससे आने वाले आम के सीजन में वह इस मंडी में अपना कारोबार शुरू कर सकें। श्री सिंह ने बताया कि इसके अलावा मंडी में साफ सफाई और मरम्मत के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं तथा अब तक बिना कारोबार शुरू किये जो बिजली का बिल आ गया है उसे काम करने के लिए सोलर पैनल की व्यवस्था आम के सीजन तक की जाएगी जिससे हम बिजली की निर्भरता काम कर सकें और अधिक बिजली का उत्पादन होने पर उसे बेच सकें।

# नोएडा में हुई टीएस के ए नेशनल कराटे कप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** कराटे स्कूल के शिहान नरेंद्र सिंह ने बताया नोएडा में हुई चैंपियनशिप में 888 खिलाड़ियों ने भाग लिया गजियाबाद कराते स्कूल के 17 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया नाम इस प्रकार है स्वर्ण पदक धनुष कुमार, काव्या त्यागी, जिया सिंह, दीपिका कुमारी,रजत पदक शौर्य सिंह, कांस्य पदक, इशांत, इल्मा, चारु सिंह, मनन बिष्ट, साक्षी,पुलकित चौधरी, वंश पुनिया, वरदान, इस चैंपियनशिप के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया देखरेख कमल थापा बालकिशन संचालक राजकुमार चौहान देखरेख में रेह,गाजियाबाद कराटे स्कूल



के,पदाधिकारी ने बच्चों को आगे बढ़ाने की शुभकमनाएं दी ।


# संजीव गुप्ता व राजीव गुप्ता ने परिवार संग प्रयागराज महाकुम्भ में लगाई आस्था की डुबकी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** समरकूल ग्रुप के चेयरमैन







संजीव कुमार गुप्ता धर्मपत्नी रश्मि गुप्ता और डायरेक्टर राजीव गुप्ता धर्मपत्नी सीमा गुप्ता के साथ प्रयागराज महाकुम्भ में पहुंचे जहां उन्होंने पवित्र महाकुम्भ के त्रिवेणी संगम में स्नान करने के पश्चात संगम पर गंगा मैया की आरती की इसके पश्चात संगम घाट पर नौकाविहार करते हुए भव्य और एतिहासिक महाकुम्भ का अवलोकन किया। इस तीर्थ के अनुभवों को साझा करते हुए संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि पूरा प्रयागराज इस महाकुम्भ के आयोजन पर दुल्हन की तरह सजा हुआ है। तथा हर ओर धर्मधव्जाओ और शंखनांद की ध्वनि से पूरा माहौल आध्यात्मिक हो गया है। तथा सरकार की ओर से सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। संजीव गुप्ता ने सभी देशवासियों का आवाहन करते हुए कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ में व्यवस्थायें बहुत अच्छी है। तथा इस आध्यात्म के दुर्लभ और ऐतिहासिक पर्व में सभी को आस्था की डुबकी लगाने के लिए एक बार प्रयागराज अवश्य आना चाहिए क्योंकि यहाँ अलौकिक आनंद की अनुभूति प्राप्त होती है।

# नेशनल हाईवे किनारे अतिक्रमण किसी भी हाल में नहीं किया जाएगा बर्दाश्त: प्रोजेक्ट मैनेजर नितिन एनएचएआई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** बृजघाट दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे के किनारे अतिक्रमण करने वालों पर एनएचएआई टीम का जमकर चला चाबुक अतिक्रमण करने वालों में पूरे दिन मचा रहा हड़कंप। आपको बता दें कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी के द्वारा हापुड़ से लेकर मुरादाबाद तक एनएच-9 के किनारे नेशनल हाईवे की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले 150 अतिक्रमण कारी ढाबा संचालकों को नोटिस जारी किया हुआ है। उसके उपरांत भी नेशनल हाईवे के किनारे अतिक्रमण करने वाले ढाबा संचालक स्वयं अतिक्रमण हटाने को तैयार नही है।जिसमें एनएचएआई टीम के द्वारा हाइड्रा क्रेन की मदद से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू कर दिया गया है। वहीं अठसैनी से लेकर ब्रजघाट तक नेशनल







हाईवे किनारे फैले अतिक्रमण को हटाया गया।जिससे अतिक्रमण करने वालों में पूरे दिन हड़कंप मचा रहा। वहीं नेशनल हाईवे अतिक्रमण करने को लेकर एनएचएआई टीम मैनेजर राम प्रकाश यादव का कहना है कि नेशनल हाईवे के किनारे अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।अतिक्रमण करने वालों को नेशनल हाईवे अथॉरिटी के द्वारा नोटिस जारी किए हुए हैं। उसके उपरांत भी अतिक्रमण कारी अपने अतिक्रमण को हटाने के लिए तैयार नहीं है।जिसको लेकर एनएचएआई टीम ने अपना अभियान शुरू कर दिया है। और अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।इस अवसर पर अतिक्रमण अभियान के दौरान प्रोजेक्टट मैनेजर नितिन, साइड इचार्ज मनजीत चाहल, पेट्रोलिंग ऑफिसर उपस्थित रहे।

# दिल्ली में बीजेपी की प्रचंड जीत पर बधाइयों का सिलसिला जारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** बीजेपी नेताओं ने दिल्ली की प्रचण्ड जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितकारी नीतियों, "मोदी की गारंटी" और कार्यकर्ताओ की मेहनत का नतीजा बताया है। गाजियाबाद के सांसद एवं दिल्ली चुनाव प्रभारी अतुल गर्ग ने कहा कि यह जीत संगठन की मजबूत रणनीति और दिल्ली की जनता के भरोसे का परिणाम है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि "12 साल से अरविंद केजरीवाल विकास के मार्ग में बाधा बने हुए थे। उनकी झूठ की राजनीति और फ्री योजनाओं के बहकावे का दौर अब खत्म हो गया है।

स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि दिल्ली की जनता ने अब असल विकास को चुना है।" डबल इंजन की सरकार से अब दिल्ली का रफ्तार से विकास होगा।



भाजपा महानगर अध्यक्ष एवं सदर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने 'फ्री की दारू' की राजनीति को नकारते हुए मां गंगा के अमृत समान जल को प्राथमिकता दी है। मुरादनगर विधानसभा विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि जनता का निर्णय यह साफ दशार्ता है कि दिल्ली अब विकास, स्वच्छ प्रशासन और पारदर्शिता की राह पर बढ़ना चाहती है। उन्होंने अपना विश्वास मोदी सरकार के विकास मॉडल में जताया है।महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने बताया कि दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत दिल्ली में नए राजनीतिक युग की शुरूआत है। महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया भाजपा की इस ऐतिहासिक जीत पर कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है, उनके उत्साह का आलम जीत की उमंग में अपने नेताओं के स्वागत अभिनंदन बधाई में लगे रहने में स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है। गाजियाबाद से चुनावी नेतृत्व करने गए सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा स्वतंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र कश्यप, भाजपा महानगर अध्यक्ष एवं सदर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधानसभा विधायक अजीत पाल त्यागी आदि ने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन कर मील का पत्थर साबित होने का काम किया है। ये गाजियाबाद के लिए गौरव की बात है। सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओ ने पूरे दिन अपने नेताओं को बधाई देकर दिल्ली की जीत की खुशी जताई।

# राजेश वर्मा ने जनशिकायतों पर की सुनवाई, दोषियों एवं गैरहाजिर अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने मंगलवार को आयोग कार्यालय, इंदिरा भवन, लखनऊ में विभिन्न जनपदों से प्राप्त शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान कई महत्वपूर्ण मामलों पर निर्णय लिया गया, जिनमें मजदूरी दिलाने, गलत तरीके से दर्ज मुकदमों की जांच और नियुक्ति बहाली से जुड़े मामले शामिल थे।

बहराइच निवासी राधेश्याम विश्वकर्मा ने शिवशक्ति इंटरप्राइजेज के ठेकेदार से मजदूरी दिलाने की शिकायत की थी। इस पर पुलिस अधीक्षक आर.एन. सिंह ने उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा। ठेकेदार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्यवाही की गई। आयोग अध्यक्ष ने इस पर पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली की सराहना करते हुए अन्य



जनपदों के पुलिस अधिकारियों को भी इसी प्रकार गरीबों एवं पिछड़ों की शिकायतों के प्रति संवेदनशील होने की सलाह दी। अरविंद कुमार वर्मा बनाम पुलिस आयुक्त लखनऊ के मामले में शिकायतकर्ता ने भू-माफियाओं की शह पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गलत तरीके से मुकदमा दर्ज किए जाने की शिकायत की। सुनवाई के दौरान सक्षम अधिकारी की अनुपस्थिति पर अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और निष्पक्ष जांच कराने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी 2025 को होगी।

दीपशिखा सैनी बनाम अधिशाषी अभियंता, नलकूप खंड, सिद्धार्थनगर के मामले में अभियंता की ओर से अवगत कराया गया कि शिकायतकर्ता के देयकों का भुगतान कर दिया गया है।

शाल्वी वर्मा बनाम निदेशक, एनएचएम, उत्तर प्रदेश के मामले में शिकायतकर्ता की नियुक्ति बहाल कर, उन्हें जिला चिकित्सालय सहारनपुर में तैनाती देने की जानकारी आयोग को दी गई। सुनवाई के दौरान कई मामलों में संबंधित अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिस पर आयोग अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि सुनवाई के दौरान अधिकारी अनुपस्थित पाए गए, तो उनके विरुद्ध शासन को पत्र भेजकर कार्यवाही की सिफारिश की जाएगी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि पर मनाया समर्पण दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में सभी मंडलों में बूथ कार्यकताओं के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। भाजपा के महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को भाजपा परिवार समर्पण दिवस के रूप में मना रहा है। जिसमें नेतागण एवं कार्यकर्ताओ ने श्रद्धांजलि अर्पित कर और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।भाजपा समर्पण दिवस हर साल 11 फरवरी को दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर मनाती आ रही है। दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राष्ट्र के राजनीतिक



परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी है। दीनदयाल उपाध्याय एक दक्षिणपंथी भारतीय राजनीतिज्ञ और विचारक थे, जो आरएसएस या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समर्थित हिंदुत्व विचारधारा के समर्थक थे। वे भारतीय जनसंघ पार्टी के संस्थापक नेता थे। दीनदयाल उपाध्याय का दृष्टिकोण भारत को न केवल कृषि क्षेत्र में बल्कि रक्षा और अन्य क्षेत्रों में भी एक स्वतंत्र और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में देखना था। भाजपा परिवार देश के पीएम मोदी के शासन काल को उनके सपनों को साकार रूप देने की ओर अग्रसर सरकार के रूप में देखता है। मोदी सरकार की कार्यशैली में अंत्योदय की स्पष्ट छवि दिखाई पड़ती है जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन मूलाधार को पूरा करने वाला है।

# सैल्यूट तिरंगा का संगठन विस्तार, बृजपाल तेवतिया को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राजनगर सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रवादी संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संगठन के विस्तार को लेकर प्रदेश एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में सैल्यूट तिरंगा संगठन के कार्यों को देश और दुनिया में चल रहे कार्यक्रमों के बारे में चर्चा हुई राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा ने संगठन द्वारा आज तक किए गए महत्वपूर्ण कार्यों जिसमें विगत तीन वर्षों से एक कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक तिरंगा यात्रा अटल तिरंगा सम्मान गंगा तिरंगा आरती के आयोजन की चर्चा की राष्ट्रीय संगठन महामंत्री पोखरियाल ने कहा की राष्ट्रीय धर्म से बढ़कर कोई धर्म नहीं हैसनातन संस्कृति ही भारत को विश्वगुरु के पद पर आसीन कर सकती है राष्ट्रीय महामंत्री रवि चिकारा नें कहा आज महाराष्ट्र की भूमि में सैल्यूट तिरंगा संगठन अनेक राष्ट्रवादी कार्य को कर रहा है







वृक्षारोपण का कार्य नागपुर की धरती से प्रारंभ किया जाएगा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रोमी चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिला मोर्चा युवा मोर्चा का पूरे प्रदेश में संगठन तैयार किया जा रहा है प्रयागराज के महाकुंभ में राष्ट्रध्वज तिरंगा स्थायी रूप से स्थापित किया गया आज के कार्यक्रम आयोजक ब्रजपाल तेवतिया को सैल्यूट तिरंगा संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया उन्होंने कहा कि उन्हें आजाद हिंद बोस के परिवार में जन्म लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है वे खुद भी अपना जीवन राष्ट्र की सेवा में अर्पित करना चाहते हैं कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा राष्ट्रीय महामंत्री संगठन सच्चिदानंद जी राष्ट्रीय महामंत्री रवि चिकारा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रोमी चौधरी, संजीव शर्मा, विजय चौधरी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**तैयारियां** | वन मंत्री ने वृक्षारोपण महाभियान को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

# अवैध कटान व अवैध शिकार में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध हो कठोर कार्यवाही: डा0 अरूण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** वन विभाग ने इस वर्ष आयोजित होने वाले वृक्षारोपण महाअभियान की तैयारियां शुरू दी हैं। इस संबंध में प्रदेश के पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन एवं जन्तु उद्यान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा0 अरूण कुमार सक्सेना ने आज प्रदेश भर के वन अधिकारियों के साथ विधान भवन स्थित तिलक हाल में बैठक की और वृक्षारोपण महाभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने अन्य विभागीय योजनाओं एवं बजट की भी गहन समीक्षा की।

वन मंत्री ने कहा कि वर्ष 2015 से वर्ष 2024 तक 4,07,186 हेक्टेअर भूमि पर वृक्षारोपण किया जा चुका है। इस वर्ष वन विभाग के लिए 80 हजार हेक्टेयर भूमि पर 12.60 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य है। अन्य विभागों के लिए भी अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। व्यापक स्तर पर होने वाले वृक्षारोपण से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जायें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिए पौधशालाओं में उपयुक्त ऊँचाई के स्वस्थ एवं गुणवत्तापूर्ण पौध की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। अवैध कटान व अवैध शिकार में लिप्त असामाजिक, अवांछित, आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए तथा अवैध कटान व अवैध शिकार के प्रकरणों की संख्या शून्य की जाये।



उन्होंने समस्त जिलों में इको पर्यटन के उपयुक्त विकास एवं पर्यवेक्षण के निर्देश दिये। बैठक में जनपदवार उपलब्ध कुल वन भूमि, प्रभागों में स्थापित कुल पौधशालाओं एवं उपलब्ध कुल पौध की संख्या, वृक्षारोपण स्थलों के भौतिक सत्यापन एवं अनुश्रवण ईकाईयों द्वारा किए गए सर्वेक्षण की प्रगति तथा पेड़ बचाओ अभियान योजना के अन्तर्गत की गयी कायार्वाही पर गहन चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त कैम्पा योजना के अन्तर्गत विगत पाँच वर्षों में विभाग को प्राप्त कुल भूमि एवं कराए गए कुल वृक्षारोपण, वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय राजमार्गों व मुख्य जनपदीय मार्गों पर किए गए वृक्षारोपण/ थीम प्लान्टेशन, वन्य जीव अपराधों में विगत 3 वर्षों में पंजीकृत मामले एवं उनका निस्तारण, विगत तीन वर्ष में अवैध कटान की स्थिति, ग्रीन बिल्डिग के निर्माण के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही एवं वन विभाग के अन्तर्गत दैनिक श्रमिकों को न्यूनतम वेतन के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विभागीय कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एव जलवायु परिवर्तन, अनिल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, सुनील चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव अनुराधा वैमुरी एवं मुख्यालय स्थित वरिष्ठ अधिकारियों सहित समस्त जनपद के मुख्य वन संरक्षक एवं वन संरक्षक ने प्रतिभाग किया।

# अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल पटेल नगर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** डॉ.अखिलेश मोहन मुख्य







चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद एवं डॉ रविंद्र कुमार नोडल अधिकारी, अनुराग भारती जिला कार्यक्रम प्रबंधक, कर्नल रोहित गोस्वामी प्रबंधक एवं तृप्ति बावड़ी प्रधानाचार्य की गरिमामय उपस्थिति में किया गया, जिसमें आयु वर्ग 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के समस्त लक्षित बच्चों को कृमि उन्मूलन हेतु टैबलेट एल्बेंडाजोल खिलवाने हेतु जागरुक एवं प्रेरित किया गया एवं स्कूल में उपस्थित लक्षित आयु वर्ग के बच्चों को मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद के द्वारा टैबलेट एल्बेंडाजोल खिलवाई गई।

# यूपी बोर्ड परीक्षा-2025: हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा कापियों हुआ वितरण: डा.विनिता

**दीवान इंटर कालेज से किया गया परीक्षा कापियों का वितरण**

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** आगामी 24 फरवरी 2025 से शुरू होने जा रही उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा संपन्न कराने के लिए मेरठ रोड स्थित दीवान इंटर कालेज से परीक्षा कापियों व बी कापियों का केन्द्र व्यवस्थापकों में वितरण किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डा.विनिता ने बताया कि आगामी 24 फरवरी से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू होने जा रही है। परीक्षा संपन्न कराने के लिए निर्धारित 40 परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थापकों द्वारा तैयारी की जा रही है। जनपद में हाईस्कूल के 14662 व इंटरमीडिएट के 13862 छात्र छात्राएं पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के लिए बोर्ड से हाईस्कूल की 75974 व इंटरमीडिएट की 66074 परीक्षा कापियों इसके अलावा हाईस्कूल की 30390 व इंटरमीडिएट के लिए 19820 बी परीक्षा कापियों प्राप्त हुई है। डीआईओएस ने बताया कि मेरठ रोड स्थित दीवान इंटर कालेज से परीक्षा कापियों का वितरण केन्द्र व्यवस्थापकों में किया गया।



दीवान इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डा.मनोज सिंह ने बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की प्राप्त परीक्षा कापियों का वितरण परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों में कराया गया है।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ साइंसेज के विद्यार्थियों का औद्योगिक दौरा नमस्ते इंडिया डेयरी प्लांट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ साइंसेज के विद्यार्थियों ने हाल ही में नमस्ते इंडिया डेयरी प्लांट, मोदीनगर का औद्योगिक दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत के कार्यों और प्रौद्योगिकी से परिचित कराना था, ताकि वे अपने शैक्षिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझ सकें। इस औद्योगिक दौरे ने विद्यार्थियों को उद्योग जगत में कार्यरत विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया और उनके शैक्षिक और पेशेवर दृष्टिकोण को समृद्ध किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर महेन्द्र अग्रवाल ने टिप्पणी करते हुए कहा, 'हमेशा से ही एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से सशक्त बनाना है, बल्कि उन्हें उद्योग जगत के लिए भी तैयार करना है। इस प्रकार के औद्योगिक दौरे विद्यार्थियों को अपने करियर की दिशा निर्धारित करने में मदद करते हैं।"






कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसंजीत कुमार ने फैकल्टी और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और उद्योग में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी मेहनत और उत्साह से कार्यक्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

रजिस्ट्रार डॉ. राजेव रतन ने भी इस यात्रा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, 'हमारे विद्यार्थियों के लिए यह दौरा एक अमूल्य अनुभव था। उन्होंने यह अनुभव किया कि उद्योग और शैक्षिक क्षेत्र का सामंजस्य कैसे कार्य करता है और उन्हें एक बेहतर पेशेवर बनने के लिए किस प्रकार की तैयारी करनी चाहिए।'

स्कूल ऑफ साइंसेज की निदेशक, प्रो. डॉ. ज्योत्सना पंडित ने इस शैक्षिक भ्रमण को आयोजित करने के लिए फैकल्टी सदस्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक दौरे विद्यार्थियों के शैक्षिक और पेशेवर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रमुख, डॉ. ज्योति चौधरी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उन्हें इस यात्रा से अधिक से अधिक लाभ उठाने की प्रेरणा दी। इस दौरे के दौरान, डॉ. प्रगति, श्रीमती रितु यादव और सुश्री त्रिप्ती ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उनके साथ यात्रा की।

विद्यार्थियों ने नमस्ते इंडिया डेयरी प्लांट के विभिन्न विभागों और प्रक्रियाओं का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान उन्हें डेयरी उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण, और औद्योगिक प्रौद्योगिकी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

# जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर भाकियू ने दिया धरना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जिले में शीतगृह आलू भंडारण का बढ़ाया किराया वापिस लिया जाये:पवन**

**हापुड़।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में पदाधिकारियों व किसानों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान को मांग को लेकर जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। भाकियू धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पवन हूण ने कहा कि सिंभावली शुगर मिल व बृजनाथपुर की चीनी 70000 व 15600 कुंतल मार्केट रेट से 300 कम में बेच दी गई,यह चीनी रु मोटी 43000 रू 27000 रु,15000 रू 6.00 35,50 रेट पर बेक दी,इस चीनी बिक्री में दयाल पोपली,आनंद मिश्रा,अतुल शर्मा, यह सभी सेल्स में आते हैं, इस समस्या के समाधान के लिए करीब 15 दिन पहले जिला गन्ना अधिकारी को लिखित में दे दिया था,इन सभी सेल्स के पदाधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए,जिले में शीतगृह द्वारा आलू भंडारण का बढ़ाया गया किराया 20 रुपये किराया वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि उक्त समस्या के समाधान के लिए 17 फरवरी को इन तीनों सेल्स के अधिकारियों व कोर्ट द्वारा नियुक्त आरपी के अधिकारियों के समक्ष किसानों से वार्ता होगी । इस अवसर पर राधेलाल त्यागी,जोगिंदर मावी,रवि भाटी, राजेंद्र डागर,मोनू त्यागी,कटार सिंह, सुधीर त्यागी, रूपराम सिंह,नरेश तोमर मनोज तोमर,जितेंद्र नागर, राजवीर भाटी,रवि ओपी भाटी,जतिन चौधरी,शिवानंद त्यागी,लखन तोमर,संदीप तोमर,सियानंद त्यागी, एलपी सिंह तोमर,महेंद्र सिंह त्यागी, योगेंद्र शर्मा विनीत कुमार, अमित ठाकुर, जगपाल सिंह,परमानंद सिंह, विक्रम तोमर, उत्तम तोमर,विनीत चौहान, मेहताब अली,मोहम्मद खान, सैफ अली,अनस,महेंद्र त्यागी,राधे तोमर आदि किसान उपस्थित रहे।



# 100 दिवसीय टी0वी0 खोजी अभियान: कुराना टोल प्लाजा पर लगाया स्वास्थ्य शिविर लगाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह के नेतृत्व में जनपद में 100 दिवसीय टी0 वी0 खोजी अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य शिविर में लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर टीबी मरीज खोजने के साथ-साथ इस बीमारी के लक्षणों की जानकारी दी रही है। मंगलवार को बुलंदशहर रोड पर स्थित टोल प्लाजा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारी की स्क्रीनिंग की गई एवं जिन लोगों को क्षय रोग के लक्षण दिखाई दिए उनको बलगम जांच के लिए बलगम कंटेनर दिए गए साथ ही सभी कर्मचारियों को क्षय रोग के 10 लक्षण उपचार एवं निदान के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला पीपीएम0 समन्वयक सुशील चौधरी ने टोल प्लाजा पर कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को बताया गया कि यदि किसी को खांसी आती है बलगम आता है तो वह इधर-उधर ना थूके खांसते समय मुंह पर रुमाल या तोलिया का इस्तेमाल करें,यदि बलगम आए तो ब्लीचिंग पाउडर या राख में बलगम को थूके और उसको मिट्टी में गड्ढा खोदकर दबाए। इसके साथ-साथ यदि किसी व्यक्ति को 10 लक्षणों में से कोई भी एक लक्षण दिखाई दे तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच अवश्य कराएं। यदि कोई व्यक्ति की उम्र 60 वर्ष से अधिक है,मधुमेह से पीड़ित है या अन्य किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित है वह भी अपने टीवी की जांच अवश्य करें।

- स्वास्थ्य शिविर सभी टोल कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की
- अधिकारियों व कर्मचारियों को टीबी लक्षणों की दी जानकारी



# जेएमएसआईटी में विक्ड अड्डा का बहु उद्देशीय धमाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** संस्थान अपने छात्र-छात्राओं के चहुंमुखी विकास व शत प्रतिशत प्लेसमेंट के उद्देश्य के अनुरूप समय-समय पर विभिन्न महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित करता रहता है।

इसी क्रम में आज डॉ0 हिमांशु सिंघल (सेक्रेटरी) की अनुमति व प्रो. (डॉ0) अनिरुद्ध विश्वास (निदेशक) व प्रो. (डॉ0) प्रवीण कुमार गुप्ता (प्राचार्य) के दिशा निर्देश में टीवीएस राइडर्स व दैनिक जागरण के संयुक्त तत्वाधान में एक बहुउद्देशीय कार्यक्रम विक्ड अड्डा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के सुप्रसिद्ध एंकर अमित माथुर (ऋ ट एंकर), सुपरवाइजर कमल मिश्रा, प्रमोटर भीम व अशोक ने पूर्ण मनोयोग से चार घंटे के मैराथन कार्यक्रम में अनेक शानदार रोचक कंपीटिशन, एक्टिविटीज, राइड्स, लक्की ड्रॉ व फोकस एक्टिविटीज आदि कराई। सड़क सुरक्षा, महिला शशक्तिकरण, आत्म बल, छात्र छात्राओं की अभिव्यक्ति व ध्यान एकाग्रता के चमत्कार, कार्यक्रम के केंद्र में रहे। लाफ्टर चैलेंज, अविचलित ध्यान के लिए व्युत्क्रम ९ से ं तक बोलना, गायन, एक्टिंग, शायरी व टीवीएस बाइक राइडिंग अनुभव से सजे कार्यक्रम का सभी छात्र छात्राओं ने खूब आनंद लिया।




संस्थान के सेक्रेटरी डॉ0 हिमांशु सिंघल ने लकी ड्रा के कूपन निकाले जिसमें प्रथम पुरस्कार, सैमसंग मोबाइल नितेश कुमार (पॉलीटेक्निक प्रथम वर्ष) को; 500 के वाउचर्स मीनाक्षी (बीबीए द्वितीय वर्ष), इमरान चौधरी (डी फार्म) व शमशुद्दीन (बी फार्म) को, अनेक छात्र छात्राओं को पॉप शोकेट्स और की-चैन गिफ्ट में दी गईं। सभी छात्र - छात्राएं इस शानदार कार्यक्रम से और गिफ्ट्स पाकर खूब प्रसन्न दिखे।

# श्रीमद्भागवत कथा...असली धन राम नाम का धन ही बस साथ में जाता है: पंडित रामकृष्ण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मित्रता की अद्भुत मिसाल है भगवान श्री कृष्ण के मित्र सुदामा**

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** द्रोणाचार्य की तपस्थली गुरुकुल पूठ के प्राचीन गंगा मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पंडित रामकृष्ण दास महाराज ने बताया कि जीवन चलने के लिए भजन ही एक सार है,बाकी सब बेकार है। भगवान शंकर पार्वती को समझा रहे हैं,उमा कहूं मैं अनुभव अपना सत हरि भजन जगत सब सपना..धन चाहे तो धर्म कर मुक्ति चाहे भज नमस्ते राम यह हार्ड मास का पुतला नर भजन बिना किसका।

भागवत कथा में व्यास जी ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि सुदामा परम गरीब है,परंतु राम नाम का धन इक्ठा किए हुए हैं,संसार का धन तो संसार में ही छूट जाता है। असली धन राम नाम का धन ही बस साथ में जाता है। उन्होंने गंगा मैया की महिमा का वर्णन किया 24 गुरुओं का वर्णन किया परीक्षित मोक्ष का वर्णन करते हुए कथा को विराम दिया।



इस अवसर पर योगाचार्य विशाल शर्मा शास्त्री,आदर्श शर्मा, गोलू शर्मा, दिनेश शर्मा,राजेंद्र शर्मा, डॉ राजकुमार शर्मा. मूलचंद शर्मा फौजी, अलका शर्मा, राजेश्वरी सैनी, शिव कुमारी शर्मा, गुडिया शर्मा, शकुंतला बाबा, नरसिंह देवानंद, सुरेश सैनी, रामवती देवीअर्जुन सिंह रेखा देव,विक्रम सिंह भोलू सिंह, फतेह सिंह,वीर सिंह घमंडी, लाल पहलवान, जीत, अंकित सैनी, महेश सैनी आदि मौजूद रहे।

**जागरूक** — धौलाना ब्लाक में महिलाओं को विधिक जानकारी उपलब्ध कराई गई

# महिला अपनी सुरक्षा के लिए हो जागरूक: निशांत शिशोदिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जिला जज हापुड़ मलखान सिंह की सार्थक पहल**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना ब्लाक परिसर में महिलाओं की जागरूकता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हापुड़ के नेतृत्व में महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने हापुड़ जिला सत्र न्यायालय से महिला अधिवक्ताओं की टीम पहुंची । जहा उन्होंने एकत्र महिलाओं को अपने मूल अधिकारों के लिया जागरूक किया । इस मौके पर धौलाना ब्लाक प्रमुख निशांत भाई शिशोदिया ने कहा की आज कोई महिला स्वयं को असहाय नही समझे । सरकार ने उनके अधिकारों को लेकर विभिन्न कानून व सहायता के लिए विभागो का गठन किया है । इसलिए किसी भी महिला के साथ किसी भी तरह का उत्पीड़न होता है तो वह तत्काल विभिन्न हेल्प लाइन नंबर पर अपनी समस्या बताकर तत्काल सहयाता प्राप्त कर सकतीं है । यदि न्यायालय के लिए किसी भी महिला अधिवक्ता करने में स्वयं सक्षम नहीं है तो वहां भी सरकार द्वारा सहायता उपलब्ध कराई जाती है । बस जरूरत है हमारी बहने अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो । कार्यक्रम आयोजन कराने में बीडीओ धौलाना रामकुमार शर्मा का विशेष सहयोग रहा । इस मौके पर एडीओ मुश्ताक अहमद, विनोद कश्यप, लोकेश शर्मा, सुरेन्द्र पाल सिंह मुन्ना ढीकरी, राजू त्यागी, विनोद राणा, शंशाक सिंह, गुरविंदर सिंह, सहित विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे ।






धौलाना ब्लाक परिसर में महिला कर्तव्य और अधिकारों की जानकारी देते ब्लाक प्रमुख ।

# आईडीबीआई बैंक ने स्कूल में वाटर कूलर,पंखे आदि भेंट किये, ग्राम प्रधान व जि.पं.सदस्य ने बैंक अधिकारियों को आभार व्यक्त किया



बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को हापुड़ ब्लाक क्षेत्र के गांव उबारपुर में संचालित प्राथमिक विद्यालय न0 2 को आई डी बी आई बैंक ने सीएसआर फंड के तहत अलमारी बैटरी कुर्सी इंवर्टर वाटर कूलर आरओ पंखे और झूले भेंट किए गए। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य विकास चौधरी,ग्राम प्रधान सुभाष,शिक्षक संघ अध्यक्ष नीरज चौधरी,प्रधानाध्यापक महेन्द्र सिंह द्वारा आई डी बी आई बैंक से आये एजीएम सोमवीर, शाखा प्रबंधक अमित राठौर, परवेज आलम,निधि रानी, सुनील कुमार का स्वागत व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों से भविष्य में भी इसी प्रकार की मदद अन्य विद्यालयों में भी करने का अनुरोध किया गया जिससे की बच्चे संसाधनो के साथ बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें । इस अवसर सतीश, मामचंद ,डा0 बब्बू, शशि, गुलबहार, लियाकत अली, अमरजीत,सविता, सुनीता, पूजा रानी आदि उपस्थित रहे।

## सम्बन्ध विच्छेद

मैं अपने पुत्र ललित कुमार व पुत्र वधू श्रीमति पूजा को अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। ललित व पूजा द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थिनी**
**श्रीमति राजवती पत्नी स्व.कृष्ण अवतार**
**नि.ग्राम अच्छेजा,थाना हापुड़ नगर,तहसील व जिला हापुड़**

## सम्बन्ध विच्छेद

मैं अपने दोनों पुत्र सुनील पाल व अमित पाल व पुत्र वधू पूनम को अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के अन्य सदस्यों के सम्बंध विच्छेद करता हूँ। सुनील,अमित व पूनम द्वारा किये गये कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थी**
**हुसन पाल पुत्र स्व.जय प्रकाश**
**नि.ग्राम कनिया कल्याणपुर,थाना बाबूगढ़,जिला हापुड़**

## सम्पादकीय

# परीक्षा योद्धाओं की नई परिभाषा: परीक्षा के युद्धक्षेत्र से परे



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

प्रकृति ने अपनी असीम बुद्धि से प्रत्येक मनुष्य को एक अलग पहचान दी है - हमारी उंगलियों के निशान से लेकर आंखों की पुतलियों तक, हमारे अनुभव से लेकर विचारों तक, हमारी प्रतिभाओं से लेकर उपलब्धियों तक। मानवीय विशिष्टता के बारे में यह गहन सत्य हमारे समाज की विशेषता रही है और हमारी शिक्षा प्रणाली को इस विशेषता को प्रतिबिंबित करना चाहिए। प्रत्येक बच्चे में कुछ जन्मजात प्रतिभा होती है, कुछ शैक्षिक प्रतिभा से चमकते हैं, अन्य रचनात्मकता के लिए तत्पर होते हैं, कई अन्य एथलेटिक और पेशेवर कौशल से युक्त होते हैं। इस विशिष्टता को दशार्ते हुए, स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था, शिक्षा मनुष्य में पहले से मौजूद पूर्णता की अभिव्यक्ति है। एक बच्चे की प्राकृतिक प्रतिभा को निखारना और उसे उसकी पसंद के शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में रचनात्मक रूप से शामिल करना हमारे शैक्षणिक संस्थानों के सामने कठिन चुनौतियां रही हैं। शिक्षकों और नीति निमार्ताओं के रूप में हमारी भूमिका एक बच्चे की अनूठी प्रतिभा को विकसित करना है, जिससे वह चुने हुए लक्ष्य में श्रेष्टता प्राप्त कर सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने प्रतिभा को परिभाषित करने और उसको विकसित करने के तरीके में एक विलक्षण बदलाव किया है। यह एक दार्शनिक ढांचा है जो वास्तव में हमारे प्रत्येक बच्चे में मौजूद विशिष्टता की सूक्ष्म रूपरेखा का वर्णन कर सकता है जो हमारे देश की उन्नति में योगदान देता है। हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम शिक्षा में संपूर्ण सुधार लागू कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चे की शैक्षिक यात्रा हमेशा रोमांचकारी और यादगार बनी रहे। बच्चे पढ़ाई और परीक्षा के दौरान किसी भी तरह के तनाव और दबाव से मुक्त रहें। यह दृष्टिकोण हमारे शैक्षिक सुधारों का केंद्र है, बुनियादी शिक्षा से लेकर शिक्षा और अनुसंधान के उच्चतम स्तरों तक। कुछ साल पहले, हमारे युवा शिक्षार्थियों के लिए बाल वाटिका या खिलौना-आधारित शिक्षा ने व्यापक संदेह को आमंत्रित किया होगा। आज, एनईपी की बदौलत, ये अभिनव दृष्टिकोण प्रारंभिक शिक्षा में आमूल परिवर्तन ला रहे हैं, जिससे सीखना कष्टदायक होने के बजाय एक आनंददायक कार्य बन गया है। हमारी नई शिक्षा प्रणाली यह मानती है कि प्रत्येक बच्चा अपनी प्राकृतिक प्रतिभा के अनुसार विकास करता है। हमारी क्रेडिट ट्रांसफर नीति जो एक अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट स्थापित करती है, एक और उन्नतिशील कदम आगे बढ़ाती है। यह माना जाता है कि जीवन का मार्ग हमेशा सीधा नहीं हो सकता है, बल्कि इसमें उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं और सीखना विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न गति से हो सकता है। शिक्षार्थी औपचारिक शिक्षा को रोक सकते हैं क्योंकि वे अपनी रुचि के अनुसार काम करते हैं, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं तथा अपने परिवार का समर्थन करते हैं। जब वे औपचारिक शिक्षा में वापस लौटते हैं, तो उनके अपने अनुभव और उपलब्धियां काम आती हैं और इन्हें महत्व दिया जाता है जो उनके क्रेडिट अकादमिक रिकॉर्ड में शामिल किया जाता है। यह अनुकूलनियता इस बात को जोर देती है कि सीखने के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं, जो लोगों को उनके जीवन के किसी भी मोड़ पर सीखने के पारिस्थितिकी तंत्र में वापस लाते हैं। सरकार ऐसी संस्कृति विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां परीक्षा में सफलता कभी भी संपूर्ण विकास पर हावी न हो, जिससे हमारे युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान न हो। इस महत्वपूर्ण चुनौती को पहचानते हुए, हमारी सरकार ने परीक्षा से संबंधित तनाव को दूर करने में मदद करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बना दिया है। प्रधानमंत्री की अभूतपूर्व परीक्षा पे चर्चा पहल छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के मूल्यांकन के तरीके को बदलने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। छात्रों और अभिभावकों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत ने परीक्षा की चिंता को राष्ट्रीय संवाद में बदल दिया है। उन्होंने पिछले कई वर्षों से परीक्षाओं को लेकर होने वाली चिंता को दूर करने का प्रयास किया है, जो संवेदनशील दिमाग पर अनावश्यक दबाव डालती है। प्रधानमंत्री के अपने जीवन और अनुभवों से लिए गए व्यावहारिक सुझावों को परीक्षार्थियों ने खूब सराहा है, जिससे उनका परीक्षा में तनाव मुक्त प्रदर्शन आश्वस्त हुआ है। सच्चे नेतृत्व के एक उदाहरण में, हम भारतीयों की भावी पीढ़ी को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी नेता के समर्पण को देख रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है और राष्ट्र की प्रगति की ओर निरंतर अग्रसर होना सुनिश्चित करता है।

# दिल्ली चुनाव: एक मिथक का अंत और एक त्रासदी का और बड़ा होना



संजय पराते

दिल्ली में आप पार्टी की हार से देश के पैमाने पर उसके विकल्प बनने के मिथक का अंत हो गया है, लेकिन इसने देश को एक बड़ी त्रासदी में फंसा दिया है। भाजपा की जीत से वे सभी लोग निराश हैं, जो भाजपा-आरएसएस-कॉर्पोरेट गठजोड़ के वास्तविक खतरे को समझते हैं कि यह हमारे देश के जनतंत्र की जड़ों को सींचने के बजाय उसमें मट्ठा डाल रहा है। शुरूआत लोकसभा चुनाव से पूर्व इंडिया ब्लॉक के उदय से ही करें। इसका उदय भाजपा विरोधी ताकतों के बीच इस समझदारी के साथ हुआ था कि आज देश के लिए सबसे बड़ी त्रासदी भाजपा है, जो कोई स्वतंत्र राजनैतिक दल नहीं है, बल्कि उस आरएसएस की राजनैतिक शाखा है, जिसका जगजाहिर हिडेन एजेंडा आंबेडकर के संविधान और देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बदलना है और उसकी जगह मनुस्मृति पर आधारित हिन्दू राष्ट्र की स्थापना करना है। पिछले दस सालों से इस रास्ते पर धीरे-धीरे चलते हुए आज वे इतना आगे बढ़ गए हैं कि खुले आम इसकी घोषणा करते हुए नफरत की राजनीति कर रहे हैं और सरकार के संरक्षण में महिलाओं, दलितों और आदिवासियों पर हमले कर रहे हैं, देश की संस्थाओं और सार्वजनिक संपत्ति को बेशर्मी से बेच रहे हैं, चुनावी फंड के नाम से कॉरपोरेटों से हजारों करोड़ रुपए अवैध ढंग से इकट्ठा कर चुके हैं और चुनाव आयोग पर कब्जा करके चुनाव की प्रक्रिया को विकृत करने में माहिर हो चुके हैं। उनकी पूरी मुहिम हमारे लोकतांत्रिक गणतंत्र को फासीवादी गणतंत्र में बदलने और चुनावी जीत के जरिए अपनी जनविरोधी और कॉर्पोरेटपरस्त नीतियों को वैधता दिलाने की है। अपनी तमाम कमजोरियों के बावजूद, इंडिया ब्लॉक की पार्टियों ने लोकसभा चुनाव में देश की जनता के सामने संगठित होकर इस खतरे को सामने रखा गया था कि भाजपा द्वारा '400 पार ' का नारा वास्तव में संविधान बदलने के लिए दिया जा रहा है। आम जनता ने इसका सकारात्मक प्रत्युत्तर भी दिया था और भाजपा को स्पष्ट बहुमत देने से इंकार कर दिया। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में कांग्रेस यदि अपनी जमीन बचाने में कामयाब रहती, तो दो बैसाखियों के सहारे भाजपा को सत्ता में टिकने की भी जगह नहीं मिलती। कांग्रेस की छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में हार के कारण बहुत ही स्पष्ट है और उनमें एक बड़ा कारण उसकी नरम हिंदुत्व की नीतियां और जल, जंगल, जमीन के मामले में उसका कॉर्पोरेटपरस्त झुकाव और भ्रष्टाचार में पगा होना था।

लोकसभा चुनाव के राज्यवार नतीजों के विश्लेषण से यह भी स्पष्ट था कि भाजपा को हराने के लिए राज्यों के स्तर पर संगठित विपक्ष को एकजुट रणनीति बनानी होगी। लोकसभा चुनाव के बाद जहां ऐसा कर पाए, वहां भाजपा को सत्ता से दूर रखने में सफल रहे। दिल्ली चुनाव के नतीजों से फिर साफ हो गया है कि जहां कहीं इस समझदारी का उल्लंघन होगा, भाजपा की राह आसान होगी।

अन्ना आंदोलन से अपनी भ्रष्टाचार विरोधी छवि के साथ उभरे केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी बनाकर 2013 और फिर 2015 में अपनी धमाकेदार जीत दर्ज की थी। जीत की इस गूंज को 2020 में भी उन्होंने दुहराया। इस जीत की चमक और धमक इतनी तेज थी कि उसने राष्ट्रीय स्तर पर आप और केजरीवाल को स्थापित किया। वामपंथ के बहुत से समर्थकों को भी आप में आशा की किरण दिखी, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर वामपंथ का संसदीय प्रभाव कमजोर हो चुका था। उन्हें उम्मीद थी कि एक वैकल्पिक नीतियों को सामने रखकर इस देश की राजनीति को बदलने में आप पार्टी सक्षम होगी। लेकिन पिछले पांच सालों में उनकी इस आशा पर तुषारापात हुआ, क्योंकि विचारधारा के स्तर पर आप पार्टी सबसे ज्यादा "शून्य" साबित हुई और कुछ लोकप्रिय योजनाओं और कार्यक्रमों के जरिए ही उसने अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने की कोशिश की। इस वैचारिक शून्यता को केजरीवाल ने स्वयं को केंद्र में रखकर भरने की कोशिश की। राष्ट्रीय राजनीति के किसी भी मुद्दे पर आप पार्टी का कोई परिभाषित स्पष्ट दृष्टिकोण नहीं था और उसके कार्यकर्ता अपने-अपने व्यक्तिगत रुख से संचालित होते रहे। ऐसे वैचारिक दिवालियेपन की भद्द पिटना तय था। दिल्ली राज्य की आबादी में 17% दलित हैं, तो 13% मुस्लिमों सहित लगभग 18-20% आबादी अल्पसंख्यकों की हैं। ऊंची जातियों के 35-40% वोट हैं, तो लगभग 30% पिछड़ों के भी हैं। केजरीवाल और आप के उदय ने समाज के दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों को तथा निम्न वर्ग और मध्य वर्ग के बड़े हिस्से को प्रभावित किया। वे हिस्से भी आप पार्टी की ओर आकर्षित हुए, जो भाजपा की सांप्रदायिक नीतियों से सहमत होते हुए भी उससे किसी कारण से असंतुष्ट थे और आप पार्टी की कार्यशैली में भाजपा की झलक देखते थे। आप पार्टी पर भाजपा की 'बी टीम' होने का ठप्पा ऐसे ही नहीं लगा था। आम जनता के एक बड़े हिस्से ने, और इसमें नौजवानों का एक बड़ा तबका भी शामिल है, केजरीवाल और आप के उदय में अपनी आकांक्षाओं को देखा था। 2013 में उसे लगभग 30% वोट मिले थे, लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उसने जो कुछ सकारात्मक कदम उठाए थे और इन योजनाओं का धुआंधार प्रचार करते हुए उसने अपने को जनहितकारी राजनीति करने वाली एक भिन्न किस्म की पार्टी के रूप में स्थापित किया, उसके चलते 2015 और 2020 में उसके वोट प्रतिशत बढ़कर 54-55% तक हो गए। इस बीच भाजपा का जनाधार 33-38% के बीच बना रहा, तो कांग्रेस का जनाधार 25% से सिमटकर 4% पर आ गया। इससे साफ है कि केजरीवाल भाजपा के वोटों में तो सेंध नहीं लगा पाए, लेकिन कांग्रेस के परंपरागत वोटों को अपने में समेट लिया था। कांग्रेस से आप पार्टी की ओर वोटों का खिसकना कांग्रेस की वैचारिक दिशाहीनता और भाजपा के मुकाबले एक सक्षम विकल्प दे पाने में उसकी असफलता का नतीजा था और आप पार्टी को इसका दोष नहीं दिया जा सकता था। आप पार्टी ने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सभी 12 सीटों पर 2015 और 2020 में जीत हासिल की थी। इसके अलावा, अन्य 18 सीटों पर दलित वोट काफी प्रभाव रखते थे, वहां भी उसने विजय प्राप्त की। जिन 11 सीटों पर अल्पसंख्यकों का अच्छा-खासा प्रभाव था, वे भी उसकी झोली में गई। इस बार के विधानसभा चुनावों में भी जिन 22 सीटों पर आप पार्टी जीती हैं, उनमें 8 दलित और 8 अल्पसंख्यक प्रभाव वाली सीटें हैं, जो इस झंझावात में भी केजरीवाल के साथ खड़े रही। 2022 के नगर निगम चुनावों में एक बार फिर केजरीवाल ने कुल 250 सीटों में से 134 सीटों पर जीत हासिल की तथा भाजपा को 104 सीटें मिलीं। कांग्रेस को मात्र 9 सीटों से ही संतुष्ट होना पड़ा।



लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव के विधानसभावार आंकड़ों पर गौर करें, तो आम जनता के बदलते मूड को भांपा जा सकता था। इस चुनाव में भाजपा को लगभग 55% वोट मिले थे और 52 विधानसभा सीटों पर उसे बढ़त मिली थी। इंडिया ब्लॉक के रूप में संयुक्त रूप से लड़ते हुए उन्हें संयुक्त रूप से लगभग 43% वोट मिले थे। आप पार्टी को 10 और कांग्रेस को 8 सीटों पर बढ़त मिली थी। विधानसभा चुनाव के लिए कोई भी रणनीति इन नतीजों को ध्यान में रखकर ही की जानी चाहिए थी, क्योंकि भाजपा के पास 12% वोट और 34 सीटों की बढ़त थी।

इसलिए इस विधानसभा चुनाव में जरूरत इस बात की थी कि भाजपा को दिल्ली राज्य की सत्ता से दूर रखने के लिए और ज्यादा समझदारी, और ज्यादा एकजुटता के साथ और ठोस राजनैतिक मुद्दों पर व्यापक सहमति के साथ इंडिया ब्लॉक के रूप में आप पार्टी और कांग्रेस मिलकर लड़तीं। लेकिन इस जरूरत को नकार दिया गया, यह मानकर कि लोकसभा चुनावों में बाजी हमेशा भाजपा के ही हाथों लगी है और विधानसभा चुनावों पर इस बार भी इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। नतीजन, यह गलत निष्कर्ष निकाल लिया गया कि एक साथ चुनाव लड़ने का कोई फायदा नहीं है। कांग्रेस की नजर आप के एंटी-इनकंबेंसी वोटों पर थी, जिसके बल पर वह लोकसभा चुनाव में 8 विधानसभा सीटों पर मिली बढ़त को और बढ़ाना चाहती थी। आप को भी लग रहा था कि भाजपा की बदले की राजनीति से पैदा सहानुभूति की लहर पर वह फिर से सत्ता की नाव पर सवार होने में कामयाब हो जाएगी। लेकिन न ऐसा होना था, न हुआ। चुनाव के नतीजे बताते हैं कि कांग्रेस के मत प्रतिशत में 2% की बढ़ोतरी जरूर हुई है, लेकिन शून्य पर आऊट होने की हैट्रिक बनाने से वह बच न सकी। आप के वोटों में लगभग 10% की गिरावट ने उसकी सत्ता से बेदखली तय कर दी। इस गिरावट के अधिकांश वोट भाजपा की ओर खिसक गए, क्योंकि भाजपा के वोट 38% से बढ़कर 46% पर पहुंच गए। दोनों पार्टियों को मिले मत प्रतिशत का योग यही कहता है कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को सत्ता की चाबी बेमन से ही सौंपी है, क्योंकि अपने-अपने राजनैतिक अड़ियलपन के चलते उन्होंने चुनाव मैदान में उतरने से पहले ही उन्होंने भाजपा को वॉक-ओवर दे दिया था। इसके लिए ये दोनों पार्टियां अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने हर तरह की पैंतरेबाजी की। लेफ्टिनेंट गवर्नर के कार्यालय का उपयोग केजरीवाल की सत्ता को निष्प्रभावी बनाने के लिए किया। जहर भरा सांप्रदायिक प्रचार अभियान चलाया। ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने में मदद की। दलित वोटों की काट के लिए मायावती को पटाकर बसपा को भी मैदान में उतारा। चुनाव आयोग भाजपा की पूरी मदद करने के लिए मैदान में थी और चुनावी हिंसा तथा पैसे-साड़ी बांटने सहित भाजपा के खिलाफ किसी भी शिकायत को उसने कोई तवज्जों नहीं दी। पिछले लोकसभा और इस विधानसभा चुनाव के 8 महीनों की अवधि में दिल्ली में वोटरों की संख्या में 5% की वृद्धि हुई है, जो अप्रत्याशित है। यहां तक कि केंद्रीय बजट का उपयोग भी दिल्ली के मध्यमवर्गीय मतदाताओं को लुभाने के लिए किया गया। 12 लाख रुपए तक की आय को आयकर से छूट इसी दृष्टि से दी गई थी। शीशमहल के आरोप ने केजरीवाल की भ्रष्टाचार विरोधी और ईमानदारी छवि को खत्म किया, तो शराब नीति घोटाला, दिल्ली जल बोर्ड में वित्तीय अनियमितता, केजरीवाल सहित आप के प्रमुख नेताओं की गिरफ्तारियों ने आप के दिल्ली मॉडल का कचूमर निकाल दिया। भाजपा के आक्रामक हमलों का मुकाबला करने के बजाय आप पार्टी का पूरा ध्यान कांग्रेस पर हमला करने पर था। सेंट्रल विस्टा में मोदी के लिए बन रहे 460 करोड़ी स्वर्ण महल को बेनकाब करने की जगह उसने राहुल गांधी को भ्रष्ट नेताओं की सूची में रखने को प्राथमिकता दी। आप पार्टी का अतीत भी उसका पीछा कर रहा था। मार्च 2020 में दिल्ली दंगों के समय पीड़ितों के आंसू पोंछते वह कहीं दिखी नहीं। नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ संघर्ष में भी उसने केवल सांप्रदायिक पैंतरेबाजी की थी। चुनाव में भाजपा के राम का मुकाबला करने के लिए केजरीवाल हनुमान भक्त बनकर प्रकट हुए। आप का चुनाव प्रचार बिखरा-बिखरा रहा और जो था, वह केजरीवाल के इर्द-गिर्द ही सीमित था। कांग्रेस का भी चुनाव प्रचार भाजपा के खिलाफ न होकर आप पार्टी और केजरीवाल के खिलाफ ही रहा। दोनों पार्टियां यह परिप्रेक्ष्य भूल चुकी थी कि मुख्य लड़ाई भाजपा के खिलाफ है। यह इंडिया ब्लॉक की सर्वसम्मत भावना के ही खिलाफ था। तो जो नतीजे सामने आए, उसके लिए ये दोनों पार्टियां अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती।


चुनाव प्रचार में पूरा जोर इस पर था कि कौन, कितनी मुफ्त की रेवड़ियां बांट रहा है। फिर मुफ्त की बांटने में भाजपा को कौन पछाड़ सकता है? डबल इंजन सरकार बनाने की भाजपा की अपील काम कर गई, जबकि आप पार्टी की महिला सम्मान योजना ने महिलाओं को प्रभावित नहीं किया, क्योंकि पंजाब में उसने इसी तरह के वादे को पूरा नहीं किया था। इससे आप पार्टी से महिलाओं का वोट बैंक खिसक गया।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# संवेदना की मौत का महाकुम्भ: मदद में उठ खड़ा हुआ इलाहाबाद




बादल सरोज

दुर्भाग्य से बुरी आशंकाएं सच निकली और इस बार का कुम्भ, जिसे 144 वर्ष बाद पड़ने वाला महाकुम्भ बताया जा रहा है, इतिहास में कुप्रबंधन के महामंडलेश्वरों की जकड़न, अव्यवस्था के महा-अमात्यों की निगरानी और भ्रष्टाचार के पीठाचार्यों की रहनुमाई में संवेदनाओं की मौत के मेले के रूप में दर्ज होकर रह गया। मौनी अमावस्या के दिन तड़के सुबह बताये गए ब्रह्ममुहूर्त में गंगा तट पर लेटे, सोये, अधलेटों की तरफ लगे बैरीकेड को तोड़ती हुई लाखों की भीड़ संगम में डुबकी लगाने लपकी और उन्हें कुचलते हुए आगे बढ़ गयी। यह भगदड़ की वह जगह है, जहां हुए हादसे का होना सरकार और उसके ढिंढोरचियों ने, देर से ही सही, मगर आखिरकार कुबूल किया है। कुंभ गए लोगों और उनके द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर दिखाए वीडियोज, बताये वृतांतों के हिसाब से इसी झ 29 जनवरी झ के दिन एक नहीं, तीन जगह भगदड़ मची थी । इनमे कितने लोग हताहत हुए, इसकी कोई पुष्ट, आधिकारिक जानकारी देने को डबल इंजिन सरकार तैयार नहीं है। मृतकों की संख्या को लेकर अलग-अलग तरह के दावे और अनुमान हैं, जो कई सैकड़ा से लेकर हजार तक जाते हैं। योगी 17 से शुरू हुए थे, 30 से आगे मानने को तैयार नहीं हैं। डिजिटल कुंभ बताये जाने वाले इस समावेश में वसंत पंचमी के आखिरी अमृत स्नान के दिन 3 फरवरी तक आने वालों की एकदम सटीक संख्या 34 करोड़ 97 लाख का दावा करने वाली गणन मापन तकनीक तो उनके पास है, मगर मरने वालों की वास्तविक संख्या बताने के लिए जोड़ के जिस सामान्य गणित ज्ञान की आवश्यकता है, वह उनके पास नहीं है। बिकने के लिए राजी न होने वाले, सही कवरेज की जिद्द करने वाले पत्रकारों को रोका जा रहा है, उन्हें जेल भेजने की धमकियां दी जा रही हैं। तंत्र की सारी की सारी ताकत हताहतों की तादाद छुपाने के लिए झोंकी जा रही है। कथित मुख्यधारा प्रेस जितनी मुस्तैद हाथरस की भगदड़ मौतों को लेकर थी, उससे भी ज्यादा तत्परता से कुंभ हादसे को छुपाने, उसकी खबरें दबाने में लगी है।निर्मम निर्लज्जता की हद यह है कि एक तरफ योगी और उनकी सरकार की ओर से मृतकों को मुआवजे देने के एलान किये जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मृतकों के परिजनों का कहना है कि मृत देहों को सौंपने से पहले उनसे लिखवाया जा रहा है कि मृत्यु किसी दुर्घटना या हादसे में नहीं, सामान्य तरीके से हुई है। हाल के दिनों में धार्मिक मेलों, मंदिरों, बाब्बे-बाबियों के प्रवचनों और समागमों में, दर्शनों और प्रसादों में जितनी भीड़ बढ़ना शुरू हुई है, उतनी ही अफरातफरी और उनमें होने वाली मौतों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। मगर ऐसा डबल इंजिन काल में ही हुआ है, जब मरने वालों को सम्मानजनक अंत्येष्टि और संवेदना के दो शब्द देने और अपनी घोर असफलता के लिए जिम्मेदारियां तय करने की बजाय इसे



साजिश और देशद्रोहियों का किया-धरा बताया जा रहा है, उनके गिरोह का अफवाह फैलाने वाला तंत्र इसमें भी हिदू-मुसलमान और अगड़ा-पिछड़ा का तड़का लगाने में जुटा हुआ है। इसी गिरोह के दुभार्षा धंधक धोरी जले पर नमक छिड़क रहे है और दम घुटने, कुचलने से हुई मौतों को सीधे मोक्ष प्राप्ति का सुखद सुअवसर करार देने की धृष्टता तक करने से नहीं हिचक रहे हैं। कुंभ का मेला पहली बार नहीं भरा है, सदियों से भरता रहा है और बिना किसी योगी या मोदी के बुलाये ही हजारों, लाखों लोग जुटते रहे हैं। उनके लिए समुचित प्रबंध और इंतजाम होते रहे है। यदा-कदा हुई दुर्घटनाओं से सबक लेकर व्यवस्थाओं में सुधार किये जाते रहे हैं। इस बार की मौनी अमावस्या का दुखद हादसा भीड़ प्रबंधन के मामले में हद दर्जे की अकुशलता और अक्षमता और उच्चतम स्तर की अव्यवस्था और अयोग्यता का नमूना भी है, परिणाम भी है। जो जिंदा बचकर लौटे भी हैं, उनकी भी पीड़ाएं कम नहीं हैं ; मीलों तक पाँव-पाँव चलकर नदी की धार तक पहुंचना, विकट शीत में नम और ठंडी रेत में बिना छाँव, अलाव के सोना और पीने के पानी से लेकर चिवड़ा, पोहा और मूड़ी तक के लिए तरसना मेले में जाने वाले लगभग हर आम आदमी, औरत की भुक्तभोगी त्रासद व्यथा है।

## बुधवार का राशिफल

मेष — कार्य करने के लिए उत्साहित एवं आशावादी रहेंगे, रोग की दवा असर करेगी, बड़ा मकान बनाने की इच्छा पूरी हो सकती है, कंस्ट्रक्शन कार्य चलेगा। भाग्य प्रतिशत-74

वृषभ — व्यापारिक डील से फायदा होगा, मित्रों से मदद मिलेगी, इंटरव्यू में आत्मविश्वास बना कर रखें, विदेश यात्रा का अवसर मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-68

मिथुन — सोच समझकर बोले तो आर्थिक लाभ ले सकेंगे, घर में मन मुश्किल से लगेगा, पैतृक व्यवसाय में लोन या बाहरी उधार से परेशानी होगी। भाग्य प्रतिशत-65

कर्क — जो भी कार्य करें पैसे का बजट देख कर करें, डेयरी कार्य, दवा निर्माण,सीमेंट,टाइल्स सबंधित व्यवसाय में प्रगति होगी, आमदनी मध्यम होगी। भाग्य प्रतिशत-57

सिंह — खर्चे बढ़ेंगे, बच्चों को बाहर पढ़ने भेज सकते है, ईश्वर कृपा से काम बनेंगे, पत्नी को कोई रोग होने पर तुरन्त डॉक्टर के दिखाये। भाग्य प्रतिशत-66

कन्या — बड़ी महत्वकांक्षा रहेगी, आमदनी होने लगेगी, किसी केस से परेशानी सम्भव है, घर में पालतू जानवर ना लाए तो बेहतर होगा। भाग्य प्रतिशत-65

तुला — धार्मिक विश्वास कम हो सकता है, स्वयं पर अधिक भरोसा करेंगे, पत्नि व्यवसाय करने में साथ दे सकती है, टेक्निकल कार्य अधिक समझ आयेगा। भाग्य प्रतिशत-54


वृश्चिक — सद्बुद्धि रहेगी, इंटरव्यू की तैयारी करेंगे, उच्च शिक्षा लेने पर विचार करेंगे, रिश्तेदार से मिलने जा सकते है। भाग्य प्रतिशत-72

धनु — धन वृद्धि होगी, कॉमर्स के क्षेत्र में अच्छे अवसर मिलेंगे, मन शिक्षा में लगेगा,काम पर फोकस बना कर रखेंगे। भाग्य प्रतिशत-70

मकर — घर सम्बन्धी मसले सुलझ सकते है, छवि में सुधार होगा, जीवनसाथी की तरक्की सम्भव है, घर से कार्य करने को मिल सकता है। भाग्य प्रतिशत-67

कुंभ — व्यापारिक बातचीत सफल रहेगी, चर्म रोग, नसों के रोग से परेशानी सम्भव है, बैंकिंग, पीआर, बीमा सम्बन्धी कार्य करते है तो प्रगति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-53

मीन — टैलेंट का लाभ मिलेगा, कालेज में प्रेम प्रसंग सम्भव है, स्वास्थ्य का ध्यान रखें, वजन कम हो सकता है, परिवार का सहयोग मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-73



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# मानवता के प्रतीक-संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज



डॉ. बी.आर. नलवाया,

इस कहावत पर "मन चंगा, तो कटौती में गंगा" यह बेहद प्रसिद्ध कहानी विश्व विख्यात हुई, रविदास जयंती पर इसके गुणगान किया जाते हैं ' इस वर्ष 12 फरवरी को संत रविदासजी की जयंती पूरे देश में संत की इस सीख के साथ मनाई जा रही है की कुछ बुरे लोग गलत काम ही करेंगे, हमें यह तय करना चाहिए कि हम बुरे लोगों की वजह से अपनी अच्छाई नहीं छोड़ेंगे। संत रविदास अपने विचारों और अपने प्रेरक जीवन की वजह से आज भी याद किए जाते हैं। जो लोग उनके विचारों व उपदेशों को अपने जीवन में उतार लेते हैं, वह अनेकों परेशानियों से बच सकते हैं और उनके जीवन में सुख शांति बनी रह सकती है।

भारत देश में मध्य काल के दौरान सामाजिक असमानता, आर्थिक दरिद्रता और राजनीतिक अस्थिरता की स्थिति के साथ समाज में व्याप्त कुरीतियों के बोलबाले को समाप्त करने के लिए संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज जैसे महापुरुष संवत 1433 की माघी पूर्णिमा को ज्ञान और वैराग्य की शाश्वत भूमि काशी में सुसंपन्न चर्मकार कुल में अवतरित हुए। जिस दिन संत रविदास जी का अवतरण हुआ उस दिन रविवार था, इस कारण उन्हें रविदास कहा गया। संत रविदास की जन्म स्थली वाराणसी (काशी) उत्तरप्रदेश थी। उनके गुरु काशी के पंडित रामानंदजी एवं शिष्या चित्तौड़ की रानी झाली व कृष्ण भक्त मीराबाई थी। इस प्रकार रविदासजी भारत की 15 वी शताब्दी के एक महान संत, दर्शनशास्त्री, कवि, समाजसुधारक और ईश्वर के सच्चे अनुयायी थे। उन्होंने समस्त मानव समाज को मानवता और कर्मत्व की शिक्षा दी। उनकी वाणी बेहद सारगर्भित, अनूठी और प्रभावशाली थी। वे जीवन का मर्म जानते थे और इस मर्मज्ञान के माध्यम से ही उन्होंने समाज को जागृत करने एवं नई दिशा दिखाने का भरपूर प्रयास किया। वे

समतामूलक समाज की रचना में विश्वास रखते थे और कहते थे कि जन्म के आधार पर कोई भी मनुष्य ऊंचा या नीचा नहीं होता है, अपितु मनुष्य का व्यवहार ही उसे ऊंचा या नीचा बनाता है। संत रविदास जी ने जन्म के आधार पर होने वाले भेदभाव की घोर आलोचना की, उन्होंने कहा कि मनुष्य ने जातियों के भीतर अनेक जातियां बना दी जिसका कोई आधार नहीं है। जब तक यह जाति का भेदभाव रहेगा तब तक मनुष्य एक दूसरे से नहीं जुड़ पाएंगे। वे एक ऐसे सुशासन की मंशा रखते थे जिसमें प्रत्येक मनुष्य को अन्न व न्याय उपलब्ध हो। वे कहते थे कि अमीर तथा गरीब में आर्थिक विषमता की खाई को समाप्त करके ऐसे राज्य की स्थापना करके ही मुझे खुशी मिलेगी। वे इतने दयालु प्रवृत्ति के थे कि जो भी संत या फकीर उनके द्वार पर आता था वे उससे बिना पैसे लिए ही उन्हें अपने हाथों से बने जूते पहना देते थे। वे हर काम पुरी लगन और श्रद्धा से करते थे। संत ने अपने कर्म और वचनों से सभी को भक्ति, परोपकार और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने मनुष्य को सुख और शांतिपूर्वक जिले के लिए दो ही स्थान बताएं एक स्वराज्य और दूसरा शमशान। उन्होंने अपनी आत्मा को कभी भी धन या प्रसिद्धि का दास नहीं बनने दिया एवं पुरुषार्थ के स्थान पर कभी भी अकर्मण्यता को स्वीकार नहीं किया। मन की पवित्रता उनके लिए मानव जीवन का सच्चा जीवन लक्ष्य थी, इसलिए "मन चंगा तो कठौती में गंगा" जैसे सुविचार उन्होंने क्रियान्वित करके भी दिखाएं। संत के अनेकों प्रसंग है जिसमें उनके चमत्कारों का वर्णन भी मिलता है।

रविदासजी अंधविश्वास, आडंबर और कर्मकांड को निरर्थक मानते थे। उनकी भक्ति साधना में विनम्रता तथा प्रेम की प्रधानता थी। उन्होंने आचरण की पवित्रता पर विशेष बल दिया। संत रविदास गुरु महिमा और सत्संग के समर्थक थे। वे मानते थे कि सत्संगति के बिना भगवान से प्रेम नहीं हो सकता और भगवतप्रेम के बिना मुक्ति नहीं हो सकती। वे क्रोध, लोभ, माया, मोह एवं अहं को त्याज्य मानते थे। गुरु रविदास को गुरु रैदास के नाम से भी पुकारा गया एवं इन्हें संत शिरोमणि की उपाधि दी गई। उनके अधिकांश अनुयायी सिख धर्म का पालन करते थे और श्री गुरु ग्रंथ साहिब में आस्था रखते थे। रविदास जी का यह अनुयायी संप्रदाय मुख्य रूप से पंजाब के मालवा क्षेत्र में निवास करता है। रैदास ने अपनी काव्य रचनाओं में सरल, व्यावहारिक ब्रज भाषा का प्रयोग किया जिसमे राजस्थानी, खड़ी बोली, अवधी भाषा, एवं उर्दू तथा फारसी शब्दो का भी मिश्रण रहा।

उनके अनेकों दोहे तथा उक्तियाँ प्रचलित रही जो आज भी जीवंत मानी जाती है। रैदास की भक्ति सेवक और मालिक के समान है। जिस प्रकार सेवक अपने मालिक की भक्ति करता है और अपना पूरा जीवन उस मालिक की भक्ति में लगा देता है, उन्होंने ठीक वैसा ही जीवन जिया। वे भाईचारे को ही सच्चा धर्म मानते थे। उनकी भक्ति से हमें दूसरों की सहायता करने की सीख मिलती है जिससे आत्मज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। रैदास की वाणी भक्ति की सच्ची भावना, समाज के व्यापक हित की कामना एवं मानव प्रेम से ओतप्रोत थी इसलिए उनका श्रोताओं के मन पर गहरा प्रभाव पड़ता था। उनके भजनों तथा उपदेशो से लोगों को ऐसी शिक्षा मिलती थी जिससे उनकी शंकाओं का संतोषजनक समाधान हो जाता था एवं लोग स्वतः ही उनके अनुयायी बन जाते थे।

# जिला कारागार मथुरा पर जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग के निर्देशानुपालन में बंदियों के मध्य बैडमिंटन लीग प्रतियोगिता प्रारंभ हुई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** जिला कारागार मथुरा पर जेल अधीक्षक श्री अंशुमन गर्ग के निर्देशानुपालन में बंदियों के मध्य बैडमिंटन लीग प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। उक्त लीग में कारागार की विभिन्न बैरकों की कुल 32 टीमें बनाई गई हैं। एक मैच में कुल 3 पारी खेली जाएगी तथा प्रति दिन कुल 02 मैच खेला जाएगा।




आज प्रतियोगिता का शुभारम्भ जेल अधीक्षक श्री अंशुमन गर्ग द्वारा जेलर श्री सुशील कुमार वर्मा , उपकारपाल श्री रवीन्द्र कुमार , श्री अनूप कुमार एवं लेखाकार श्री सी एम तिवारी के साथ मैच खेलकर किया गया। उक्त की कुछ फोटो एवं वीडियो संलग्न है।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस का कलैक्ट्रेट में हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ (मनोज चौहान)।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि

**इंटरनेट का उपयोग करते समय बरतें अतिरिक्त सावधानी**
**साइबर अपराधों से बचाव केवल और केवल आपकी सावधानी-संजीव रंजन**

सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं अन्य विविध गतिविधियों के लिए इंटरनेट एक बहुत ही सशक्त माध्यम है। आज दैनिक दिनचर्या के साथ ही सभी तकनीकी क्षेत्रों में हम बड़ी ही आसानी से इसका उपयोग कर सकते हैं। परन्तु इसके दुरूपयोग की संभावना भी बहुत है। आज के समय में विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध इसी श्रेणी में आते हैं, जोकि इंटरनेट के उपयोग से ही संभव हैं। साइबर अपराधों से बचाव केवल और केवल आपकी सावधानी ही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सुरक्षित इंटरनेट दिवस एक साथ बेहतर इंटरनेट के लिए थीम के तहत मनाया जा रहा है।डीएम ने कहा कि आज के समय में कोई भी चीज मुफ्त या फ्री नहीं है, इसलिए आपके मोबाइल या कम्प्यूटर पर कोई फेक कॉल या मैसेज आए तो सावधानी रखें और उसकी सत्यता की पड़ताल करने के बाद ही कोई कदम उठाएं। उन्होंने उपस्थित सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आव्हान किया जब आप सरकार के लिए किसी सॉफ्टवेयर, पोर्टल या बेवसाइट का उपयोग करें तो अतिरिक्त सावधानी बरतें, अपनी लॉगिन आईडी और पासवर्ड को सुरक्षित रखें। उन्होंने



कहा कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस युग में सुरक्षित इंटरनेट के उपयोग का महत्व और अधिक बढ़ गया है। इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में जागरूक रहें और साइबर हमलों के खिलाफ सचेत रहें। उन्होंने कहा कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को सुरक्षित और बेहतर इंटरनेट के बारे में जागरूक करना है। डीएम ने उपस्थित अधिकारियों समेत सभी जनपदवासियों से आव्हान किया कि आओ हम सभी मिलकर इंटरनेट का सही उपयोग करें और एक सुरक्षित डिजिटल विश्व का निर्माण करें। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य प्रियंका आर्या, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़कों पर घूमते आवारा गोवंश को पकड़ने का चला अभियान, तीन दर्जन गाय बछिया को गौशालाओं में किया सुपुर्द

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** मथुरा वृंदावन महानगर क्षेत्र में सड़कों पर खुलेआम आवारा घूमते गोवंश को पकड़ने का अभियान नगर निगम की टीम द्वारा चलाया गया। अभियान में टीम द्वारा अलग-अलग स्थान से करीब चार दर्जन गोवंशों को पड़कर अलग-अलग गौशाला भिजवाया गया है।

नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्रांतर्गत सड़कों ,परिक्रमा मार्ग एवं मंदिर के आसपास क्षेत्र तथा मुख्य मार्गों पर आवारा गोवंश को पकड़ने की मांग पर नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा अभियान चलने के निर्देश दिए गए। अपर नगर



आयुक्त रामजी लाल द्वारा मंगलवार को निराश्रित/आवारा गौवंशो को पकड़ने हेतु अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान कोतवाली रोड़ से होली गेट, डैंपियर नगर, विकास मार्केट के रास्तों से होकर सौंख अड्डा तथा डीग गेट से मसानी रोड तक महाविद्या चौराहा जन्मभूमि क्षेत्र एवं अग्रसेन चौराहे से कच्ची सड़क तक कुल 19 निराश्रित/आवारा गोवंशों को पड़कर वृंदावन स्थित नगर निगम मथुरा-वृंदावन की कान्हा पशु आश्रय गौशाला पहुंचाया गया।

सोमवार को सदर क्षेत्र से कृष्णापुरी तिराहे तक 15 गोवंशों एवं 4 भैंस की पाडिया को पड़कर वृंदावन स्थित नगर निगम मथुरा-वृंदावन की कान्हा पशु आश्रय गौशाला पहुंचाया गया। नगर आयुक्त श्री चौधरी के अनुसार शहर के सभी जोन में आवारा घूम रहे गोवंशों को पकड़ने का अभियान प्रतिदिन चलाया जा रहा है।

# पिता ने की जमीन की वसीयत भाई के नाम,भाई हुए बेईमान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ (मनोज चौहान)।** थाना अकराबाद क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा कौडियागंज से मामला प्रकाश में आया है पीड़िता जकईया पुत्री सईयम ने आरोप लगाते हुए बताया मेरे पिता ने अपने बड़े भाई कययूम पुत्र मरदान के नाम निम्न

**पिता और बेटी का भविष्य संकट में एसएसपी से कार्रवाई की मांग**

शर्त पर वसीयत कर दी थी मेरे पिता से पैदा कोई पुत्र नहीं था पुत्री होने के कारण 16 बीघा जमीन की वसीयत अपने भाई के नाम निम्न शर्तों पर की थी कि मेरी पुत्री का भरण पोषण व विवाह शादी मेरे भाई व मेरा व मेरे भाई के पुत्र भविष्य में करते रहेंगे पीड़िता ने बताया मेरे ताया जाति चार भाई हैं कमरुद्दीन हसनुद्दीन रईस उद्दीन फखरुद्दीन चारों के हिस्से में मेरे पिता की चार-चार बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया है दो भाई हसमुद्दीन और फखरुद्दीन ने अपने हिस्से की जमीन बेच दी है मगर अब एक भाई कमरुद्दीन मेरी और मेरे पिता की देखभाल या भरण पोषण कर रहा है और किसी भाई ने अपनी निम्न शर्तों का पालन नहीं किया है न ही भाई धर्म निभाया पिता और पुत्री भुखमरी के कगार पर हैं भविष्य को देखते हुए भारी संकट खड़ा हो गया है पिता ताऊ का मानसिक संतुलन सही नहीं है और भाई अपनी मनमानी कर रहे हैं पीड़िता व पिता



मजबूरी और संकट में जीवन ज्ञापन कर रहे हैं भाई को वसीयत करना पिता की सबसे बड़ी भूल थी बेटी और पिता को जिंदगी के संकट से गुजरना पड़ रहा है पीड़िता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है भविष्य में भरण पोषण भत्ता दिलाने व निम्न शर्तों का पालन न करने पर कार्रवाई की मांग की है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पीड़िता को भरोसा दिया है और कार्रवाई के लिए थाना पुलिस को आदेश दिया है।

# मंत्री राजेश सचान ने सीएम-युवा के लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृति चैक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** प्रदेश के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम एवं हथकरघा मंत्री राजेश सचान द्वारा नुमाइश मैदान के कोहिनूर मंच पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) के अन्तर्गत प्रदेश के प्रथम मण्डल स्तरीय ऋण वितरण शिविर का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ

**एमएसएमई क्षेत्र में उद्योग स्थापना के लिए 05 लाख तक का ऋण बिना ब्याज व बिना गारंटी वाला मिलेगा ऋण**

किया गया। मंत्री जी ने ऋण वितरण शिविर में आए युवा उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से सीएम-युवा योजना के तहत प्रथम ऋण वितरण शिविर का आगाज हुआ है। योजना के तहत अनौखी पहल करते हुए आगामी 10 वर्ष में 10 लाख औद्योगिक इकाईयां संचालित कराते हुए युवाओं को लाभान्वित कराना है। उन्होंने कहा कि आप कल्पना कीजिए जब यही 10 लाख युवा उद्यमी नौकरी देने वाले बन जाएंगे तो कितने लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां अलीगढ़ व आगरा मण्डल के हजारों युवा उद्यमी हैं, इनको सरकार वित्तपोषित योजनाओं का लाभ देने के लिए बैंकों को कोड जारी किए गए हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से आव्हान किया कि बैंकर्स के साथ समन्वय बैठक कर अधिक से अधिक युवाओं को योजना से लाभान्वित कराए। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से योजना का प्रचार-प्रसार बूथ लेबिल तक करने का भी आव्हान किया।मंत्री जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश






दिवस के अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ‘‘सीएम-युवा’’ का शुभारम्भ किया। योजना के तहत प्रदेश में अब तक लगभग 80 हजार से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया है जिनमें से लगभग 36 हजार आवेदन बैंकर्स को प्रेषित किए गए जिनमें से 12900 युवाओं के ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष में अभी भी लगभग 50 दिन शेष हैं ऐसे में अधिक से अधिक युवाओं में लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 2018 में योगी जी द्वारा आरम्भ की गई ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना को मा0 प्रधानमंत्री जी ने पूरे देश में लागू किया है। पूरे देश में 5 करोड़ एमएसएमई इकाईयों में से लगभग 96 लाख उत्तर प्रदेश में है और यह हिस्सेदारी 16 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि अलीगढ़ में प्रदेश के पहले प्लेज का निर्माण हुआ है, जिसका लाभ जल्द ही यहां के उद्यमियों को मिलेगा। मा0 मोदी जी की प्रेरणा से योगी जी इस योजना का खाका इस प्रकार तैयार किया है कि युवाओं के ऋण अदायगी की जिम्मेदारी सरकार ने ली है।अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आरम्भ हुई इस योजना से युवाओं का स्वरोजगार स्थापना के पर्याप्त अवसर प्राप्त होंगे। मोदी जी के मार्गदर्शन में एवं योगी जी के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार मांगने वाले की जगह रोजगार देने वाला बनाने पर बल दिया जा रहा है। उन्होंने महिला उद्यमियों का आव्हान किया कि वह योजना का लाभ लेते हुए परम्परागत अचार, पापड़ एवं अन्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को अपनाकर स्वरोजगार आरम्भ कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वरोजगार से कोई समझौता नहीं किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बन गया है।महानगर अध्यक्ष इंजी राजीव शर्मा ने कहा कि जो हमारे युवा साथी हैं वह हमारे उद्यमी बनें, इसके लिए प्रदेश सरकार बिना ब्याज के ऋण एवं सब्सिडी उपलब्ध करा रही है। भारत एक युवा देश है, विश्व की बड़ी-बड़ी कम्पनियों के सीईओ भारतवंशी हैं, भारत के युवा विश्व भर में अपनी पहचान बना रहे हैं। पीएम कौशल विकास योजना के बहुत ही सार्थक परिणाम आए हैं। सीएम-युवा योजना में ऋण अदायगी की जिम्मेदारी सरकार की है ऐसे में बैंकर्स को ऋण देने में भी कोई आपत्ति नहीं है। मोदी जी और योगी जी के संकल्प को पूर्ण करने के लिए मंत्री जी आप सभी के बीच उपस्थित हुए हैं। जिला महामंत्री श्री शिवनारायण शर्मा ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के लिए कहीं भटकना न पड़े, इसके लिए उनको रोजगार देने वाला बनाना ही सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है वह इस धनराशि का अच्छे से सदुपयोग कर अपने उद्यम को ऊँचाईयों पर ले जाएं।संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत 21 से 40 वर्ष के कम से कम आठवीं पास एवं कोई भी तकनीकी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त युवक-युवतियों को बैंकों के माध्यम से अपना उद्योग अथवा सेवा क्षेत्र की गतिविधि प्रारंभ करने के लिए 05 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

# केंद्रीय बजट के गुणगान के चलते भाजपाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय को भूले, मूर्ति पर किसी ने नहीं किया माल्यार्पण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** अच्छे दिन किया आये भाजपाई अपने पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय को ही भूल गए आज उनके बलिदान दिवस पर महानगर के डैंपियर नगर स्थित पार्क में उनकी मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए कोई भी नहीं पहुंचा जबकि 55 वर्षों से लगातार पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नियमित श्रद्धांजलि देने उपस्थित होते थे। जनपद में पार्टी के राज्यसभा सदस्य, लोकसभा सदस्य के अतिरिक्त पांच विधायक मौजूद है साथ ही नगर निगम महापौर भी पार्टी के हैं। आज सुबह 9:30 बजे तक दीनदयाल पार्क के गेट का ताला लगा हुआ था, यदि कोई कार्यकर्ता आया भी होगा तो लौट कर चला गया। 9:35 पर नगर निगम का कर्मचारी मोहम्मद शकील आया उसने देखा कि यहां कोई नहीं है तो वह एक माला खरीद कर लाया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर अर्पित की। ज्ञात रहे कि अभी-



डैंपियर नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करता नगर निगम कर्मचारी मोहम्मद शकील

अभी दिल्ली में भी भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से विजय हुई है। लेकिन किसी को इस महान व्यक्ति की याद नहीं आई। बताया जाता है पार्टी के बड़े नेता महानगर प्रमुख केंद्रीय बजट के गुणगान में लगे हुए है।

## फांसी बाली मैडम | मथुरा में स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु ने रचा सजा कराने का इतिहास

# देश की नंबर वन सरकारी अधिवक्ता बनी अलका उपमन्यु, कैदी ही नहीं ब्रजबासी बोलते हैं फांसी बाली मैडम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ सरकार की संतुति पर उत्तर प्रदेश शासन की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन द्वारा नियुक्त मथुरा में पॉक्सो न्यायालय में स्पेशल डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट द्वारा अपने सवा चार साल के कार्यकाल में ऐतिहासिक निर्णय कराकर देश की पहली सरकारी अधिवक्ता के वन गयी है, जेल के कैदी ही नहीं अब तो बृजवासी भी उन्हें फांसी वाली मैडम बोलने लगे हैं डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट ने अपने सवा चार साल के कार्यकाल के अंदर ऐतिहासिक निर्णय कराए है, इसके लिए उन्हें उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख गृह सचिव एवं डीजीपी द्वारा पुलिस मेडल एवं प्रशस्ति पत्र तथा अभियोजन विभाग के डीजीपी, एवं कमिश्नर अपर पुलिस महानिदेशक डीआईजी डी एम द्वारा प्रशस्ति पत्र भी देकर उनके कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा भी की है, यही नहीं उन्हें लगातार दो बार से गणतंत्र दिवस की परेड में सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया है वहीं जिले की सांसद श्रीमती हेमा मालिनी द्वारा भी प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्य की प्रशंसा की गई है।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पॉक्सो न्यायालय में स्पेशल डीजीसी पद पर तैनात श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट ने एक फांसी की सजा घटित घटना के कोर्ट के 22 वे वर्किंग डे में दूसरी फांसी की सजा 35 दिन में और तीसरी फांसी की सजा 42 दिन में और चौथी फांसी की सजा 14 महीने में कराई है जो देशभर में अभियोजन विभाग में एक इतिहास है यही नहीं 50 से अधिक घटनाओं में अपराधियों को आजीवन की सजा अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा कराई तथा जो लोग पहले रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं और फिर समझौता कर लेते हैं और कोर्ट में आकर अपने बयान से मुकर जाते हैं ऐसे ढाई सौ से अधिक केसों में 22 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत जुमार्ना आदि की सजा करा कर सरकार को लाखों का राजस्व जमा कराया है।

कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा

लेकिन मैंने हार नहीं मानी !

मथुरा के पॉक्सो न्यायालय में स्पेशल डीजीसी पद पर तैनात श्रीमती अलका उपमन्यु ने अपने सवा चार साल के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसले दिलाने में अहम






भूमिका निभाई है। उन्होंने चार मामली में दोषियों को फांसी की सजा दिलवाई, जिनमें से एक फैसले को जहां उन्होंने मात्र 22 कार्य दिवसों में सुनिश्चित किया, वहीं 32 दिन में दूसरी 42 दिन में तीसरी और 14 महीने में चौथी फांसी की सजा दिलाई। इसके अलावा उन्होंने 50 से अधिक मामलों में दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दिलवाई, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि वे अपनी अंतिम सास तक जेल में ही रहे। उन्होंने 250 से अधिक मामलों में, जहां पीड़ित पक्ष पहले रिपोर्ट दर्ज करवाकर समाहौता करने की कोशिश पर 22 पॉक्सो एक्ट के तहत सजा और जुमार्ने को सुनिश्चित किया, जिससे सरकार को लाखों रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपने करियर, चुनौतियों और न्याय व्यवस्था से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

सरकारी वकील अलका उपमन्यु से विशेष बातचीतः

**आपने वकालत के क्षेत्र में आने का फैसला कब और क्यों लिया?**

जब मैंने वकालत को अपने करियर के रूप में चुनने का फैसला किया, उस समय समाज में वकालत की तुलना में बीएड (शिक्षण) की पढ़ाई को अधिक प्राथमिकता दी जाती थी। लोग सरकारी अध्यापक बनने को ज्यादा बेहतर मानते थे लेकिन मेरी रुचि हमेशा कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण करने की रही। में समाज में न्याय दिलाने की प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहती थी इसलिए मैंने कानून की पढ़ाई करने का निर्णय लिया।

**एक महिला वकील के रूप में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा?**

वकालत का क्षेत्र पुरुष प्रधान माना जाता है और एक महिला के रूप में यहां अपनी जगह बनाना आसान नहीं था। जब मैंने इस क्षेत्र में कदम रखा, तब महिलाओं को ज्यादा मौके नहीं मिलते थे। समाज में यह धारणा थी कि कठिन और गंभीर आपराधिक मामलों को पुरुष वकील ही बेहतर तरीके से संभाल सकते हैं। शुरूआत में मुझे भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन मैंने हार नहीं मानी।

**आपके सबसे याददाश्त केस कौन-कौन से रहे?**

मेरे करियर के कई ऐसे केस हैं, जो बेहद चुनौतीपूर्ण और यादगार रहे। सबसे महत्वपूर्ण मामलों में चार फांसी की सजा वाले केस शामिल हैं। एक तो सबसे तेज फांसी की सजा, इस मामले में मैंने महज कोर्ट के,22 कार्य दिवस के भीतर अपराधी को फांसी की सजा दिलाई। यह मेरी अब तक की सबसे तेज और महत्वपूर्ण जीत रही, जिसके लिए मुझे डीजीपी और गृहसचिव से पुलिस मेडल प्रशस्ति पत्र और सम्मान मिला

आज की न्याय व्यवस्था में सबसे बड़ी खामी क्या है और इसमें क्या सुधार होने चाहिए?

न्याय व्यवस्था में सबसे बड़ी समस्या यह है कि कई फरियादी दबाव या लालच में आकर अपने बयान से पलट जाते हैं। जब ऐसा होता है तो अभियोजन पक्ष की पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है। अपराधी बच निकलते है और समाज में अपराध बढ़ता है। मैंने ऐसे 250 से अधिक मामलों में जहां फरियादी अपने बयान से पलट गए, उनके खिलाफ कार्रवाई सहित 22 पॉक्सो एक्ट के तहत सजा और आर्थिक दंड की कार्रवाई कराई है ।

**आम जनता के लिए कोई संदेश**

मैं लोगों से यही कहना चाहूंगी कि अगर कोई अपराध आपके साथ या आपके परिवार के साथ होता है तो ढरिये मत डटकर मुकदमा लड़िए। रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद किसी के दबाव में आकर अपने बयान से पीछे न हटे। न्याय पाने के लिए संघर्ष करना जरूरी है, क्योंकि अपराधी को सजा तभी मिलेगी जब पीडित मजबूती से खड़ा रहेगा।

**आप भविष्य में किन कानूनी लड़ाइयों पर काम करना चाहती है?**

मेरा लक्ष्य यह है कि जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता दी जाए। मैं चाहती हूं कि गरीब और वंचित वर्ग के लोग भी कानूनी लड़ाई लड़ सकें। समाज में न्याय को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सामाजिक कानूनी जागरुकता कार्यक्रम चलाने पर ध्यान दूंगी।

# मथुरा वृंदावन में विकास कार्यों में मनमानी की आशंका से ग्रस्त पार्षदों का दल डीएम-वीसी से मिला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** महापौर पर लगाया तानाशाही और मनमानी का आरोप, एक समान कार्य कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन मथुरा। 15 वें वित्त की राशि को लेकर नगर निगम के पार्षद एकजुट हो गए हैं। सभी पार्षदों का आरोप है कि एक



समान रूप से 70 वार्डों में विकास कार्य नहीं हुआ तो आंदोलन को विवश होंगे। मंगलवार को पार्षद दल के नेता चौधरी राजवीर सिंह के नेतृत्व में करीब 50 पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल डीएम सीपी सिंह और एमवीडीए के उपाध्यक्ष एसबी सिंह से मिला। आश्वासन मिलने के बाद पार्षदों ने राहत की सांस ली है। उल्लेखनीय यह है कि 15 वें वित्त की आगामी बैठक 17 फरवरी को होने जा रही है। महापौर की विकास कार्यों में मनमानी की आशंका के चलते समस्त पार्षदों में उबाल है। एक समान 70 वार्डों विकास का खाका खिंचे, जिससे महानगर के 70 वार्डों में विकास की गंगा बह सके और जनता को राहत मिल सके। इसके लिए पार्षदों ने महापौर की मनमानी को देखते हुए मंगलवार को डीएम और एमवीडीए उपाध्यक्ष से मुलाकात करते हुए महापौर की आशंका से रूबरू कराया। डीएम और उपाध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि वार्डों में समान रूप और पारदर्शिता से कार्य होंगे। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य सचेतक राधाकृष्ण पाठक, उपसभापति मुकेश सारस्वत, सचेतक ठाकुर तेजवीर सिंह, नीनू कुंजबिहारी भारद्वाज, राकेश भाटिया, ब्रजेश खरे, नीरज वशिष्ठ, रेनू तिलकवीर सिंह, चंदन आहूजा, संतोष पाठक, लीला प्रधान, यतेंद्र माहौर, धनंजय चौधरी, नाजरा, गुलशन, मुन्ना मलिक, हेमलता धनगर, ओमवती, तरुण सैनी, राबूदा देवी, निरंजन सिंह, मोनिका, राकेश यादव, अबरार आदि पार्षद मौजूद थे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सरधना (जावेद अब्बासी )।** मंगलवार को भाजपा कार्यकताओं ने मण्डल कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आलोक जैन ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक प.दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि समाज के निर्माण से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है।भारतीय मूल्यों के आधार पर देश में एक सामाजिक,आर्थिक और राजनीतिक ढांचे के निर्माण के समर्थक थे। उनका इरादा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना था।पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार उनके बताए गए आदर्शो और नीतियों पर चलकर देश का विकास कर रही है।आज उनके पुण्यतिथि हम सभी उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे है। इस दौरान डॉ ओम कुमार पुंडीर,सभासद शानू जैन,शंकर सिंह,मंगू प्रधान,ललित गुप्ता,मुदित माहेश्वरी, पिंकी सोम,शालिनी सैनी, लोकेश जैन,योगेश वर्मा, रक्षित गर्ग, पंकज जैन, पूजा जैन,सुनीता सैनी कुसुम सैनी आदि मौजूद रहें।

# सुभारती अस्पताल ने ग्राम लोईया में लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल द्वारा ग्राम लोईया स्थित वीर सावरकर सुभारती अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आंख, महिला, बाल व दंत रोग आदि के चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की। शिविर का उद्घाटन राजदरबार परमात्मा नंद आश्रम ट्रस्ट के स्वामी गौरवानंद महात्मा एवं सुभारती अस्पताल के उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ.कृष्णा मूर्ति ने किया। राजदरबार परमात्मा नंद आश्रम ट्रस्ट के स्वामी गौरवानंद महात्मा ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई कार्य नही है। सर्दी के बदलते मौसम में सुभारती अस्पताल द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की जनता के लिए लगाया गया स्वास्थ्य शिविर सराहनीय कार्य है। सुभारती समूह प्रमुखता से शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, यह सभी के लिए प्रेरणादायक है। सुभारती ग्रामीण स्कूल एवं




स्वास्थ्य केन्द्र के निदेशक दीपक गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की जनता के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मेडिसिन, ईएनटी, डेन्टल, नेत्र, स्त्री, बाल रोग आदि के डॉक्टरों ने 186 मरीजों को जांच कर मुफ्त दवाईयां दी। सुभारती अस्पताल के उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ.कृष्णा मूर्ति ने कहा कि विश्वस्तरीय आधुनिक सुविधाओं के साथ अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने शिविर में मरीज का इलाज सेवा भाव से किया है।

उन्होंने बताया कि गरीब व बेसहारा लोगों की मदद करना सुभारती समूह की परम्परा है।

सुभारती अस्पताल के द्वारा ग्राम लोईया में स्थापित वीर सावरकर सुभारती अस्पताल में ग्रामीण क्षेत्र की जनता को चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

यहां प्रतिदिन डॉक्टरों की ओपीडी होती है। दंत चिकित्सक, स्त्री प्रसूति, जनरल मेडिसिन के विशेषज्ञ एवं जांच की सुविधा भी उपलब्ध है, जो ग्रामीण क्षेत्र की जनता को चिकित्सीय सेवाओं से लाभान्वित कर रहे है।

शिविर में विवेक सोम, डॉ. साई कुमार, डॉ. अमरीन खान, डॉ.ईशा अरोड़ा, डॉ.शालिनी, डॉ.मोमिता कुन्डू, डॉ. आरूषी मित्तल, डॉ. सूपेन्द्र पंडित, विवेक सोम आदि का सहयोग रहा।

# रेड रोज पब्लिक स्कूल में हुआ विदाई समारोह आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सरधना (जावेद अब्बासी )।** बेगमाबाद स्थित रेड रोज पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।इस अवसर पर मिस्टर रेड रोज कक्षा-10 का छात्र समीर,मिस रेड रोज कक्षा-10 की छात्रा नन्दनी,तथा स्टूडेंट ऑफ इयर कक्षा 12 की मन्तशा रही।प्रबन्धक रमनदीप चौधरी ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने अपने शिक्षा काल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विश्वास है कि वे अपने भविष्य में भी सफलता प्राप्त करेंगे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनकी मेहनत और उपलब्धियों के लिए सम्मानित भी किया गया।इस दौरान प्रबन्धक रमनदीप व प्रधानाचार्या सायरा अहमद ने विदाई समारोह में उपस्थित सभी छात्र- छात्राओं को परीक्षा का महत्व समझाते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान अरविन्द कुमार, शहनाज, पंकज, पूनम, बबीता,अशोक कुमार,अलीशा, रिया,सबिया, वैशाली,शिवानी,तनु,दीपिका,मुकेश,आदि उपस्थित रहें।

# भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बहसूमा।** मंगलवार को रामराज में भाजपा कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा विपेन्द्र सुधा वाल्मीकि की अध्यक्षता में जनसंघ एवं भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई।इस अवसर पर कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों पदाधिकारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विपेंद्र सुधा वाल्मीकि ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय एक कुशल संगठनकर्ता एवं प्रखर चिंतक थे। विपेन्द्र सुधा वाल्मीकि ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था उन्होंने कानपुर के सनातन धर्म कॉलेज से बीए और आगरा विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में एमए किया। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस ) से भी जुड़े थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति और समाज को एक नई दिशा प्रदान की उन्होंने एकात्मक मानवता का सिद्धांत दिया जो भारतीय संस्कृति और मूल्य पर आधारित है एक एकात्म मानववाद के अनुसार मनुष्य प्रकृति और ईश्वर एक दूसरे से जुड़े हुए हैं और सभी का कल्याण होना चाहिए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों ने भारतीय राजनीति और समाज को बहुत प्रभावित किया है उनके विचारों को आज भी प्रासंगिक माना जाता है। इस मौके पर व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक रोहित बंसल, मनीष चौहान, रोहिल चौधरी, रविंद्र गोस्वामी, सनी बिसरखिया, रविंद्र गोस्वामी, कल्लू पाल आदि मौजूद रहे।

# कानपुर में इंस्पेक्टर प्रदीप की अगुवाई में अपराधियों पर भारी गोविंद नगर पुलिस, कई शातिर गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां गोविंद नगर पुलिस द्वारा पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही मिलने वाली सूचनाओं पर अपराधियों के खिलाफ तत्काल प्रभावी कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है ,जिसके क्रम में अतिरिक्त इंस्पेक्टर अभय सिंह के साथ ही पीड़ितों की सहायता और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के मामले में अग्रणी पुलिस इंस्पेक्टर्स में से एक गोविंद नगर के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह की अगुवाई वाली टीम रतनलाल नगर के चौकी प्रभारी मनीष चौहान, गोविंद नगर के चौकी प्रभारी शिवा सिंह और सब इंस्पेक्टर सूरज कुमार द्वारा नाबालिक बच्चों को बेचने और उनसे काम कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर संबंधित सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने, ट्रेन से जा रहे अपराधी को जान जोखिम में डाल कर अदम्य साहस के साथ कार से डेढ़ सौ किलोमीटर तक पीछा करके गिरफ्तार करने, चौकी प्रभारी शिवा सिंह ,सब इंस्पेक्टर रेलवे कॉलोनी अमित फौजदार ,कांस्टेबल नीलम सिंह और अनुराग शुक्ला की टीम द्वारा ही नंदलाल चौराहे के पास भाजपा नेता विकास दुबे के मकान में हुक्काबार संचालकों प्रियांशु दुबे और मोहनिस पांडेय उर्फ जीतू के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही सब इंस्पेक्टर सुदेश कुमार और उप निरीक्षक यूटी मनीष सिंह आदि की टीम द्वारा घर से लापता संजय नगर के लगभग 10 साल के नाबालिग बच्चे हनी उर्फ बंटा को 6 घंटे के अंदर ही सकुशल बरामद करने आदि की कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई भी आम जनता से पुलिस की भूरि - भूरि सराहना भी करा रही है। कुल मिलाकर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह की नेतृत्व कुशलता वाले चिनौतीपूर्ण गोबिन्द नगर में नियुक्त चल रहे पुलिस वालों का परिश्रम योगी सरकार की मंशा के अनुरूप पीड़ितों के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ सफल है। जहां तक किसी की भी किसी भी पद या स्थान पर नियुक्ति का सवाल है। इसके आध्यात्मिक पक्ष के मुताबिक स्थानांतरण या किसी भी पद पर नियुक्ति के रूप में आपके कदम धरती के उस स्थान पर भी पड़ते हैं ,जहां जन्म के बाद पहले कभी नहीं पड़े होते और उन लोगों से भी मुलाकात होती है ,जिनसे पहले कभी नहीं मिले होते।

खास बात यह भी कि किसी भी पीड़ित की परेशानी का निस्तारण संबंधित के प्रति दुआओं का भी सृजक होता है जो कि उसके जीवन में फलित भी अवश्य ही होती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि किसी के प्रति भी दुआओं और बद्दुआओं के रूप में बोले गए शब्द कभी नष्ट नहीं होते। ....और अगर होते तो हमारी या किसी की भी मोबाइल से बात नहीं होती ,क्योंकि अजर, अमर, अविनाशी अक्षर से शब्द और शब्द से बने वाक्य ही लिखने, पढ़ने और बोलने के रुप में ही इस संसार का संचालन करते हैं। मतलब अगर कुछ लिखा न जाए , पढ़ा ना जाए या कुछ कहा और बोला ना जाए तो इस संसार का संचालन हो ही नहीं सकता।




इसी के साथ साधारण या फिर किसी सक्षम पद के रूप में पुलिस विभाग में सेवारत होना भी संसार के अन्य सभी पदों और विभागों की अपेक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि संसार के संचालन की ईश्वरीय व्यवस्था में जितनी बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका पुलिस विभाग की है, उतनी बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका संसार के किसी अन्य विभाग अथवा किसी अन्य सर्वोच्च पद धारक की भी कदापि नहीं , पुलिस विभाग में किसी भी पदधारक के रूप में यह महत्वपूर्ण भूमिका संसार में इंसान के जन्म के पहले शुरू होती है और मरने के बाद भी जारी रहती है' यहां जन्म से पहले मतलब शिकायत पर इस आशय की जांच और विवेचना के रुप में कि पेट में बच्चा किसका है और मृत्यु के बाद भी इस आशय से कि हत्या किसने की है? मतलब जन्म के पहले से लेकर मृत्यु के बाद तक जैसी इतनी बड़ी भूमिका पुलिस के अलावा संसार के किसी भी विभाग या उसके सर्वोच्च पद धारक की भी कदापि नहीं है। यही नहीं जन्म से लेकर मृत्यु तक के बीच के समय यानी जीवन को व्यक्ति के कर्मों के अनुरूप सुख या दुख में बदलने के साथ ही उचित पात्र लोगों के जीवन को बचाने और अपराध के रूप में जनहित के विपरीत आचरण करने वाले के जीवन को मृत्यु (मुठभेड़) के रूप में समाप्त करने की भी क्षमता , सक्षमता और समर्थता शरीर धारी के रूप में वह रखता है ,जिसे पुलिस कहते हैं।

# ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन का 24वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन का 24वां वार्षिकोत्सव दिल्ली के पीतमपुरा में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में देशभर से आए कार डीलर्स, राज्य पदाधिकारी और संगठन के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान संगठन की उपलब्धियों की चर्चा की गई और कार डीलिंग व्यवसाय से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों तथा उनके संभावित समाधानों पर विचार-विमर्श किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे एस नयोल का भव्य स्वागत किया गया। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष लोकेश मुंजाल एवं राष्ट्रीय लीगल एडवाइजर एडवोकेट सुशील लालवानी ने उन्हें बड़ी पुष्पमाला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में व्यापार को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की प्रतिबद्धता जताई। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष जे एस नयोल ने कार डीलर्स के व्यापार से संबंधित विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान को लेकर विचार रखे। उन्होंने आश्वासन दिया कि संगठन व्यापारियों की परेशानियों को दूर करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। उन्होंने विशेष रूप से ट्रेड लाइसेंस बनवाने में आ रही दिक्कतों, जीएसटी प्रणाली में खामियों को दूर करने और डीलर्स के साथ पुलिस द्वारा की जाने वाली ज्यादतियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही, कार खरीदने और बेचने की प्रक्रिया को सरल और सुरक्षित बनाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने की घोषणा की।



दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष लोकेश मुंजाल ने अपने संबोधन में कहा कि जे एस नयोल का नेतृत्व संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन में संगठन निरंतर प्रगति कर रहा है और आगे भी पूरी निष्ठा से कार्य करता रहेगा। उन्होंने सभी सदस्यों से आपसी सहयोग और एकजुटता बनाए रखने की अपील की, जिससे संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से आए वरिष्ठ पदाधिकारियों और विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए। विशेष रूप से तमिलनाडु समेत अन्य राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने संगठन की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की और व्यापार को और अधिक संगठित और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। कार्यक्रम के समापन पर संगठन के सदस्यों ने आपसी सौहार्द्र और व्यापार को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के संकल्प के साथ समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

# मौडकला में मृतक के परिजनों से मिले राज्य मंत्री चौधरी यशवीर सिंह ने परिजनों को दी सांत्वना

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बहसूमा।** बहसूमा थाना क्षेत्र के गांव मौडकला पहुंचे राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी राज्य मंत्री चौधरी यशवीर सिंह ने गांव पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उनको सांत्वना दी। बंता दे कि गांव मौडकला निवासी चौधरी किरण सिंह का बिमारी के चलते 3 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया था।वहीं 7 फरवरी को सुशीला पत्नी चौधरी किरण सिंह का आकस्मिक निधन हो गया था। मंगलवार को पीड़ित परिवार से मिलने राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी राज्य मंत्री चौधरी यशवीर सिंह उनके गांव उनके आवास पर पहुंचे और कहा कि इस दुख की घड़ी में वह परिवार के साथ है। उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए सब्र से काम लेने को कहा।इस राज्य मंत्री चौधरी यशवीर सिंह, हरेंद्र सिंह उर्फ हरिया, लोकेश सिरोही, पूर्व चैयरमेन सोनू चाहल,संजय देशवाल,गौरव देशवाल,प्रभात देशवाल, आशीष चौधरी, सचिन चौधरी प्रबंधक, रमेश पाल सिंह, मास्टर जयवीर सिंह, जयपाल सिंह, रिंकू देशवाल, पूर्व प्रधान कपिल देशवाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में बोर्ड के छात्र छात्राओं के लिए हवन-पूजन का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में कक्षा हाईस्कूल और इन्टरमीडियट के छात्र



- छात्राओं के लिए हवन-पूजन का आयोजन किया गयावैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विद्यार्थियों व गुरुजनों ने विधि विधान से हवन कराया। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक प्रीतीश कुमार सिंह, मैनेजर शाल्विक जैन और शिवानी जैन,प्रधानाचार्य अलका शर्मा भी उपस्थित रहे।उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी बोर्ड परीक्षा हेतु शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**विशेष पहचान** माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर ने इंग्लिश शिक्षा, विद्यार्थियों के अच्छे चरित्र निर्माण और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में निभाई महत्त्वपूर्ण भूमिका - विपुल जैन, नेशनल अवार्डी

# शिक्षा के क्षेत्र में माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर ने जनपद बागपत में बनाई विशेष पहचान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बागपत।** जनपद बागपत के शीर्ष स्कूलों में शुमार माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर में शुभाशीष समारोह बड़े ही धूमधाम और

> **पूर्ण विश्वास के साथ परीक्षार्थी जब परीक्षा देंगे तो उनका परीक्षा फल उत्तम ही आएगा-रवीश कुमार, प्रधानाचार्य-माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर, जनपद बागपत**

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में नेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल प्रबन्ध समिति की ओर से विपुल जैन का पटका पहनाकर अभिनंदन किया गया। विपुल जैन ने मां सरस्वती जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विपुल जैन ने कहा कि सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर जनपद बागपत के शीर्ष स्कूलों में शुमार है। इस स्कूल ने इंग्लिश शिक्षा, विद्यार्थियों के अच्छे चरित्र निर्माण और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है। विपुल जैन ने कक्षा 10 के विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए आगामी बोर्ड की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपना, अपने परिवार का और स्कूल का नाम रोशन करने की बात कही और अपना शुभाशीष प्रदान किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य रवीश कुमार ने विद्यार्थियों को परीक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण




जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपने प्रवेश पत्र, पहचान पत्र व पूरी यूनिफॉर्म के साथ परीक्षा देने जाए। किसी भी प्रकार का डर परीक्षा को लेकर आपके मन में ना हो और पूर्ण विश्वास के साथ आप जब परीक्षा देंगे तो आपका परीक्षा फल उत्तम ही आएगा। रवीश कुमार ने उत्तम परीक्षा फल के लिए विद्यार्थियों को शुभाशीष प्रदान किया। इस अवसर पर कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने कक्षा 10 के सीनियर विद्यार्थियों के साथ बिताए अच्छे पलों को साझा किया और समारोह में एक से बढ़कर एक मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये और परमेश्वर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में आदित्य, श्रेया, दीपिका, सृष्टि आदि विद्यार्थियों ने अपने मनोभाव व्यक्त किए। शानदार समारोह के आयोजन के लिये अविनाश जी के प्रयासों को सराहा गया।

समारोह का संचालन ममता शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर एक पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9 व 10 के विद्यार्थी शामिल हुए। समारोह के अंत में कक्षा 10 के सभी विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र का वितरण किया गया। वंदे मातरम के साथ शुभाशीष समारोह का समापन हुआ।

# सचल दल द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में चेकिंग न करने के लिए डा.अतुल जैन ने वाणिज्य कर के एडिशनल कमिश्नर को पत्र लिखा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद ।** डा.अतुल जैन ने वाणिज्य कर के एडिशनल कमिश्नर को पत्र लिखा कुछ समय पूर्व उद्यमियों और व्यापारियों द्वारा संज्ञान में लाया गया था कि औद्योगिक और व्यापारिक क्षेत्रों में माल बिक्री के बाद धर्म कांटों पर तुलने इत्यादि के लिए जाता है और कई स्थान से माल के लदान होने के उपरांत ही बिल बनाया जाता है इसीलिए क्षेत्र में वाहनों का संचालन,आवागमन होता रहता है। इसी के दृष्टिगत गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन ने वाणिज्य कर विभाग के एडिशनल कमिश्नर को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि सचल दल द्वारा व्यापारिक और औद्योगिक क्षेत्रों में जांच ना करके मुख्य मार्गों पर वाहनों की जांच की जाए। पूर्व में भी इस तरह के आदेश पारित हुए थे इस प्रकार से विभाग और औद्योगिक और व्यापारिक संगठनों के साथ-साथ उद्यमियों और व्यापारियों के बीच एक सौहार्दपूर्ण समन्वय बनेगा और कर संग्रह में सभी योगदान दे सकेंगे और किसी भी संभावित उत्पीड़न से व्यापारियों और उद्यमियों का बचाव हो सकेगा। डॉ.अतुल कुमार जैन ने जनपद गाजियाबाद के सभी उद्यमियों और व्यापारियों की ओर से किए गए निवेदन पर आशा व्यक्त की है कि व्यवहारिकताओं को ध्यान में रखते हुए एडिशनल कमिश्नर वाणिज्य कर द्वारा उचित निर्णय लिया जाएगा।



# टीएमयू फिजियौथेरेपी के युवा संवाद में हुई जबर्दस्त बहस

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथैरेपी विभाग की ओर से आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता- युवा संवाद में वन नेशन-वन इलेक्शन- क्या यह लोकतंत्र को सुदृढ करेगा के संग-संग मानसिकता को आकार देने में मीडिया की भूमिका और 21वीं सदी में भारत- एक वैश्विक नेता के रूप में आदि पर स्टुडेंट्स ने पक्ष और विपक्ष में अपने-अपने तर्क रखे। स्टुडेंट्स अभिनंदन ने वन नेशन-वन इलेक्शन के पक्ष, जबकि विनिश खान ने इसके विपक्ष में अपने-अपने तर्क दिए। मानसिकता को आकार देने में मीडिया की भूमिका के पक्ष में स्टुडेंट्स अनादिल पाशा ने जोरदार बहस की तो मो. अनस ने इसके विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्र विकास कुमार ने 21वीं सदी में भारत- एक वैश्विक नेता के पक्ष में अपने तर्क दिए, जबकि मो. हमजा ने इसके विपक्ष में तर्क विचार रखे। वन नेशन-वन इलेक्शन के पक्ष में कहा, इससे निरंतर चुनावी चक्र से मुक्ति मिलेगी और वित्तीय लाभ भी होगा। विपक्ष में तर्क दिए गए, इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था खोखली हो जाएगी। क्षेत्रीय दलों को बड़ा नुकसान होगा। साथ ही इतने बड़े देश में एक साथ चुनाव कराना भी चुनौती है। इससे पूर्व मेडिकल लैब टेक्निक की एचओडी डॉ. रूचि कांत ने बतौर मुख्य अतिथि मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शंखनाद किया। इस मौके पर फिजियोथैरेपी की विभागाध्यक्षा डॉ. शिवानी एम. कौल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर स्टुडेंट्स ने सांस्कृतिक प्रोग्राम्स के जरिए विभिन्न क्षेत्रीय लोकनृत्यों की प्रस्तुति देकर देश की सांस्कृतिक विविधता और देशभक्ति को दिखाया। कार्यक्रम में फैकल्टीज मिस नीलम चौहान, मिस प्रिया शर्मा, श्रीमती हिमानी, मिस शिवी गर्ग के संग-संग बीपीटी और एमपीटी के 120 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट्स जयंत जैन और भूमिका भारद्वाज ने किया।

## बंदरों ने बुजुर्ग महिला पर किया हमला, महिला गिरकर हुई घायल उपचार के दौरान मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी )।** ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव में मकान की छत पर धूप सेकने बैठी बुजुर्ग महिला पर बंदरों ने हमला किया जिस कारण अपना बचाव करते हुए महिला का संतुलन बिगड़ गया और महिला छत से गिरकर घायल हो गई आनन-फानन में बुजुर्ग महिला को परिजन उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। ब्लॉक क्षेत्र के शेखूपुर खास गांव में बुजुर्ग महिला हमशीरन, उम्र 60 वर्ष पत्नी स्वर्गीय फकीर मोहम्मद मलिक 9 फरवरी की सुबह अपने मकान की छत पर धूप सेकने के लिए बैठी थी गांव वालों के अनुसार सुबह 9:00 बजे अचानक बंदरों ने बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया जिससे बुजुर्ग महिला ने अपना बचाव किया तो उनका अचानक संतुलन बिगड़ गया और छत से नीचे गिर गई शोर शराबा होने पर गांव वाले एकत्र हो गए और परिजनों ने घायल अवस्था में बुजुर्ग महिला को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया । उपचार के दौरान 10 फरवरी की रात में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई जिसको मंगलवार की दोपहर को परिजनों ने गमगीन माहौल में गांव में स्थित कब्रिस्तान में दफन कर दिया । बुजुर्ग महिला के पति की पूर्व में मौत हो चुकी है बुजुर्ग महिला ने अपने पीछे दो लड़के एवं तीन लड़कियां छोड़ी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अब तक गांव में बंदरों के हमले से चार की जान जा चुकी है। और कई घायल हो गए हैं।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं भारतीय संस्कृति के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई ' नगर में भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए और उनके द्वारा देश हित में किए गए कार्य की जमकर प्रशंसा की गई' की गई ' भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक महान विचारक दार्शनिक अर्थशास्त्री और राजनेता के रूप में अंत्योदय के जनक थे। वह पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक देश के विकास को पहुंचाने के पक्षधर थे। उनका संपूर्ण जीवन एक विचारधारा है ।भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत थे।यह विचारधारा आज संपूर्ण राष्ट्र में बट वृक्ष बनकर जनमानस को आच्छादित कर रही है ।सभी कार्यकर्ता उनके जीवन प्रसंगों से उनके विचारधारा से प्रेरित होकर कार्य करें ।इस अवसर पर मुकेश माहेश्वरी, अशोक बिश्नोई, सत्यवान सिंह राजपूत, देवराज सिंह जाटव, सौरभ अग्रवाल, अंबरीश कुमार शर्मा रिजवान अल्वी, नेपाल सिंह, पुष्पेंद्र चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह एवं सूरज सिंह, निवेश कश्यप, मधु चौहान,चंचल पाल, साजिद इदरीसी, राजवीर सिंह सैनी, शीशराम सिंह, धर्मेंद्र चौहान, देवेंद्र चौहान, दयाराम सिंह, सुमित दिवाकर, डॉ अशोक चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# आधी रोटी खायें पर बच्चों को पढ़ाये: मुजफ्फर हुसैन मिस्बाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी)।** नगर के मौहल्ला सादात पश्चिमी डींगरपुर रोड पर स्थित मदरसा दारुल उलूम रजा ए मुस्तफा में रात में

- कुन्दरकी नगर के मदरसा दारुल उलूम रजा ए मुस्तफा में जलसे का हुआ प्रोग्राम
- 27 तालिब ए इल्म बच्चों के सरो पर दस्तारे हिफ़्जओ किरात और मौलवियत के ताज डिग्रियों से नवाजा गया

दीनीजलसे का प्रोग्राम बाद नमाजे ईशा शुरू हुआ जो की देर रात तक चला। दीनी जलसे के प्रोग्राम में सदारत कारी रफीक ने की। जलसे के प्रोग्राम में कर्नाटक की सरजमीं से मुफ्ती रिजवान नूरी तशरीफ लाये और जलसे को खिताब किया । मुफ़्ती मुजफ्फर हुसैन मिस्बाही ने जलसे को खिताब करते हुए फरमाया कि शरीयत ए मुस्तफा पर चलें दीन और दुनिया संवारे। उन्होंने आगे फरमाया कि आधी रोटी कम खाएं बच्चों को पढ़ाये। जलसे को मुफ़्ती रिजवान नूरी ने भी खिताब फरमाया। जलसे के प्रोग्राम में शाइरे इस्लाम आजम इकबाल ने नातिया कलाम पेश किये । कार्यक्रम में मदरसे के प्रिंसिपल मुफ़्ती नईमुद्दीन साअदी ने मदारिस की अहमियत पर रोशनी डालते हुए फरमाया कि मदारिस से इसलामिया ही इसलाम और मुसलमान का असल सरमाया है। इस मौके पर 27 बच्चों के सरो पर दस्तारे हिफ़्जओ किरात मौलवियत के



ताज रखकर उनको डिग्रियों से नवाजा गया। प्रोग्राम के आखिर में इदारे के नाजिमे आला कारी अब्दुल वकील ने बाहर से आए हुए मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। जलसे के प्रोग्राम के इख्तिताम पर खानकाहे मुअज्जमिया के सज्जादा हुजूर सय्यद नासिर मियां ने मुल्कों मिल्लत के लिये दुआ फरमाई। जल से मे दूर दराज के कसीर तादात में उलेमाओं ने शिरकत फरमाई । दीनी जलसे के प्रोग्राम में मुफ़्ती सय्यद वसीम मियां, मुफ़्ती दानिशुल कादरी, मुफ़्ती मुस्लिम, मुफ़्ती इकरामुल हक,कारी रफीक, मुफ़्ती अय्यूब अजहरी,मौलाना हबीब,कारी महफूज, मुफ़्ती गुल हसन, कारी इंतजार, मुफ़्ती तय्यब, मुफ़्ती जियाउल मुस्तफा कसीर तादात में मौजूद रहे।

# सड़क हादसे रोकने के लिए चिह्नित होंगे "ब्लैक स्पॉट" हटाए जाएंगे "अवैध टैक्सी " स्टैंड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** सड़क हादसे रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए जाएंगे। इसके बाद दुर्घटनाओं को रोकने के लिए छोटे कटों को बंद किया जाएगा और चौराहों को नए सिरे से सुधारा जाएगा।

इस संबंध में नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने निकायों को 21 सूत्री दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी नगर निकायों को निदेशों के अनुरूप सुधार के काम कराने को कहा है ।उन्होंने अवैध टैक्सी स्टैंडों और होर्डिंग आदि को भी हटाने और फुटपाथ पर लगने वाली बेतरतीब दुकानों को भी वेंडिंग जोन में शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं।

चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाकर उसे इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) से जोड़ने को कहा है ।दुर्घटना होने पर तुरंत पुलिस मदद को पहुंचे इसके लिए 112 को आईटीएमएस से जोड़ा जाएगा। इसे सेफ सिटी कार्यक्रमों से भी जोड़ा जाएगा। वाहनों के सुरक्षित आवागमन के लिए सड़कों पर लेन मार्किंग व जेब्रा क्रॉसिंग मार्किंग का काम शीघ्र पूरा करने को कहा है ।निर्देश के मुताबिक चौराहों को मानक के अनुरूप बनाने व सड़कों पर साइनेज (मार्गदर्शक बोर्ड) भी लगाए जाएंगे।

सड़कों के गड्ढों को ठीक और पर्याप्त मार्ग प्रकाश की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। चौराहों व संकरे स्थलों पर गाड़ियां खड़ी नहीं होने दी जाएंगी। अधिकृत हाल्टिंग स्थलों पर पेयजल, प्रसाधन, रोड मार्किंग, प्रकाश आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। प्रमुख सचिव ने अव्यवस्थित व अवैध होर्डिंग्स को हटाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने निराश्रित पशुओं को आश्रय स्थल पहुंचाने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए अभियान चलाने को कहा है।

## सभी प्राथमिक स्कूलों को मिलेंगे डेस्क- बेंच, अब जमीन पर बैठकर पढ़ाई नहीं करनी पड़ेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश में कक्षा एक से पांच के लाखों बच्चों को अब जमीन पर बैठकर पढ़ाई नहीं करनी पड़ेगी। बेसिक शिक्षा विभाग कक्षा एक से पांच के 70 हजार से अधिक स्कूलों के लिए डेस्क-बेंच की व्यवस्था करेगा। इसके लिए विभाग ने दो हजार करोड़ के बजट का प्रस्ताव नए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भेजा है। इस पर मुहर लगने के साथ ही इस दिक्कत का समाधान होगा। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से हाल के वर्षों में अभियान चलाकर परिषदीय स्कूलों के बच्चों के लिए सभी मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इसके तहत विद्यालयों में पठन-पाठन से जुड़ी स्मार्ट सुविधाएं भी दी जा रही हैं। इसी क्रम में जिन विद्यालयों में फर्नीचर (डेस्क-बेंच) की व्यवस्था नहीं है, वहां इसकी व्यवस्था की जा रही है। मुरादाबाद जनपद के अनेक स्कूलों में डेक्स बेंच की व्यवस्था नहीं है जिसकी वजह से बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते हैं।




# लाखों लोगों के लिए खुशी की खबर: मई तक बन जाएगा "नया कपूर कंपनी पुल" गर्डर रखने की तैयारियां तेज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** चार दिसंबर 2022 से दोपहिया वाहनों के लिए कपूर कंपनी पुल बंद है। दो साल से पुल निर्माण में जुटे रेलवे प्रशासन का दावा है कि नया पुल अप्रैल के अंत तक बन जाएगा। इसके साथ ही पुराने पुल को ध्वस्त किया जाएगा। पहले की तरह दोपहिया वाहन नए पुल से शहर के दूसरी ओर आवागमन कर सकेंगे।


पुल बंद होने से प्रभावित पांच लाख की आबादी को इससे राहत मिलेगी। नए पुल के निर्माण में रेलवे को तकनीकी स्तर पर काफी काम करना पड़ा है। पहले कई पेड़ काटे गए। इसके बाद दुकानों से कब्जा हटाया गया। रेलवे के कुछ आवास ध्वस्त किए गए। अब अगली चुनौती ओवरहेड लाइन को खोलने व दोबारा बांधने की है। अब तक सिर्फ पुल के पिलर खड़े हो पाए हैं। अब इन पर ढांचा रखने के लिए इंजीनियरिंग विभाग की टीम काम कर रही है। 170 मीटर लंबे व तीन मीटर चौड़े इस पुल के निर्माण पर 7.10 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। रेलवे ने पुल निर्माण का जिम्मा लखनऊ वर्कशॉप को सौंपा था। महाकुंभ के कई कामों के चलते कपूर कंपनी पुल के निर्माण में देरी हो गई। अब लखनऊ स्थित वर्कशॉप में काम लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही पुल के हिस्से-पुर्जे मुरादाबाद यार्ड में पहुंचने शुरू हो जाएंगे ।इन्हें स्थापित करने में रेलवे को पूरा एक महीना लगेगा। यार्ड की रेल लाइनों के ऊपर काफी काम छोटे-छोटे ब्लॉक से हो जाएगा। मेन लाइन पर काम करने के लिए रेलवे को मेगा ब्लॉक लेना होगा। दो से तीन दिन तक सात-आठ घंटे के ब्लॉक रेलवे को लेने होंगे। तब जाकर पुल स्थापित हो सकेगा। इसके लिए मंडलीय अधिकारियों ने तैयारी कर ली है।

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई शुरू, डीआईजी ने किया शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** खेल निदेशालय की ओर से सोनकपुर स्टेडियम में ओपन स्टेट बैडमिंटन (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता का आगाज हुआ। मुख्य अतिथि डीआईजी मुनिराज जी और भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में लीग मैच खेले गए। पहले दिन स्थानीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

मुरादाबाद के विशाल चंदेल ने सहारनपुर के अंश हांडा को, अक्षित गुप्ता ने बरेली के प्रणव सेन को, अंश गौर ने अलीगढ़ के दिव्यांशु पांडेय को, भास्कर ने बरेली के आदित्य सिंह को, विशाल चंदेल ने आगरा के अंकुर प्रताप सिंह को, अक्षित गुप्ता ने मेरठ के माज को, अंश गौर ने - सहारनपुर के अनिरुद्ध को, माही - गुंबर ने बिजनौर की आयुषी को, - सिमरन चौधरी ने सहारनपुर की देविका को, अमरीन बानो ने बरेली की रीत सिंह को हराया। वहीं डबल्स - में अक्षित गुप्ता-अंश गौर, देवेश अग्रवाल-विशाल चंदेल, अमरीन बानो-सिमरन चौधरी की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।



अलीगढ़ की चेतना ने मेरठ की शगुन को, सहारनपुर की देविका ने मेरठ की उपासना को, बिजनौर की आरोही ने एटा की स्वर्णा पचौरी को, मेरठ की तान्या ने मुरादाबाद की गार्गी यादव को, अलीगढ़ की प्राची चौधरी ने गाजियाबाद की तान्या को, हराया'प्रतियोगिता के डबल्स वर्ग में बरेली के अंश वर्मा और प्रणव सेन, अलीगढ़ के अक्षित चौहान और आर्यन खान, आगरा के रॉबिन सिंह और युव, अलीगढ़ के अभिषेक कुमार और शिवम यादव, मेरठ के आकाश चौधरी और शोभित, आगरा के अंकुर प्रताप सिंह और मानव, अलीगढ़ की प्राची चौधरी और शोभा, बिजनौर की आरवी और इशिका, आजमगढ़ की माया कुमारी और रिशिका यादव, अलीगढ़ की दिव्या और प्रियांशी यादव, बरेली की नंदिता और रीत सिंह, सहारनपुर की प्रगति और राधिका ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कियाइस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेंद्र यादव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक, आसिफ सिद्दीकी, नेहा सिंह, धीरज, गोविंद यादव, प्रदीप कुमार सक्सेना, अंकित अग्रवाल, नरेश सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी ( एम.के. भारती सैफी ) ।** क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में बूथ संख्या 378 पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित किए जिसमें मंडल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय जनसंघ के सदस्य तथा एकात्म मानववाद दर्शन के प्रेरणा स्रोत और अंत्योदय का मार्ग प्रशस्त करने वाले महान चिंतक रहे उन्होंने अपना सारा जीवन देश सेवा को समर्पित किया कार्यक्रम में मडंल जिला मत्री अल्पसंख्यक मोर्चा नक्से अली,उपाध्यक्ष हाजी मजलूम पाशा, मंडल कोषाध्यक्ष डा मुकीम पाशा,सतीश ठाकुर, राजू ठाकुर ,राजेश ठाकुर, किरनपाल सिंह ,सुभाष सिंह ,खेम पाल सिंह, नरेश सिंह ,भगवान दास, लव ठाकुर, रानू सिंह ,मनोज कुमार, राजकुमार सिंह , रामौतार सिंह, टीकमसिंह, नीतू सिंह,सुनील कुमार, पप्पू सिंह, सुभाष सिंह, जितेंद्र कुमार,हुकम सिंह पाल, जोगेंद्र सिंह, राकेश,मोनू,विवेक पाल आदि उपस्थित रहे उधर कुंदरकी नगर में भाजपा कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित किए जिसमे मडंल अध्यक्ष सजय कश्यप, मडंल महामंत्री संजय दिवाकर, शक्तिकेंद्र संयोजक पंकज शर्मा, नरेंद्र चौधरी डा असलम, जगदीश सिंह आदि उपस्थित रहे।



# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अब "ब्रॉडबैंड एवं इंटरनेट की होगी सुविधा"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की छात्राएं भी अब आधुनिक रोबोटिक्स, थ्रीडी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आदि का प्रैक्टिकल ज्ञान लेंगी। इसके लिए पहले चरण में 171 कस्तूरबा विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना की जाएगी। वहीं सभी केजीबीवी में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की भी सुविधा दी जाएगी। प्रदेश में बेसिक-माध्यमिक विद्यालयों के साथ-साथ केजीबीवी को भी आधुनिक संसाधनों व सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है। इसके तहत वहां पर अन्य सुविधाओं के साथ-साथ अब अटल टिंकरिंग लैब भी स्थापित की जाएगी। समग्र शिक्षा में पहले चरण में 171 कस्तूरबा विद्यालयों के लिए 17 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे कक्षा नौ से 12वीं तक की छात्राएं आधुनिक माध्यमों से पठन-पाठन व प्रशिक्षण लेंगी। हाल ही में केंद्रीय बजट में पांच साल में सरकारी स्कूलों में 50 हजार अटल टिंकरिंग लैब स्थापित करने की भी घोषणा की गई है। इसमें भी प्रदेश के बचे हुए कस्तूरबा विद्यालयों को शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। समग्र शिक्षा के उप निदेशक डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि इसके साथ ही सभी 746 केजीबीवी में ब्रॉडबैंड व इंटरनेट सुविधा भी दी जाएगी।




# अल्शिफा नर्सिंग होम संचालिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** नगर में स्थित अल्शिफा नर्सिंग होम हुई जच्चा बच्चा की मौत के मामले कुंदरकी चिकित्सा प्रभारी के तहरीर पर अस्पताल संचालक डॉ रेहाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि कुंदरकी नगर के बरेली वाली गली में स्थित नर्सिंग होम से एक गंभीर मामला सामने आया है।

जहां पर एक जच्चा बच्चा की मौत होने से परिवार के लोगो ने जमकर हंगामा किया है ।इस मामले में मृतक के पति ने पुलिस के शिकायत पत्र में बताया कि उसकी पत्नी के 8 फरवरी को आचानक तबीयत खराब हो गई। राहुल अपनी पत्नी को लेकर नगर के अल्शिफा नर्सिंग में ले गया था जहां पर डॉक्टर रेहाना के यहां भर्ती करा दिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई ।इस दौरान डॉक्टर ने उसका कुछ समय बाद डिलेवरी कर दी जिससे उसके नवजात शुशु की मौत हो गई ।वही महिला को ब्लेडिंग होना शुरू हो गया ।जब राहुल ने इसकी शिकायत की ओर तबियत बिड़गने पर मुरादाबाद ले जाने की बात कही तो डॉक्टर ने मना कर घर ले जाने को कह दिया ।राहुल अपनी पत्नी को लेकर घर चला गया ।सोमवार की सुबह महिला की मौत हो गई ।महिला की मौत से परिवार वालो ने अस्पताल आकर जमकर हंगमा किया ।महिला की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है ।सूचना पर पुलिस भी गांव पहुँच गई। वही मृतक महिला के पति ने घटना की शिकायत पुलिस से कर कार्यवाही की मांग की है ।अब इस मामले में कुंदरकी चिकित्सा प्रभारी शौरभ बतरिया की शिकायत पर अल्शिफा नर्सिंग होम की संचालक रेहाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# हादसे में भट्ठा मजदूर दीपू की हुई दर्दनाक मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** छजलैट थाना क्षेत्र के कोकरपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर महलकपुर निवासी दीपू(28) की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब मजदूर ईंट उतारकर भट्ठे पर वापस लौट रहा था ।परिजनों ने हंगामा करते हुए भट्ठा मालिक से मुआवजे की मांग की।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव महलकपुर निजामपुर निवासी दीपू गांव के नजदीक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। परिवार में पत्नी कुसुम और दो बेटियां हैं। दीपू के परिजनों ने बताया कि दीपू अन्य मजदूरों के साथ शेरुवा धर्मपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली से ईंट उतारने गया था ।वापस लौटते समय छजलैट के कोकरपुर में चालक दीपचंद ने ब्रेक लगाए तो पास में ही ट्रैक्टर पर बैठा दीपू नीचे आ गिरा। पहले ट्रैक्टर और फिर ट्रॉली का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया।

साथी मजदूर घायल दीपू को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। साथी शव लेकर गांव पहुंचे तो हंगामा हो गया। सूचना पर अगवानपुर चौकी और छजलैट पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जयंती

रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई

# संत रविदास जी के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खद्दर (कम्पोजिट ) में आज सन्त रविदास जयन्ती धूमधाम से मनाई गई ' विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं छात्र/ छात्राओ ने गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

प्रभारी प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र कुमार विश्नोई ने सन्त रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा इस महान सन्त ने जाति और धर्म का भेद मिटाने का संदेश दिया। संत रविदास जी के अनुसार जव कोई जन्म लेता है तब उसकी कोई जाति नहीं होती है उनकी कल्पना एक ऐसे समाज की थी जिसमें लोभ, लालच' दुख. दरिद्रता और भेदभाव का दूर दूर तक कोई वास्ता न हो । इस अवसर पर पुनीत कुमार बिश्नोई, अरुण कुमार, शिवानी बशिष्ठ, बबीता ,






# वरिष्ठ समाजसेवी आनंद शंकर सक्सेना का निधन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के. भारती सैफी) ।** कायस्थ समाज के प्रतिष्ठित और वरिष्ठ समाजसेवी आनंद शंकर सक्सेना रि. भूलेख निरीक्षक लगभग 90 वर्ष की आयु में सबके बीच से विदा हो गये ।उनके बड़े पुत्र दीपक सक्सेना जो कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय महामंत्री व भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा में ज़िला कार्यकारिणी सदस्य ने बताया कि उनके निधन से समाज में गहरा शोक व्याप्त है उनका जीवन समाज सेवा, नैतिकता और परिवारिक मूल्यों का प्रतीक था। उनका योगदान न केवल कायस्थ समाज, बल्कि समग्र समाज के लिए अविस्मरणीय रहेगा। वे एक संवेदनशील और प्रेरणादायक व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में समाज के लिए निरंतर सेवा की उनकी भूमिका विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अतुलनीय रही। वे हमेशा अपने जीवन के अनुभवों से दूसरों को मार्गदर्शन देने में विश्वास रखते थे ।कायस्थ समाज उनके योगदान और समर्पण को हमेशा याद करेगा। हम सबको उनके जीवन से बहुत कुछ सिखने को मिला और उनकी यादें हमारे दिलों में हमेशा रहेंगी।



# शिवांगी वर्मा ने बताया, बैडएस रवि कुमार में कैमियो के लिए क्यों हुईं तैयार



हिमेश रेशमिया स्टारर हालिया रिलीज फिल्म बैडएस रवि कुमार में अभिनेत्री शिवांगी वर्मा ने कैमियो भूमिका निभाई है। फिल्म में वर्मा, प्रभु देवा की प्रेमिका की भूमिका में नजर आई हैं। उन्होंने बताया कि इस रोल के लिए उन्होंने हामी क्यों भरी।

अभिनेत्री ने उन कारणों का खुलासा किया, जिनकी वजह से उन्हें यह भूमिका निभाने का मौका मिला। फिल्म में प्रभु देवा के साथ कैमियो रोल में नजर आईं शिवांगी ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की। हालांकि, उनकी भूमिका छोटी है, लेकिन वह प्रभु के साथ काम करने के अवसर और अनुभव को महत्वपूर्ण मानती हैं। वर्मा ने बताया, मैंने फिल्म में प्रभु देवा के साथ उनकी प्रेमिका की भूमिका निभाई है। यह एक छोटी सी भूमिका है, लेकिन मैंने इसके लिए हां कहा, क्योंकि यह हिमेश रेशमिया का प्रोजेक्ट था। मैं उनके साथ दूसरी बार काम कर रही हूं। फिल्म रिलीज हो चुकी है और दर्शकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया सामने आई। मैं हिमेश रेशमिया की हमेशा से फैन रही हूं और उनके साथ यह मेरा दूसरा प्रोजेक्ट है, जो इसे और भी खास बनाता है। हर प्रोजेक्ट में वह जिस एनर्जी, विजन और जुनून के साथ काम करते हैं, वह बेमिसाल है। अभिनेत्री ने आगे कहा, यह फिल्म मेरे दिल के करीब है क्योंकि मैंने हिमेश के साथ साल 2007 में आई फिल्म आपका सुरूर में 'तेरे प्यार मेंइ गाना गाया था। यह गाना बैडएस रवि कुमार में भी है! बस अंतर इतना है कि इस बार वह इसमें किसी दूसरी हीरोइन के साथ हैं लेकिन गाने का जादू वही है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि बैडएस रवि कुमार फिल्म में वह सब कुछ है, जो आप हिमेश रेशमिया की फिल्म से उम्मीद करते हैं। फिल्म में हाई-एनर्जी, सुपर एंटरटेनिंग, ज्ञान से भरपूर उनका विजन है। फिल्म के माध्यम से उन्होंने दर्शकों को एक ऐसी कहानी दी है, जिसे दर्शक कभी नहीं भूल सकते। शिवांगी ने आगे बताया, शूट के लिए मुंबई से मस्कट तक का मेरा सफर बेहद सहज और आसान रहा। पहले दिन से ही सब कुछ जाना-पहचाना और सहज लगा। मेरा पहला दिन कॉस्ट्यूम ट्रायल था। टीम में पुराने लोगों को देखकर मुझे खुशी हुई। टीम के सदस्य हिमेश रेशमिया मेरे पहले एल्बम में भी थे। जाने-पहचाने चेहरों को देखकर मुझे घर जैसा महसूस हुआ और मैं उसी समय समझ गई थी कि इस प्रोजेक्ट के साथ मुझे खास अनुभव होने वाला है। अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में वर्मा ने बताया, मैं एक फिल्म की शूटिंग कर रही हूं। मेरे साथ फिल्म में अभिनेता गोविंद नामदेव सर हैं और मैं अपना तीसरा शेड्यूल पूरा करने वाली हूं। उम्मीद है कि सब कुछ अच्छा होगा।

# दिव्या खोसला ने ग्लैमरस अवतार में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया तापमान

अपनी खूबसूरती से हमेशा फैंस का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर दिव्या खोसला ने अपने ग्लैमरस अवतार से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. हाल ही में दिव्या ने अपनी नई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं, जिसमें वह सिल्वर कलर की बॉडी-हगिंग ड्रेस में बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में दिव्या का ग्लैमरस अंदाज उनके फैंस को दीवाना बना रहा है. एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा, शिम्मर एंड शाइन फॉर आयकॉनिक गोल्ड अवाड्र्स. बेस्ट एक्ट्रेस क्रिटिक्स अवार्ड के लिए धन्यवाद। दिव्या ने अपनी ड्रेस



को काइकोडएचसी से स्टाइल किया है और उनके लुक को सुकृतिग्रोवर ने तैयार किया है. उनका मेकअप और हेयरस्टाइल भी पूरी तरह से उनके लुक को कॉम्प्लिमेंट कर रहा है.

ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि दिव्या खोसला कुमार खूबसूरती और बोल्डनेस का कॉकटेल हैं। बता दें कि फिल्मों की तरह असल जिंदगी में दिव्या खोसला कुमार काफी खूबसूरत दिखती हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें भी पोस्ट करती हैं। फैंस ने कमेंट सेक्शन में जमकर तारीफ की है. कोई उनकी खूबसूरती की तारीफ कर रहा है तो कोई उन्हें 'स्टनिंगइ कह रहा है. दिव्या की यह पोस्ट कुछ ही घंटों में लाखों लाइक्स और हजारों कमेंट्स बटोर चुकी है।

# अजित कुमार की फिल्म विदामुयार्ची ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा किया पार, नागा चैतन्य की फिल्म थंडेल दे रही कड़ी टक्कर

अजित कुमार की विदामुयार्ची 6 फरवरी को थिएटर में रिलीज हुई जिसने पहले दिन जबरदस्त ओपनिंग करते हुए 26 करोड़ कमाए. लेकिन दूसरे दिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फिसल गई और इसने 60त्न की गिरावट दर्ज करते हुए 10.25 करोड़ की कमाई की. अब तीसरे दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतर प्रदर्शन किया है. वहीं 7 फरवरी को रिलीज हुई नागा चैतन्य और सांई पल्लवी की थंडेल अजित कुमार की फिल्म को कड़ी टक्कर दे रही है. आइए जानते हैं दोनों फिल्मों की कमाई.

विदामुयार्ची ने वर्ल्डवाइड जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है. ये आंकड़े अजित की इंटरनेशनल फैन फॉलोइंग के बारे में बहुत कुछ कहते हैं. दुनिया भर में कमाए गए 100 करोड़ रुपये में से एक बड़ा हिस्सा नॉर्थ अमेरिका से है. वहीं घरेलू प्रदर्शन की बात करें तो 26 करोड़ के साथ शानदार कलेक्शन करने के बाद विदामुयार्ची न दूसरे दिन 10.25 करोड़ का कलेक्शन किया. जो कि फिल्म के लिए बड़ी गिरावट थी लेकिन अब तीसरा दिन फिल्म की कमाई ट्रैक पर आ रही है और अब तक फिल्म ने 12 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. इसी के साथ फिल्म की अब तक की टोटल कमाई 47.75 करोड़ हो गई है. वीकेंड खत्म होने तक विदामुयार्ची 50 करोड़ का आंकड़ा पार करने में सफल होगी.





नागा चैतन्य और साई पल्लवी की थंडेल 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और आते ही इसने विदामुयार्ची को कड़ी टक्कर दी है. पहले ही दिन थंडेल ने बॉक्स ऑफिस पर 11.5 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म ने तेलुगु में 11.3 करोड़, हिंदी में 0.12 करोड़ और तमिल में 0.08 करोड़ का कलेक्शन किया वहीं दूसरे दिन फिल्म की कमाई 10.75 करोड़ हुई. इस तरह थंडेल की दो दिनों की टोटल कमाई 22.25 करोड़ हो गई है. विदयामुयार्ची ने पहले दिन जबरदस्त ओपनिंग की लेकिन नागा की फिल्म रिलीज होने के बाद दूसरे दिन अजित कुमार की फिल्म ने 60 प्रतिशत गिरावट दर्ज की।

# बैडएस रविकुमार की दूसरे ही दिन घटी कमाई, लवयापा को भी नहीं मिल रहे दर्शक

२बीते शुक्रवार यानी 7 फरवरी को बैडएस रविकुमार और लवयापा जैसी 2 फिल्में सिनेमाघरों में एकसाथ रिलीज हुईं। पहली फिल्म है हिमेश रेशमिया की और दूसरी है स्टार किड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की। हालांकि, हिमेश की फिल्म की काफी चर्चा हो रही है, वहीं कमाई के मामले में भी यह लवयापा से आगे चल रही है।

फिल्मों के दूसरे दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। बैडएस रविकुमार ने 2.75 करोड़ रुपये के कलेक्शन के साथ शुरूआत की थी। यह एक संतोषजनक शुरूआत फिल्म के लिए थी। हालांकि, दूसरे दिन इसकी कमाई घट गई। सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म ने दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस से 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जो पहले दिन के मुकाबले कम है, जबकि उम्मीद थी कि शनिवार को फिल्म कीकमई में इजाफा होगा। इसी के साथ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर यह अब तक 4.75 करोड़ रुपये जुटा पाई है।



अद्वैत चंदन के निर्देशन में बनी फिल्म लवयापा से आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी-बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर ने बड़े पर्दे पर कदम रखा है, लेकिन इसकी कमाई बेहद निराशानाजनक है। करीब 50 करोड़ रुपये लागत में बनी फिल्म ने पहले दिन 1.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, वहीं, दूसरे दिन इकी कमाई में बहुत मामूली इजाफा हुआ। फिल्म ने 1.50 करोड़ रुपये कमाए।। यह 2 दिन में बस 2.65 करोड़ रुपये ही कमा पाई है।बैडएस रविकुमार की बात करें तो इसकी कहानी एक पुलिसवाले की है, जो कानून के दायरे से अलग होकर काम करता है। देश से जुड़े रहस्यों की रक्षा करने के लिए वो एक मिशन पर है।इस फिल्म में प्रभु देवा, कीर्ति कुल्हारी, संजय मिश्रा, जॉनी लीवर जैसे कलाकार भी हैं। फिल्म में जबरदस्त एक्शन है। इसके ट्रेलर रिलीज के साथ ही इसकी काफी चर्चा होने लगी थी। हिमेश के प्रशंसकों को उनकी डायलॉबाजी भी खूब भा रही है।लवयापा तमिल रोमांटिक कॉमेडी लव टुडे का रीमेक है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था।इस फिल्म की कहानी में दिखाया गया है कि खुशी और जुनैद की शादी से पहले 24 घंटे के लिए उनके फोन आपस में बदले जाते हैं। इसमें कॉमेडी के साथ रोमांस का भी भरपूर तड़का लगा है।खुशी और जुनैद के अलावा इस फिल्म में ग्रुशा कपूर, आशुतोष राणा और किकू शारदा जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं।

इसके अलावा फिल्म स्काई फोर्स भी सिनेमाघरों में है। पहले दिन से ही अच्छी शुरूआत करने वाली यह फिल्म 15 दिन बाद भी दर्शक बटोरने में कामयाब है। शनिवार को इस फिल्म ने 1.5 करोड़ का कारोबार किया। इसका टोटल कलेक्शन 127 करोड़ रुपये के आसपास हो गया है।शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म देवा भी सिनेमाघरों में लगी हुई है, लेकिन इसका जादू चल नहीं पाया है। नौ दिनों में यह फिल्म 50 करोड़ रुपये भी नहीं कमा पाई है। नौवें दिन फिल्म ने 1.20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म का टोटल कलेक्शन 30.40 करोड़ रुपये हो गया है।

# सिजेरियन डिलीवरी के साइड इफेक्ट क्या हैं? स्टडी में खुलासा सी-सेक्शन मां और बच्चे दोनों के लिए खतरनाक

आजकल किसी से भी पूछो अधिकांश गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी नॉर्मल की बजाय सी-सेक्शन से कराई जा रही है. एक स्टडी के अनुसार भारत में 29 फीसदी से ज्यादा डिलीवरी सिजेरियन हो रहीं हैं, जिनका सामान्य प्रसव किया जा सकता था. वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी भारत में इसकी संख्या को घटाने की सिफारिश की है। पीयर-रिव्यू जर्नल प्रेग्नेंसी एंड



चाइल्डबर्थ में पब्लिश एक स्टडी रिपोर्ट के अनुसार सिजेरियन के कई साइड इफेक्ट हैं। सिजेरियन यानी सी-सेक्शन डिलीवरी मां और बच्चे दोनों के लिए ही खतरनाक है। वहीं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास की एक स्टडी में ये खुलासा हुआ है। जिसमें बताया गया है कि पिछले 5 से 8 साल में देश में सिजेरियन की मदद से बच्चों के जन्म होने के मामले काफी ज्यादा बढ़े हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से।

**भारत में कितनी बढ़ी सिजेरियन डिलीवरी**

स्टडी के अनुसार भारत में 2016 से 2021 तक सिजेरियन सेक्शन से डिलीवरी में इजाफा हुआ है। इसकी संख्या पहले 17.2 परसेंट थी, जोकि बढ़कर 21.5त्न तक पहुंच गई है। स्टडी में पाया गया कि प्रेग्नेंसी में ज्यादा वजन और अधिक उम्र (35-49 साल) की महिलाओं में सिजेरियन डिलीवरी होने की संख्या दोगुनी थी।

**सिजेरियन के साइड इफेक्ट**

**संक्रमण का खतरा**

सिजेरियन डिलीवरी के दौरान महिलाओं के पेट में गहरा कट लगता है. इसकी रिकवरी के लिए डॉक्टर कई दवाइयां देते हैं. लेकिन अगर आपने घाव को लेकर जरा भी लापरवाही बरती तो घाव में संक्रमण का खतरा रहता है. संक्रमण होने पर घाव में सूजन, रेडनेस और इचिंग जैसे लक्षण नजर आते हैं।

**ब्लैडर में नुकसान**

सिजेरियन डिलीवरी के बाद ब्लैडर में नुकसान होने का खतरा रहता है. किडनी में भी नुकसान हो सकता है. इससे रिकवरी के लिए महिला को एक और सर्जरी से गुजरना पड़ सकता है, हालांकि, इसके मामले कम ही देखने को मिलते हैं।

**गर्भाशय की लाइनिंग में संक्रमण**

सिजेरियन डिलीवरी के बाद गर्भाशय की लाइनिंग में इंफेक्शन का डर रहता है. इसके लक्षणों की बात करें तो बुखार, पेट में दर्द और असामान्य वजाइनल डिस्चार्ज हो सकता है. यही नहीं, सिजेरियन डिलीवरी के बाद कुछ महिलाओं को अगर वूम्बर लाइनिंग इंफेक्शन हो जाए, तो हैवी ब्लीडिंग की समस्या भी हो सकती है।

**गर्भाशय में सूजन**

यूं तो डिलवरी के बाद महिलाओं के गर्भाशय में सूजन रहती है, जो करीब 6 सप्ताह बाद सामान्य अवस्था में लौट आती है. लेकिन सही नहीं होने पर कंडीशन के बिगड़ने का रिस्क रहता है।

# केमिकल फ्री हर्बल डिओड्रेंट घर पर कैसे बनाएं? यहां जानिए पैसे बचाने का अनोखा तरीका

मौसम करवट बदलने लगा है. दिन में तेज धूप और रात में ठंड हो रही है.दिन में बाहर निकलने पर अब थोड़ा पसीना आने लगा है. बाहर के तापमान से शरीर का तापमान बैलेंस करने के लिए शरीर पसीना बनाता है. पसीना आने के साथ इसकी बदबू की समस्या भी गर्मियों में ज्यादा देखने को मिलती है. ऐसे में बदबू से बचने के लिए लोग डिओड्रेंट का इस्तेमाल करते हैं. यूं तो बाजार में कई सारे डिओड्रेंट के ऑप्शन मौजूद हैं. लेकिन इन सभी में केमिकल होते हैं. अगर आप अपने पैसे बचाना चाहते हैं और केमिकल-फ्री प्रोडक्ट यूज करना चाहते हैं तो आप घर पर ही हर्बल डिओड्रेंट बना सकते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

खीरा और पुदीना से तैयार करें डिओड्रेंट

यह डिओड्रेंट स्प्रे स्किन को रिफ्रेशिंग और कूलिंग इफेक्ट देता है. खीरे से स्किन को ठंडक मिलती है, वहीं पुदीना एक रिफ्रेशिंग अहसास करवाता है. विच हेजल से पसीने को कम करने में नेचुरली मदद मिलती है.

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत


आधा कप खीरे का रस

एक चौथाई कप विच हेजल

5-6 बूंदें पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल

5-6 बूंदें नींबू एसेंशियल ऑयल

खीरा और पुदीना का डिओड्रेंट कैसे बनाएं?



सभी सामग्री को एक स्प्रे बोतल में मिला लें.

आपका डिओड्रेंट स्प्रे बनकर तैयार है.

इस्तेमाल करने से पहले अच्छी तरह हिलाएं.

नीम और चंदन पाउडर से बनाएं डिओड्रेंट

आप नीम और चंदन पाउडर की मदद से डिओड्रेंट बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं. जहां नीम बैक्टीरिया से लड़ने के साथ-साथ बदबू को रोकता है. वहीं, चंदन की खुशबू से आप पूरा दिन महकते हैं.

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

2 चम्मच नीम पाउडर

2 चम्मच चंदन पाउडर

1 चम्मच बेंटोनाइट क्ले

4-5 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल

नीम और चंदन पाउडर का डिओड्रेंट कैसे बनाएं?

सबसे पहले एक बाउल में सभी पाउडर को मिला लें.

अब इसमें एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स करें.

अब आप इसे एक कंटेनर में स्टोर करें.

डिओड्रेंट को पाउडर पफ या उंगलियों की मदद से लगाया जा सकता है.

लैवेंडर और नारियल दूध से बनाएं डिओड्रेंट

नारियल के दूध और लैवेंडर की मदद से डिओड्रेंट बनाना भी एक अच्छा आइडिया है. जहां नारियल का दूध स्किन को नमी देता है, वहीं लैवेंडर की खुशबू काफी अच्छी लगती है.

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

2 बड़े चम्मच नारियल का दूध

2 बड़े चम्मच बेकिंग सोडा

1 बड़ा चम्मच अरारोट पाउडर

5-6 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल

डिओड्रेंट बनाने का तरीका

सबसे पहले नारियल का दूध, बेकिंग सोडा और अरारोट पाउडर को अच्छी तरह मिक्स कर लें, जिससे चिकना पेस्ट बन जाए.


अब इसमें लैवेंडर ऑयल डालकर अच्छी तरह मिक्स करें.

तैयार डिओड्रेंट को स्टोर करें और थोड़ी मात्रा में इस्तेमाल करें।

# सनम तेरी कसम ने रचा इतिहास, 2 दिन में तोड़ डाला अपना 9 साल पुराना रिकॉर्ड

इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में लगी हैं, वहीं कुछ फिल्में ऐसी भी हैं, जिन्हें दोबारा पर्दे पर लाया गया है। इन्हीं में से एक सनम तेरी कसम। खास बात यह है कि जब यह फिल्म रिलीज हुई थी तो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही थी, लेकिन अब जबकि यह दोबार पर्दे पर आई है तो इसने 2 दिन में ही अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ डाला है।

फिल्म शानदार कमाई कर रही है। सनम तेरी कसम 7 फरवरी को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई थी। फिल्म ने दो दिन के अंदर बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है। पहले दिन इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर जहां 5.14 करोड़ रुपये से खाता खोला था, वहीं अब दूसरे दिन भी इसने ताबड़तोड़ कमाई की है।सैकनिल्क के मुताबिक, दूसरे दिन यानी शनिवार को इस फिल्म ने 6.22 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसकी 2 दिन की कमाई 11.36 करोड़ रुपये हो गई है। सनम तेरी कसम ने री-रिलीज के मात्र 2 दिन के अंदर अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। 9 साल पहले इस फिल्म ने लाइफटाइम कलेक्शन 9 करोड़ रुपये किया था और री-रिलीज में इसने 2 दिन में ही 11 करोड़ कमा लिए हैं।बात सिर्फ अपना रिकॉर्ड तोड़ने की नही हैं। सनम तेरी कसम ने बीते शुक्रवार रिलीज हुई खुशी कपूर की लवयापा और हिमेश रेशमिया की बैडएस रविकुमार के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। साल 2016 में जब सनम तेरी कसम फिल्म रिलीज हुई थी तो इसे दर्शकों ने ज्यादा भाव नहीं दिए थे। 5 फरवरी 2016 को रिलीज हुई फिल्म को करीब 18 करोड़ रुपये बजट में बनाया गया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। मूल रिलीज के वक्त इस फिल्म को दर्शकों ने बिल्कुल पसंद नहीं किया था। हालांकि, ओटीटी पर इसे काफी प्यार मिला। फिल्म में सरू और इंदर की लव स्टोरी ने लोगों का दिल छू लिया।



सनम तेरी कसम की कहानी सरु (सरस्वती) की है, जहां उसके पिता उसे घर से बाहर निकल देते है, फिर सरु का दोस्त इन्दर हर मुश्किल में उसके साथ खड़ा रहता है और दोनों धीरे-धीरे एक-दूसरे से प्यार करने लग जाते है, लेकिन किस्मत उनका साथ नहीं देती और दोनों अलग हो जाते हैं।

# नगर आयुक्त का सफल हो रहा है स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड पायलट प्रोजेक्ट, 5000 विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का फाइनल टेस्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** बनेगा ग्रेट गाजियाबाद, विद्यार्थियों के व्यवहार से बदलेगी शहर की सोच- नगर आयुक्त 100 स्कूलों में संपन्न हुआ स्वच्छता का फाइनल टेस्ट, हिंदी तथा इंग्लिश दोनों मीडियम विद्यार्थी कर रहे हैं स्वच्छता की बात स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड जिसकी जानकारी गाजियाबाद के हर जनपद वासी को है स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड बुक का विमोचन उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह द्वारा किया गया इसके बाद गाजियाबाद में स्वच्छता की पाठशाला को लेकर और अधिक मजबूती से गाजियाबाद नगर निगम कार्य कर रहा है, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गाजियाबाद की 100 स्कूलों में स्वच्छता का पाठ पढ़ाया जा रहा है ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हो, या कचरा पृथक्करण सभी विषयों पर गहनता से विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं जिसका फाइनल टेस्ट आज संपन्न हुआ है शिक्षा विभाग का विशेष सहयोग मिला है जो की सराहनीय हैल अपर नगर आयुक्त अवनींद्र द्वारा बताया गया गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहा है इसी क्रम में नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में विद्यार्थियों को भी स्वच्छता से जोड़ा गया है जब विद्यार्थी अपने व्यवहार में स्वच्छता को लेंगे तो हर शहर वासी स्वच्छता के प्रति जागरूक होगा शहर से गंदगी दूर होगी साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रणाली को हर घर समझेगा गीले कचरे से खाद बनाना, तथा रीयूज, रीसायकल, रिड्यूस को भी विद्यार्थी अपना रहे हैं अपने-अपने घरों में अनुपयोगी वस्तुओं को कचरे में ना फेंक कर ट्रिपल आर मुहिम को अपना रहे हैं, 28 जनवरी को प्रीटेस्ट सभी चिन्हित 100 स्कूलों में कराया गया, 29 तारीख को सभी संबंधित स्कूलों की अध्यापिकाओं की ट्रेनिंग हिंदी भवन में हुई जिसके क्रम में 31 जनवरी को ऑनलाइन ट्रेनिंग भी दी गई जिसके बाद स्वच्छता की पाठशाला चिन्हित स्कूलों में प्रारंभ कराई गई





जो की गाजियाबाद नगर निगम का पायलट प्रोजेक्ट है जिसको सफलता अवश्य मिलेगी बेहतर कार्य कुशल नेतृत्व में कराए जा रहे हैं छठी सातवीं तथा आठवीं कक्षा कि विद्यार्थियों ने एक ही समय पर अपराहन साडे 12 से 1:30 बजे के बीच फाइनल एग्जाम स्वच्छता का दिया, स्वच्छता की पढ़ाई में रुचि भी दिखाई दी' 50 सरकारी तथा 50 प्राइवेट स्कूलों में एग्जाम हुआ जिसमें हिंदी तथा इंग्लिश दोनों मीडियम में स्वच्छता की पढ़ाई विद्यार्थियों को कराई जा रही हैल महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक शहर हित में निरंतर विकास कार्यों के साथ-साथ जन-जन को जागरूक करने का कार्य भी कर रहे हैं, विद्यार्थियों का स्वच्छता की पढ़ाई को करना एक अभियान के रूप में है जिसकी शुरूआत नगर आयुक्त द्वारा की गई है गाजियाबाद के अलावा अन्य जनपद भी इसको अपनाएंगे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गाजियाबाद नगर निगम का स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड अभियान सफल होता दिखाई दे रहा है अभिभावक भी विद्यार्थियों की इस पढ़ाई से उत्साहित दिखाई दे रहे हैं गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शुरू कर गए अभियान में अपने आसपास सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहयोग कर रहे हैं जो की प्रशंसनीय हैं।



**दिल्ली।** दिल्ली में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भेंट कर उनसे बीते दिनों अपने संसदीय क्षेत्र गाजियाबाद के अंतर्गत विजयनगर में अतिक्रमण मुक्त कराई सेना की जमीन पर रेलवे की बहुमंजिला पार्किंग और पार्क बनाने की मांग की इस बहुमंजिला पार्किंग के निर्माण से स्टेशन आने जाने वाले यात्रियों को गाड़ी पार्क करने की सुविधा मिल सकेगी और स्टेशन के आसपास के क्षेत्र को भी जाम से मुक्ति मिलेगीं। इस पत्र का संज्ञान लेते हुए मा. रेल मंत्री जी द्वारा विभाग के अफसर को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए ।

# मदरसा अंजुमन इस्लामिया ने मृतक के परिवार को मुआवजा व मुस्लिम वार्डों की समस्या को लेकर जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बारां राजस्थान ।** तालाब की पाल पर अधूरे कार्य निर्माण को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए मदरसा अंजुमन के नायाब सदर जाकिर मंसूरी के नेतृत्व में मंगलवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप अवगत करवाया गया कि पाल पर रेलिंग ,लाइटिंग आदि का कार्य अधूरा होने की वजह से आए दिन हादसे होते रहते, गोरतलब है कि 7 फरवरी को श्रमिक कोलोनी निवासी इमदाद अली की तालाब की पाल पर रेलिंग ना होने की वजह से उनकी नीचे गिरने से मृत्यु हो गई थी ,जिसे लेकर जिला कलेक्टर से मृतक के परिवार को जल्द से जल्द उचित मुवावजे की माँग के साथ तालाब की पाल पर रेलिंग आदि का कार्य करवाने के लिए आग्रह किया गया ताकि अन्य हादसे होने से बचा जा सके ,साथ ही बाबा फूलपीर सहाब दरगाह से लेकर सेठ मोतीलाल सर्राफ स्कूल तक सड़क निर्माण कार्य वा सभी मुस्लिम वार्डो की समस्या को लेकर भी जिला कलेक्टर को अवगत करवाया गया ,इस दोरान पार्षद शरीफ रंगरेज ,पार्षद परवेज खान ,मोलाना आजाद मानव सेवा संस्था के अध्यक्ष शेख बहादुर अली ,मदरसा बोर्ड के वॉइस चेयरमैन शाहिद इकबाल भाटी ,अल्पसंख्यक विभाग के निवर्तमान प्रदेश सचिव रईस फेजी ,साजिद अहमद आदि सदस्य मौजूद रहे ।

# महाकुंभ हादसे से सरकार को लेना चाहिए सबक, सुरक्षा व्यवस्था बड़ी जिम्मेदारी : विक्रमादित्य सिंह



**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने महाकुंभ को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से वहां गया था ,तब स्थिति सामान्य थी। लेकिन जिस तरह की खबरें सामने आ रही हैं, वो ठीक नहीं हैं।

बीते कुछ दिनों से जो जानकारी सामने आ रही है, वो काफी भयावह है। वहां पर काफी हड़कंप की खबरें सामने आ रही हैं। वहीं ट्रैफिक में भी समस्या हो रही है, ऐसे में मेरा यही कहना है कि प्रदेश सरकार को बड़ा कदम उठाना चाहिए। पूरे देश और विश्व से लोग आ रहे हैं और स्थिति को सामान्य बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि पहले भी शुरूआती दिनों में कई लोगों की दुखद मृत्यु हुई है, इससे सबक लेना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि पुख्ता इंतजाम के साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट किया जाना चाहिए। साथ ही स्थिति को सामान्य बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि लाखों की संख्या में लोग वहां स्नान करने के लिए पहुंच रहे हैं। 26 फरवरी तक महास्नान होना है, ऐसे में सरकार को देखना चाहिए कि कोई अप्रिय अनहोनी न हो। हिमाचल प्रदेश के भी काफी लोग महाकुंभ जा रहे हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षित वापसी हम सब की जिम्मेदारी है।

मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दिल्ली में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए भाजपा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी खुद को मजबूत करेगी और एक ताकत बनकर उभरेगी। वहीं, हिमाचल प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश की राजधानी में शानदार जीत हासिल की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बधाई दी और दिल्ली के लोगों का उनके समर्थन के लिए आभार किया।

# सैफपुर फिरोजपुर में मुख्य मार्ग पर जलभराव से विकास के दावे फेल, बच्चे और ग्रामीण परेशान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहसूमा।** जनपद मेरठ के हस्तिनापुर ब्लॉक के गांव सैफपुर फिरोजपुर गांव में विकास के दावे धरातल पर फेल होते नजर आ रहे हैं गांव के मुख्य मार्ग पर पिछले लंबे समय से जल भराव की समस्या बनी हुई है जिसमें न केवल ग्रामीणों को परेशानी हो रही है बल्कि स्कूल में पढ़ने वाले मासूम बच्चे की प्रभावित हो रहे हैं मुख्य रास्ते पर जल भराव के कारण बच्चों को स्कूल आने जाने में कठिनाइयां हो रही है। कीचड़ और गंदे पानी से गुजरते हुए बच्चे ने केवल अपने कपड़े और जूते खराब कर लेते हैं बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है।

**ग्राम प्रधान और अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान**

गांव के लोगों ने कई बार ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की लेकिन ग्राम प्रधान सहित संबंधित अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसके चलते ग्राम प्रधान का संबंधित अधिकारियों के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है उनका कहना है की शिकायत करने बावजूद भी अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान और प्रशासनिक अधिकारी केवल आश्वासन देकर मामले को टाल रहे हैं।

**ग्रामीणों की मांग जल्द हो समाधान**

गांव के ग्रामीण प्रमोद, राजकुमार, विनोद,कवर पाल सिंह आदि ने कहा कि अगर जल्द ही जल भराव की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।



ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द उचित समस्या कर बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित होने से बचाया जाए

**क्या कहते हैं अधिकारी**

जब इस विषय में ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान से संपर्क किया गया था उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही जल निकासी की व्यवस्था की जाएगी हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि वह पहले भी कई बार ऐसे आश्वासन सुन चुके हैं जबकि ग्राम प्रधान अपनी राजनीतिक ट्रैप के कारण गांव में विकास कार्य करने से बच रहे हैं जिसके चलते जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है ।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस समस्या को कब तक गंभीरता से लेता है और गांव सैफपुर फिरोजपुर के बच्चों को कब तक तालाब में तब्दील हुए मुख्य रास्ते को जल भराव मुक्त करते हुए ग्रामीण बच्चों को राहत मिलेगी।

# पूर्व विधायक संजीव राजा की मनाई द्वितीय पुण्यतिथि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** पूर्व विधायक स्वर्गीय संजीव राजा जी की द्वितीय पुण्यतिथि जिला मलखान सिंह अस्पताल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आरोग्य कक्ष मैं सुभाष चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उनकी छायाचित्र दीप प्रज्वलित एवं पुष्प श्रीमती मुक्त राजा शहर विधायक ने अर्पित की ये तथा उनको याद किया गया। सत्यदेव शर्मा प्रबंधक एवं सचिव स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार वेलफेयर समिति के तहत उनके जीवन पर प्रकाश डाला तथा कहा स्वर्गीय पूर्व विधायक संजीव राजा जी ने स्वतंत्रता सेनानी वार्ड एवं नीरज पार्क में समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शिलालेख लगाकर ऐतिहासिक कार्य किया है उसे कार्य को हम जीवन भर भी बुला नहीं सकते उन्होंने जीवन भर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों की जन समस्याओं को अपने स्तर से हल कराया है उनकी इस कार्य के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार जीवन भर उनको याद करते रहेंगे। विचार गोष्टीकर की उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सत्यदीप शर्मा पवन सेठ रविंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट कलंकी अजीत किशोर गुप्ता राजेश कुमार शर्मा हरेंद्र सिंह चौहान रमेश सिंह चैहान मनोज बंसल सुभाष चंद्र गुप्ता आदि जनथे।

# उधार के पैसे मांगना युवक को पड़ा भारी महिला ने लिखाया झूठा मुकदमा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** थाना बन्ना देवी क्षेत्र के अंतर्गत उधार के पैसे मांगना एक युवक को भारी पड़ गया कहासुनी होने पर महिला ने युवक के खिलाफ झूठा मुकदमा थाना बना देवी में दर्ज कर दिया है पीड़ित किशोरी लाल निवासी अंबेडकर वाली गली कोठी लंकाराम ने आरोप लगाते हुए बताया पड़ोस की ही रहने वाली एक महिला की भतीजी काफी बीमार थी 35 हजार रुपए मुझे उधार लिए थे पैसा मांगने पर पति-पत्नी टालम टोल कर रहे थे जब मैंने इसका विरोध किया तो दोनों पति-पत्नी ने धमकी दी कि झूठा मुकदमा लिखवा कर जेल भेज देंगे महिला के ससुर अशोक कुमार पुत्र गेंदालाल ने मोहल्ले के लोगों के साथ एसएसपी को एफिडेविट देते हुए बताया कि मेरी पुत्र बहू सही नहीं है आए दिन लोगों पर फर्जी मुकदमे लिखवा कर पैसा एठती रहती है मोहल्ले के काफी लोग पुत्र बहू के आतंक से परेशान हैं थाने में झूठा मुकदमा लिखवा दिया है मोहल्ले के लोगों ने एसएसपी को एफिडेविट पर लिखकर दिया निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके।

# नाबालिग बेटी को लाखों के समान के साथ बहला फुसला कर ले गए, आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि उसकी नाबालिग पुत्री को आरिफ पुत्र अबरार, जिया पुत्री अबरार एवं शकीला पत्नी अबरार निवासी शहजादपुर थाना शेरकोट तहसील धामपुर जिला बिजनौर बहला फुसलाकर ले गये। पुत्री घर से डेढ़ लाख रुपए कैश, 10 चीज सोने की, पांच चीज चांदी की लेकर गई है।




जिसे पीड़िता ने बड़ी बेटी की शादी के लिए घर में रखा हुआ था महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जल निगम के ठेकेदार की घोर लापरवाही: ठोकर खाकर गिर रहे हैं मदरसे के बच्चे और नागरिक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर पंचायत कांठ में जल निगम के ठेकेदार की लापरवाही से लोगों के साथ-साथ मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। नगर के लोगों ने काफी समय से टूटी पड़ी सड़क को ठीक कराए जाने की मांग उठाई है। उल्लेखनीय है कि जल निगम द्वारा नगर में सड़कों को उखाड़ कर पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है पाइपलाइन दबाने के लिए कांठ में मदरसा नासिर उलूम के सामने भी सड़क को उखाडा गया लेकिन पाइपलाइन दाबने के बाद उसको ठीक नहीं किया गया। जिसके चलते लोग महीना भर से सड़क पर ठोकरे खाकर गिर रहे हैं' आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि ठेकेदार ने सड़क खोदकर पाइपलाइन दबाने के बाद इस और मुड़कर नहीं देखा जिससे दिन हो या रात लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी मदरसे में पढ़ने जाने वाले बच्चों को हो रही है' लोगों ने आज इस सड़क को तुरंत ठीक कराए जाने की मांग जिला अधिकारी से की है ।



**जागरूक** | शिविर की सफलता के लिए पशुपालन विभाग की 04 टीमों द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण कर पशुपालकों को किया जा रहा है जागरूक

# मण्डल स्तरीय वृहद पशु आरोग्य शिविर का आयोजन 13 फरवरी को मडराक में

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ (मनोज चौहान)।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 दिवाकर त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि शासन से प्राप्त निदेशों के क्रम में वर्ष 2024-2025 में मण्डल स्तरीय पं0 दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य शिविर का आयोजन 13 फरवरी को विकास खण्ड लोधा के पुरानी नगर पंचायत कार्यालय के सामने पथवारी मडराक में किया जाएगा।उन्होंने बताया कि शिविर के सफल आयोजन के लिए पशुपालन विभाग की 04 टीमों द्वारा क्षेत्र में वाहनों के माध्यम से निकटवर्ती ग्रामों में जाकर शिविर में अपने पशुओं को लाकर पशुपालकों को पम्पलेटों के माध्यम से शिविर में आने तथा शिविर में पशुओं से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या के निदान कराये जाने, पशुओं के पोषण से सम्बन्धित आने वाली समस्याओं का निदान कराने और विभागीय योजनाओं की जानकारी लाभ उठाये जाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।उन्होंने क्षेत्रीय पशुपालकों से अपील की है कि 13 फरवरी को मडराक में होने वाले मण्डल स्तरीय पं0दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य शिविर में अधिक से अधिक पशुपालक अपने पशुओं को लाकर पशुओं से सम्बन्धित समस्याओं का निदान कराये एवं विभागीय योजनाओं का लाभ उठायें।






# भूलभुलैया से मुरादाबाद नगर निगम ने डेढ़ माह में 15 लाख रुपए कमाए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद कंपनी बाग में नगर निगम की ओर से बनाई गई भूलभुलैया तेजी से पर्यटकों और स्थानीय लोगों के बीच लोकप्रिय हो रही है।

25 दिसंबर को भूलभुलैया का उद्घाटन हुआ था और महज 45 दिनों में ही भूलभुलैया ने 15.07 लाख रुपये का राजस्व निगम की झोली में डाल दिया। करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह भूलभुलैया शहरवासियों को खूब भा रही है।

कंपनी बाग में बनी भूलभुलैया बच्चों के साथ ही बड़ों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रही है। यहां हर दिन बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पहुंच रहे हैं और भूलभुलैया के रोमांच का आनंद ले रहे हैं।

अधिकतर लोग पूरे परिवार के साथ भूलभुलैया का आनंद लेने के लिए पहुंचते हैं। खासतौर पर शनिवार और रविवार के दिन बड़ी संख्या में यहां पर्यटक पहुंचते हैं। निगम के अधिकारियों का कहना है कि भूलभुलैया को लेकर लोगों ने अच्छी प्रतिक्रिया दी है। इसी को देखते हुए कंपनी बाग में लोगों के मनोरंजन के लिए और भी निर्माण कराए जा रहे। तीन साल से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों के लिए किराया 50 रुपये निर्धारित है। तीन साल तक के बच्चों के लिए यह मुफ्त है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलंद मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267